खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :37°C
न्यूनतम :24°C

मुरादाबाद, शनिवार 23 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 277 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 5 जिलहिज्जा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिजली संकट से निजात दिलाने के उचित कदम उठाए सरकार: मायावती पेज 2



सीएसके के कप्तान गायकवाड़ पर लगा 24 लाख का जुर्माना खेल टाइम्स



काला सोना या देश का हरा भविष्य? सम्पादकीय



होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान पेज 12

# चंद्रयान-3 का दुनिया में बजा डंका, मिला अमेरिकी प्रतिष्ठित सम्मान

वाशिंगटन, वार्ता



■ अमेरिका ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के अंतरिक्ष विज्ञान के सर्वोच्च प्रतिष्ठित गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवॉर्ड से सम्मानित किया

**भारत के** ऐतिहासिक चंद्र मिशन चंद्रयान को एक और बड़ी अंतर्राष्ट्रीय उपलब्धि हासिल हुई है। अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ एरोनॉटिक्स एंड एस्ट्रोनॉटिक्स (एआईएए) ने चंद्रयान-3 मिशन को वर्ष 2026 के प्रतिष्ठित 'गोडार्ड एस्ट्रोनॉटिक्स अवार्ड' से सम्मानित किया है।

यह सम्मान 21 मई को वाशिंगटन डीसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान दिया गया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रयान-3 ने इतिहास रचते हुए चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफल सॉफ्ट लैंडिंग की थी। भारत ऐसा करने वाला दुनिया का पहला देश बना था। चंद्रमा का दक्षिणी ध्रुव वैज्ञानिक और रणनीतिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण माना जाता है। इस क्षेत्र की सतह पर इससे पहले कोई मिशन नहीं पहुंच पाया था। मिशन ने भविष्य के मानव चंद्र अभियानों के लिए अहम वैज्ञानिक आंकड़े उपलब्ध कराए। साथ ही चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र की मिट्टी में कई महत्वपूर्ण रासायनिक तत्वों की मौजूदगी की पुष्टि की।

वैज्ञानिकों का मानना है कि ये संसाधन भविष्य में चंद्रमा की सतह पर निर्माण और अन्य गतिविधियों के लिए उपयोगी साबित हो सकते हैं। यह पुरस्कार भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की ओर से अमेरिका में भारत के राजदूत विनय क्वात्रा ने एआईएए एएससीइएनडी 2026 सम्मेलन में स्वीकार किया। अपने संबोधन में विनय क्वात्रा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्पेस विजन 2047 का जिक्र किया। उन्होंने भारत की गहरे अंतरिक्ष में खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और तेजी से बढ़ते कमर्शियल स्पेस सेक्टर के रोडमैप को रेखांकित किया।

## आईटीबीपी महिला दल ने एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर कीर्तिमान बनाया

**नई दिल्ली।** आईटीबीपी के महिला दल ने पहली बार एवरेस्ट की चोटी पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया है। यह दल 19 अप्रैल को आईटीबीपी के दिल्ली स्थित मुख्यालय से रवाना हुआ था। इसमें 11 महिला पर्वतारोहियों सहित कुल 14 महिला सदस्य सम्मिलित थे। भारत एवं नेपाल में चरणबद्ध प्रशिक्षण के बाद सभी 11 महिला पर्वतारोहियों ने नेपाल की ओर से 'साउथ कोल रूट' से सफलतापूर्वक एवरेस्ट शिखर की चोटी पर चढ़ाई की। दल ने 21 मई की रात 12:52 मिनट पर चोटी पर भारतीय ध्वज फहराया।

## एवरेस्ट से उतरते समय दो भारतीयों की मौत

■ ज्यादा थकान से सांसें फूल गई थीं

**नई दिल्ली।** माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले 2 भारतीय पर्वतारोहियों की उतरते समय मौत हो गई। यह जानकारी शुक्रवार को नेपाल अभियान संचालक संघ के महासचिव ऋषि भंडारी ने दी।

उन्होंने बताया कि अरुण कुमार तिवारी और संदीप अरे नामक पर्वतारोही एवरेस्ट से उतरते समय बुरी तरह थक गए थे। इससे उनकी सांसें फूल गई थीं। भंडारी ने बताया कि आरे ने बुधवार को, जबकि अरुण तिवारी ने गुरुवार को शाम करीब 5:30 बजे एवरेस्ट को फतह किया था। अरुण तिवारी की मौत हिलेरी स्टेप के पास हुई। वहीं, संदीप अरे को शेरपा रेस्क्यू टीम कैंप-2 तक ले आई थी। कैंप पहुंचने के कुछ देर बाद ही उनकी मौत हो गई। बुधवार को संदीप रे समेत तीन भारतीय पर्वतरोही 8 हजार 848 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचे थे। इसमें अन्य दो पर्वतारोही तुलसी रेड्डी पालपुनूरी और अजय पाल सिंह धालीवाल हैं। अगले दिन, गुरुवार को भारत के अरुण तिवारी और लक्ष्मीकांत मंडल चोटी पर पहुंचे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली के केंद्रीय कार्यालयों में ईद-उल-अज़हा की छुट्टी अब 28 मई को

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार के कार्यालयों में ईद-उल-अजहा (बकरीद) की छुट्टी 28 मई को होगी। केंद्र सरकार की ओर से शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार, पहले छुट्टी की घोषणा 27 मई के लिए की गई थी, लेकिन अब उसे एक दिन आगे बढ़ा कर 28 मई को कर दिया गया है। गौरतलब है कि ईद-उल-अजहा मुसलमानों का एक प्रमुख त्योहार है, जिसे इस्लामी महीने जिलहिज्जा की 10वीं तारीख को मनाया जाता है।

### राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को होंगे

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने 10 राज्यों से राज्यसभा की 24 सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। इन सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल आगामी जून और जुलाई माह में पूरा हो रहा है। इनमें आंध्र प्रदेश, गुजरात और कर्नाटक से चार-चार सीटें, मध्य प्रदेश, राजस्थान से तीन - तीन, झारखंड से दो तथा मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम से एक-एक सीट के लिए चुनाव कराया जाना है। चुनाव आयोग की शुक्रवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन चुनावों के लिए अधिसूचना पहली जून को जारी की जाएगी। नामांकन पत्र 8 जून तक भरे जा सकेंगे और उनकी जांच 9 जून को की जाएगी। नाम वापसी की तिथि 11 जून रखी गई है।

### महाराष्ट्र- तमिलनाडु से 2 रास सीटों के लिए उपचुनाव 18 को

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और तमिलनाडु से राज्यसभा की दो रिक्त सीटों के लिए उप चुनाव 18 जून को कराने की घोषणा की है। ये दोनों रिक्तियां क्रमश: श्रीमती सुनेत्रा अजीत पवार और श्री सी वी षणमुगम के त्यागपत्र से उत्पन्न हुई हैं। महाराष्ट्र से निर्वाचित श्रीमती सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा की सदस्यता से 6 मई को और श्री षणमुगम ने 7 मई को इस्तीफा दिया था इनका कार्यकाल क्रमश: 4 जुलाई 2028 और 29 जून 2028 को समाप्त होना था। चुनाव आयोग द्वारा शुक्रवार को जारी कार्यक्रम के अनुसार इन दोनों राज्यों से रिक्त सीटों के उपचुनाव के लिए अधिसूचना 1 जून को जारी की जाएगी।

# माता-पिता IAS, तो बच्चों को आरक्षण क्यों: सुप्रीम कोर्ट

## सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर कोर्ट ने जताई चिंता

शाह टाइम्स ब्यूरो



### सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिन परिवारों ने सामाजिक और आर्थिक रूप से तरक्की कर ली है, उन्हें भी आरक्षण के फायदे मिलते जा रहे हैं। उच्च शिक्षा और बेहतर आर्थिक स्थिति के साथ-साथ सामाजिक रुतबे में भी सुधार आता है। सामाजिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए आरक्षण ठीक, लेकिन सबको नहीं। इसमें कुछ संतुलन चाहिए।

**कहा: अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सरकारी नौकरी में क्रीमी लेयर के कैंडिडेट के आरक्षण लेने पर चिंता जताई। कोर्ट ने कहा कि अगर माता-पिता दोनों आईएएस अफसर हैं, तो उनके बच्चों को आरक्षण क्यों मिलना चाहिए। शिक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ सामाजिक गतिशीलता भी आती है। ऐसे में अगर संपन्न बच्चों के लिए फिर से आरक्षण मांगा जाए, तो हम कभी भी इस चक्र से बाहर नहीं निकल पाएंगे।

जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने ये कमेंट तब किया। जब वे कर्नाटक हाईकोर्ट के एक फैसले के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। याचिकाकर्ता को क्रीमी लेयर के आधार पर आरक्षण के दायरे से बाहर रखा गया था। क्योंकि उसके माता-पिता दोनों ही राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। यह मामला कर्नाटक में 'कुरुबा' समुदाय से जुड़े एक उम्मीदवार का है। कर्नाटक के पिछड़े वर्गों की सूची में इस समुदाय को श्रेणी 2(ए) के तहत रखा गया है। उम्मीदवार यानी याचिकाकर्ता का कर्नाटक पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड में सहायक इंजीनियर के पद पर सिलेक्शन हुआ था। उसकी आरक्षित कोटे के तहत नियुक्ति की गई थी। हालांकि, जिला जाति और आय सत्यापन समिति ने उम्मीदवार को जाति प्रमाण पत्र देने से इन्कार कर दिया और कहा कि वह क्रीमी लेयर के दायरे में आता है। उम्मीदवार के परिवार की सालाना आमदनी लगभग 19.48 लाख आंकी गई थी। अधिकारियों ने पाया कि उसके माता-पिता दोनों ही सरकारी कर्मचारी हैं और उनकी कुल आमदनी, 'क्रीमी लेयर' के लिए तय की गई सीमा से ज्यादा है। नियमों के अनुसार ओबीसी आरक्षण में 'क्रीमी लेयर' की मौजूदा आय सीमा सालाना 8 लाख रुपये हैं।

# दुनिया की 22 सबसे हॉट सिटी सभी भारत में

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ यूपी के 13 शहर इनमें शामिल, 35 शहरों में रात में भी गर्म हवाएं चलीं, कई राज्य में स्कूलों के टाइम बदले गए, बांदा फिर टॉप पर



**नई दिल्ली।** देश को अगले 3 दिन तक गर्मी से राहत के आसार नहीं हैं। शुक्रवार दोपहर 3 बजे दुनिया के 22 सबसे गर्म शहरों में पारा 47 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा रिकॉर्ड किया गया। यह सभी शहर भारत के हैं। इनमें 13 शहर उत्तर प्रदेश के हैं।

ओडिशा का बोलांगीर और बिहार का सासाराम सबसे ज्यादा गर्म रहा। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक देश के 35 शहरों में गुरुवार को रात का पारा 30 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। बिहार के पटना और गयाजी में गर्मी के कारण 22 से 26 मई तक 5वीं तक के स्कूल बंद किए गए हैं। मधेपुरा और सहरसा में गुरुवार को बिजली गिरने से 3 लोगों की मौत हो गई। पंजाब सरकार ने सरकारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। 23 मई को राजस्थान में गंभीर हीटवेव का अलर्ट है। रातें भी गर्म रहेंगी। छत्तीसगढ़, हरियाणा, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, तेलंगाना, उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में भी हीटवेव चलेगी। असम, मेघालय, केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश का अनुमान है। 24 मई को बिहार, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, पंजाब, राजस्थान और तेलंगाना में हीटवेव की स्थिति बनी रह सकती है। पश्चिम बंगाल, ओडिशा और तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में गर्म और उमसभरा मौसम बना रह सकता -शेष पृष्ठ दो पर

## नीट पेपर लीक: पुणे की फिजिक्स टीचर गिरफ्तार

■ एनटीए ने एक्सपर्ट के तौर पर किया था शामिल

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने शुक्रवार को 11वां आरोपी गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान मनीषा संजय हवलदार के रूप में हुई है।

वे पुणे के सेठ हीरालाल सराफ प्रशाला कॉलेज में टीचर हैं। मनीषा नीट परीक्षा प्रक्रिया में शामिल थीं। एनटीए ने उन्हें एक्सपर्ट के तौर पर नियुक्त किया था। मनीषा की फिजिक्स के क्वेश्चन पेपर तक पहुंच थी। अप्रैल 2026 में उन्होंने फिजिक्स से संबंधित कुछ सवाल अन्य आरोपी मनीषा मंधारे के साथ शेयर किए थे। मनीषा को 16 मई को गिरफ्तार किया गया था। अब तक, इस मामले में दिल्ली, जयपुर, गुरुग्राम, नासिक, पुणे, लातूर और अहल्यानगर से कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सीबीआई जांच में खुलासा हुआ है कि नीट का पेपर 5 राज्यों में बिका था।

## शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान इस्तीफा दें: अभिजीत



■ कॉकरोच जनता पार्टी फाउंडर के माता-पिता बोले- दो रातों से नहीं सोए, डर है बेटा गिरफ्तार न हो जाए

**नई दिल्ली -ब्यूरो।** कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके सोशल मीडिया पेज बनाने के 7 दिन बाद पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए। इसमें उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। वहीं सीजेपी के इंस्टाग्राम पर 21 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हो गए हैं।

दीपके ने एक्स पर वीडियो पोस्ट किया। उन्होंने कहा कि आज हम एक पिटीशन शुरू करने जा रहे हैं। जिसमें शिक्षामंत्री के इस्तीफे की मांग की है। आप सब लोग ज्यादा से ज्यादा इस पिटीशन पर साइन कीजिए, ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सके। उधर कॉकरोच जनता पार्टी पेज के इंस्टाग्राम पर अचानक लोकप्रिय होने से उसके फाउंडर अभिजीत दीपके के माता-पिता बहुत ज्यादा परेशान हो गए हैं। उन्हें डर है कि उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ सकता है। उसे गिरफ्तार भी किया जा सकता है। अभिजीत के पेरेंट्स भगवान और अनीता दीपके महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर में रहते हैं। दोनों ने गुरुवार को एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि हम अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते -शेष पृष्ठ दो पर

## उमर खालिद-शरजील को SC से राहत नहीं

■ UAPA में जमानत पर बड़ी बेंच करेगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने 2020 दिल्ली दंगा मामले में आरोपी उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने संकेत दिया कि आदेश शुक्रवार के दौरान या फिर 25 मई को सुनाया जा सकता है।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने साफ कहा कि दोनों आरोपियों को जमानत से इन्कार इसलिए नहीं किया गया, क्योंकि संविधान के अनुच्छेद 21 को कम महत्व दिया गया, बल्कि उनके कथित रोल और मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया गया था। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि वह हालिया फैसलों में की गई टिप्पणियों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं देना चाहती। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि मामले में कानूनी पहलुओं को व्यापक स्तर पर देखने की जरूरत है। कोर्ट की इस टिप्पणी को यूएपीए मामलों में बेल को लेकर भविष्य की सुनवाई के लिहाज से अहम माना जा रहा है। अदालत ने एक अहम कानूनी सवाल को बड़ी बेंच के पास भेज दिया है। यह सवाल इस बात से जुड़ा है कि क्या लंबे समय तक जेल में रहना और ट्रायल में देरी, यूएपीए जैसे सख्त कानूनों के तहत जमानत पर लगी कानूनी पाबंदियों को पीछे छोड़ सकती है। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने सुनवाई के दौरान कहा कि इस मुद्दे पर विस्तृत और अधिकारिक फैसला जरूरी है। अदालत ने मामले को भारत के सीजेआई सूर्यकांत के पास भेजते हुए उचित बड़ी बेंच गठित करने का निर्देश दिया।

### दिल्ली HC से उमर खालिद को तीन दिन की अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली दंगा साजिश मामले में आरोपी उमर खालिद को 3 दिन की अंतरिम जमानत दी। जमानत एक जून सुबह 7 बजे से 3 जून शाम 5 बजे तक प्रभावी रहेगी। खालिद को इसके लिए एक लाख रुपये का निजी मुचलका भरना होगा। हाईकोर्ट ने कहा कि उमर को पहले भी पारिवारिक कार्यक्रमों के लिए अंतरिम जमानत मिल चुकी है।

## न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के लेखकों को हटाने का आदेश वापस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ एनसीईआरटी मामले में सुप्रीम कोर्ट बोला- कंटेंट पर सवाल, व्यक्ति पर नहीं, लिखने वालों पर सरकार फैसला करे

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी बुक में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर हुए विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने दो महीने पहले दिया फैसला बदल दिया है।

11 मार्च को सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि जिन तीन शिक्षाविदों ने विवादित हिस्सा लिखा। उन्हें हटा दिया जाए और दोबारा काम न दिया जाए। अब शुक्रवार को तीनों शिक्षाविदों की याचिका पर कोर्ट ने आदेश बदलते हुए कहा कि केंद्र, राज्य, यूनिवर्सिटी और सरकारी फंड पाने वाले संस्थान इस मामले में खुद फैसला लें। मामले में जिन 3 शिक्षाविदों का नाम आया था। उनमें प्रोफेसर मिशेल डैनिनो, सुपर्णा दिवाकर और आलोक प्रसन्न कुमार शामिल हैं। पहले सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि इन लोगों ने जानबूझकर तथ्यों को गलत तरीके से पेश किया और छात्रों के सामने न्यायपालिका की नकारात्मक छवि दिखाई। अब कोर्ट ने यह टिप्पणी वापस ले ली है। एनसीईआरटी ने 23 फरवरी को क्लास 8 के स्टूडेंट्स के लिए सोशल साइंस की नई टेक्स्टबुक जारी की थी। ये किताब एकेडमिक सेशन 2026-27 से स्कूलों में पढ़ाई जानी थी। इसका पहला पार्ट जुलाई 2025 में रिलीज किया गया था। किताब का नाम 'एक्सप्लोरिंग सोसायटी: इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' है। इसमें 'द रोल ऑफ द ज्यूडिशियरी इन अवर सोसायटी' चैप्टर के अंदर 'करप्शन इन द ज्यूडिशियरी' का टॉपिक जोड़ा गया है। इसमें कहा गया है कि भ्रष्टाचार, बड़ी संख्या में पेंडिंग मामले और जजों की भारी कमी ज्यूडिशियल सिस्टम के सामने प्रमुख चुनौतियों में शामिल हैं। जज आचार संहिता से बंधे होते हैं, जो न केवल कोर्ट में उनके व्यवहार को कंट्रोल करता है, बल्कि कोर्च के बाहर उनके आचरण को भी तय करती है। किताब के एक सेक्शन का टाइटल इंसाफ में देरी इंसाफ न मिलने जैसा है। यहां सुप्रीम कोर्ट में 81 हजार, हाईकोर्ट्स में 62 लाख 40 हजार, डिस्ट्रिक्ट और सबऑर्डिनेट कोर्ट के 4 करोड़ 70 लाख पेंडिंग केस की संख्या भी बताई गई है। 24 फरवरी को चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने किताब छापने और बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया।

# लगातार बढ़ रही विद्युत कटौती से सांसद चिंतित



## ऊर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रही बिजली कटौती को लेकर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद एड.ने प्रदेश सरकार पर चिंता जताई है। इस संबंध में सांसद ने राज्य ऊर्जा मंत्री एके शर्मा को पत्र भेजकर प्रदेशभर में अनियमित बिजली आपूर्ति की समस्या का तत्काल समाधान कराने की मांग उठाई है।

सांसद द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि प्रदेश के लगभग सभी जनपदों, विशेषकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से लगातार और बिना पूर्व सूचना के बिजली कटौती की जा रही है। इससे आम जनता, विद्यार्थी, किसान, छोटे व्यापारी और दैनिक मजदूरी पर निर्भर लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

पत्र में उल्लेख किया गया है कि भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली कटौती का सबसे अधिक असर बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। इसके अलावा पेयजल आपूर्ति, कृषि सिंचाई, ऑनलाइन शिक्षा और छोटे उद्योग-धंधों पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर बताई गई है, जहां कई-कई घंटों तक बिजली न आने से जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो रहा है।

सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि बार-बार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे जनता में असंतोष बढ़ता जा रहा है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से मांग की है कि निर्बाध और नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। साथ ही खराब ट्रांसफार्मरों और जर्जर बिजली लाइनों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए। पत्र में शिकायत निवारण व्यवस्था को अधिक प्रभावी और जवाबदेह बनाने तथा बिजली कटौती का स्पष्ट शेड्यूल जारी कर उसका कड़ाई से पालन कराने की भी मांग की गई है। सांसद ने कहा कि यह केवल सुविधा का नहीं, बल्कि जनजीवन, शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक गतिविधियों से जुड़ा गंभीर मुद्दा है, जिस पर तत्काल सकारात्मक कार्रवाई की आवश्यकता है। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि गर्मी के मौसम में लगातार हो रही बिजली कटौती से घरों और कारोबार दोनों पर असर पड़ रहा है। लोगों को उम्मीद है कि सांसद की पहल के बाद बिजली व्यवस्था में सुधार होगा।

# स्टेडियम का शुभारंभ अधर में

## हाईटेंशन लाइन बनी सबसे बड़ी बाधा, नगर पंचायत ने कई बार लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** नगर में करोड़ों की लागत से तैयार किए गए स्टेडियम का शुभारंभ आज तक नहीं हो सका है। इसकी सबसे बड़ी वजह स्टेडियम के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन विद्युत लाइन बताई जा रही है, जो खिलाड़ियों और आम लोगों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बनी हुई है।



प्राप्त समाचार के अनुसार नगर पंचायत द्वारा कई बार संबंधित विद्युत विभाग को पत्र लिखकर हाईटेंशन लाइन हटाने की मांग की जा चुकी है, लेकिन लंबे समय बीत जाने के बाद भी लाइन नहीं हटाई गई। विभागीय उदासीनता के चलते स्टेडियम का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि स्टेडियम बनने के बाद क्षेत्र के युवाओं और खिलाड़ियों में खुशी की लहर थी। सभी को उम्मीद थी कि जल्द ही यहां खेल गति. विधियां शुरू होंगी और युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का मंच मिलेगा। लेकिन हाईटेंशन लाइन के कारण आज तक स्टेडियम का उद्घाटन तक नहीं हो पाया। खिलाड़ियों का कहना है कि खेल मैदान के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। खेल अभ्यास के दौरान गेंद या अन्य गतिविधियों के चलते दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ऐसे में प्रशासन भी बिना लाइन हटे स्टेडियम का शुभारंभ करने का जोखिम नहीं लेना चाहता।

नगरवासियों ने आरोप लगाया कि यदि समय रहते विद्युत विभाग ने इस समस्या को गंभीरता से लिया होता, तो अब तक स्टेडियम शुरू हो चुका होता और क्षेत्र के खिलाड़ियों को इसका लाभ मिल रहा होता। स्थानीय नागरिकों, खिलाड़ियों और जनप्रतिनिधियों ने प्रशासन से मांग की है कि युवाओं के भविष्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्टेडियम के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को जल्द से जल्द हटाया जाए, ताकि लंबे समय से प्रतीक्षित स्टेडियम का शुभारंभ हो सके और क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को नया मंच मिल सके।

## दुष्कर्म व ब्लैकमेलिंग का आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नशीला पदार्थ पिलाकर महिला के साथ दुष्कर्म करने व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर रुपए वसूलने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

प्राप्त समाचार के अनुसार पीड़िता ने थाना स्योहारा में तहरीर देकर आरोप लगाया था कि मौहल्ला अफगानान, कस्बा सहसपुर निवासी इमरान पुत्र खालिद ने उसके घर में घुसकर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसके साथ गलत कार्य किया। आरोप है कि आरोपी ने घटना का वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी दी और पीड़िता से एक लाख अस्सी हजार रुपए भी ले लिए।

पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि खालिद पुत्र नामालूम, कोकी पत्नी खालिद तथा रूबानी पुत्री खालिद निवासीगण मौहल्ला अफगानान, कस्बा सहसपुर द्वारा भी उसे जान से मारने की धमकी दी गई।

मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी इमरान पुत्र खालिद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मामले से जुड़े अन्य पहलुओं की भी जांच में जुटी हुई है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** ग्राम सत्तो नंगली में युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने से इलाके में सनसनी फैल गई। युवक का शव उसके घर के अंदर मिलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

प्राप्त समाचार अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सत्तो नंगली निवासी गजराज पुत्र खुशीराम का शव उसके घर में संदिग्ध अवस्था में मिला। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया। जिसने मौके से आवश्यक साक्ष्य जुटाए। जिसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि मृतक का अपनी पत्नी से पारिवारिक विवाद चल रहा था। वहीं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया कि मृतक शराब पीने का आदी था तथा घर में पारिवारिक कलह की स्थिति बनी रहती थी। फिलहाल पुलिस मामले के सभी पहलुओं की जांच कर रही है।

# सड़क पर पड़ा मोबाइल लौटा कर दिल जीता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** आज के दौर में जहां लोगों की गुम हुई वस्तुएं वापस मिलना मुश्किल माना जाता है, वहीं एक गरीब रिक्शा चालक ने अपनी ईमानदारी और नेकनीयती से समाज के सामने एक प्रेरणादायक उदाहरण पेश किया है।



इकबाल अहमद अपने ई-रिक्शा से पुक्खावाला मार्ग पर जा रहे थे। इसी दौरान सीरवासुचंद नहर के निकट फैमस गार्डन के सामने उन्हें सड़क किनारे एक महंगा मोबाइल फोन पड़ा मिला। मोबाइल मिलने पर उन्होंने उसे अपने पास सुरक्षित रख लिया और तत्काल गांव निवासी पत्रकार मौहम्मद साजिद को इसकी जानकारी दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौहम्मद साजिद ने कासमपुर गढ़ी पुलिस चौकी को सूचना दी। चौकी पर तैनात मुख्य आरक्षी विपिन मान ने दोनों को मोबाइल स्वामी के संपर्क का इंतजार करने की सलाह दी। कुछ समय बाद मोबाइल पर कॉल आई, जिसमें फोन करने वाले व्यक्ति ने अपना मोबाइल खो जाने की जानकारी दी। बाद में मोबाइल स्वामी बताए गए पते पर पहुंचे और अपना परिचय जितेंद्र कुमार, लेखपाल, निवासी ग्राम पुक्खावाला थाना रेहड़ के रूप में दिया। आवश्यक तस्दीक और पहचान सुनिश्चित करने के बाद इकबाल अहमद और मौहम्मद साजिद ने मोबाइल फोन उन्हें सौंप दिया। अपना खोया हुआ मोबाइल सकुशल वापस मिलने पर लेखपाल जितेंद्र कुमार ने इकबाल अहमद की ईमानदारी की सराहना करते हुए उनका हृदय से आभार व्यक्त किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर इकबाल अहमद ने कहा कि, 'एक सच्चा मुसलमान किसी की अमानत में खयानत नहीं करता। ईमानदारी और अमानतदारी ही इस्लाम की सबसे बड़ी खूबसूरती है।' क्षेत्र के लोगों ने भी रिक्शा चालक की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि आर्थिक रूप से साधारण होने के बावजूद इकबाल अहमद ने जिस ईमानदारी का परिचय दिया है, वह समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। एक गरीब रिक्शा चालक द्वारा कीमती मोबा. इल उसके स्वामी को लौटाने की यह घटना क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है और लोगों के बीच ईमानदारी का सकारात्मक संदेश दे रही है।

# बिजली कटौती को लेकर नगरवासियों में आक्रोश

**हल्दौर।** नगर में विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने से नागरिकों में विद्युत विभाग के प्रति आक्रोश पनपता नजर आ रहा है। कई दिनों से रोजाना रात में ही बिजली गुल हो जाती है। रात में ही कई बार जगह-जगह फॉल्ट होते हैं और घंटों तक आपूर्ति बाधित हो जाती है। भीषण गर्मी में नागरिकों भारी परेशानी उठानी पड़ती है। जबकि कोई विद्युत अधिकारी किसी का भी फोन उठाना गवाराह नहीं समझते और न ही कोई कर्मचारी फोन उठाता है। रात में पांच-छह बार फाल्ट होते हैं। वह ठीक किए जाते हैं, तब बिजली आती है। घंटों-घंटों लोग घरों के बाहर हाथों में पंखे लेकर समय काटते हैं। इस बात को देखते हुए केबिल घोटाले की पोल खुलती नजर आ रही है। गत वर्षों जो नगर में केबिल बदली हुई थी, उसमें घटिया केबिल डालें गए थे। जिनकी पोल आज खुल रही है। जो लोड उठाने में सक्षम नहीं हैं। हर घंटे कहीं न कहीं फॉल्ट होते रहते हैं। इस दौरान जेई व एसडीओ के फोन स्विच ऑफ आते हैं। नगर में दो संविदाकर्मी लाइनमैन हैं। दोनों ही शराबी हैं। बिना शराब के किसी का कोई काम नहीं करते हैं। मौहल्ला खेड़ा में आरती पत्नी सुरेंद्र सिंह का केबिल चार दिन से टूटा हुआ पड़ा है किसी ने ठीक नहीं किया है।

## एक नजर

### राहगीरों को बांटा शीतल शरबत



**हल्दौर।** प्रचंड गर्मी के बीच नगर के मौहल्ला टाटमोहरा स्थित जामा मस्जिद के समीप व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान एवं राधा गोविंद संस्थान द्वारा शरबत वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में राहगीरों, मजदूरों और स्थानीय लोगों को ठंडा शरबत पिलाकर गर्मी से राहत दिलाई गई। आयोजकों ने कहा कि भीषण गर्मी के मौसम में जरूरतमंदों की सेवा करना पुण्य का कार्य है। शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर शरबत ग्रहण किया और संस्थाओं के इस सामाजिक प्रयास की सराहना की। इस दौरान लाला योगेंद्र अग्रवाल, पंडित दिनेश शर्मा, राधा गोविंद संस्थान के अध्यक्ष डा. पुरुषोत्तम शर्मा, वीरेश चौहान, अशोक चौहान, परम सिंह, गंगाशरण शर्मा, मनोज प्रजापति, शगुन चौहान, कार्तिक चौहान, सौरभ अग्रवाल और महिपाल सिंह सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पंकज कुमार दक्ष का जोरदार स्वागत



**नहटौर।** राष्ट्रीय प्रजापति महासभा (रजि.) के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष का गुरुवार को नहटौर स्थित दक्ष हॉस्पिटल में जोरदार स्वागत किया गया। संगठन के पदाधिकारियों और समाजसेवियों ने उन्हें फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। चांदपुर के युवा उद्योगपति और राष्ट्रीय प्रजापति महासभा बिजनौर के पूर्व जिला उपाध्यक्ष डा. सुशील कुमार दक्ष अपनी टीम के साथ नहटौर पहुंचे। उन्होंने पूर्व जिला अध्यक्ष डा. एके दक्ष के अस्पताल पर पंकज कुमार दक्ष का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाई। इस अवसर पर डा. सुशील कुमार दक्ष ने कहा कि पंकज कुमार दक्ष को संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि उनके नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा समा. जहित के कार्यों को नई गति मिलेगी। पूर्व जिला अध्यक्ष डा. एके कक्ष ने संगठन की मजबूती और समाज की एकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी को मिलकर कार्य करना होगा और समाज के उत्थान तथा युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष पंकज कुमार दक्ष ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दी गई। जिम्मेदारी का वे पूरी मेहनत और समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे तथा समाजहित में निरंतर कार्य करते रहेंगे। इस कार्यक्रम में धीरज कुमार प्रजापति, राजू सैनी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### विद्युतापूर्ति न होने से परेशानी

**शेरकोट।** भीषण गर्मी में बिजली आपूर्ति चौपट हो जाने से जनता में हाहकार मचा हुआ है। दिन रात चल बिजली की आंख मिचोली ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। वही बिजली आपूर्ति होने से पानी व्यवस्था भी चरमरा गयी है। गौरतलब है कि कुछ दिनों से गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ना शुरू हो गया है। उसकी देखा देख बिजली ने अपना रुप दिखाना शुरू कर दिया है। बिजली का ट्रिपिंग का खेल चलने से नगरवासी बेहद परेशान है। बिजली के अभाव में पर्याप्त चार्जिंग ना होने से घरों में लगे उपभोक्ताओं के इनवर्टर भी जवाब दे रहे हैं। विद्युत संकट गहरा जाने से जहां उद्योग धंधे प्रभावित हो रहे हैं। वहीं आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अनगि. नत बार बिजली के आने और जाने( ट्रिपिंग) से विद्युत उपकरण भी खराब होने का भी खतरा रहता हैं। बिजली आपूर्ति दिन रात में बार-बार ट्रिपिग से जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मजेदार बात यह है कि नगर एवं आसपास के ग्रामों मे लगे तारों को ना बदलने की वजह से गर्मी मे आकर लोड बढ़ने की वजह से तारों के टूटने का सिलसिला शुरू हो जाता है। जिसका विद्युत विभाग को पता है, लेकिन इस के बावजूद भी गर्मी से पहले विद्युत विभाग द्वारा जर्जर हालत में हो रहे तारों को नहीं बदलने की वजह से विद्युत व्यवस्था चौपट हो जाती है। वहीं जर्जर विद्युत लाइनें विद्युत कर्मियों के लिए भी जी का जंजाल बन चुकी है तथा खराब मौसम ना होने के बावजूद भी फॉल्ट होने पर बार-बार पेट्रोलिंग करना और खंभो पर चढ़ना विद्युत कर्मियों के लिए टेढ़ी खीर साबित होना शुरू हो गया है। नगर के गणमान्य लोगों नईम अहमद, मौहम्मद वली, शमीम मोटा, इरशाद अहमद, अनवार अहमद, मुकीम मंसूरी, दिलवार सिंह, सुरेंद्र सिंह, भोले कुरैशी, शमशाद मिर्जा, जुनैद अहमद, तसलीम अहमद, बरकत अब्बासी, मुस्तकीम अहमद सहित आदि ने गणमान्य लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से विद्युत आपूर्ति सही कराने की मांग की है।

## एक नजर

### निर्माण कार्य के दौरान गिरकर युवक की मौत

**स्योहारा।** निर्माण कार्य के दौरान दर्दनाक हादसे में युवक की जान चली गई। ऊंचाई पर काम करते समय संतुलन बिगड़ने से युवक नीचे गिर गया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गंभीर हालत में उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। ग्राम लामाबांधा निवासी 25 वर्षीय दीपक कुमार पुत्र ब्रह्मपाल सिंह अफजलगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन एक सरकारी भवन काम कर रहा था। बताया जाता है कि वह भवन की ऊपरी मंजिल पर पाइप लाइन आदि लगाने के कार्य में जुटा था। इसी दौरान अचानक उसका पैर फिसल गया और वह काफी ऊंचाई से नीचे आ गिरा। हादसे के बाद वहां मौजूद मजदूरों और कर्मचारियों ने तुरंत उसे अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सक ने तुरंत उपचार शुरू किया, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी मौत हो गई। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजन भी अस्पताल पहुंच गए और परिवार में मातम छा गया। परिजनों ने बताया कि दीपक अविवाहित था और परिवार की जिम्मेदारियां निभाने के लिए मजदूरी करता था। वह अपने भाइयों में सबसे बड़ा था और करीब पंद्रह दिन पहले ही इस निर्माण कार्य से जुड़ा था। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पीएम आवास योजना की जांच से हड़कंप

**बिजनौर।** समाचार पत्रों में प्रकाशित प्रधानमंत्री आवास योजना संबंधी खबरों का संज्ञान लेते हुए परियोजना अधिकारी वंदना कुशवाहा ने 13 मई को कस्बा झालू पहुंचकर आवासों की जांच की। जांच के दौरान अधिशासी अधिकारी भी उनके साथ मौजूद रहे। करीब तीन घंटे तक चली इस जांच में कई आवासों का सत्यापन किया गया। सूत्रों के अनुसार जांच के दौरान कुछ मामलों में अनियमितताओं की आशंका जताई गई है। जिस पर संबंधित लाभार्थियों को नोटिस जारी किए जाने की चर्चा है। वहीं, एक मकान पर दो लाभार्थियों के नाम दर्ज होने संबंधी प्रकाशित खबर की भी अधिकारियों ने गंभीरता से जांच की। नगर में दिनभर जांच को लेकर चर्चाओं का माहौल बना रहा। जांच टीम की कार्रवाई से लाभार्थियों में भी हलचल देखी गई। हालांकि, अधिकारियों की ओर से जांच रिपोर्ट को लेकर अभी कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। इस संबंध में परियोजना अधिकारी वंदना कुशवाहा का पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे संपर्क नहीं हो सका।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**दुनिया की...** है। केरल, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा, कर्नाटक और तमिलनाडु में भारी बारिश हो सकती है। आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और झारखंड में 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी-तूफान की चेतावनी दी गई है। उत्तर प्रदेश के बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज समेत 10 जिलों में हीटवेव का रेड अलर्ट है। राज्य का बांदा गुरुवार को लगातार 5वें दिन देश का सबसे गर्म शहर रहा, यहां तापमान 47.6 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा। इसके अलावा प्रयागराज में 46.6 डिग्री सेल्सियस, वाराणसी में 45.6 डिग्री सेल्सियस, हमीरपुर और सुल्तानपुर में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रहा। हरियाणा में गर्म रात का 38 साल का रिकॉर्ड टूटा। गुरुवार का भिवानी में रात का तापमान 36.6 डिग्री सेल्सियस रहा, जो साल 1988 में 34.8 डिग्री सेल्सियस रहा था। इसके अलावा राज्य का सिरसा सबसे गर्म शहर रहा, यहां अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री सेल्सियस रहा। उत्तराखंड: 6 जिलों में हीटवेव का अलर्ट, मसूरी समेत हिल स्टेशनों में पारा 30 डिग्री सेल्सियस पार, नैनीताल में स्कूलों का समय बदला उत्तराखंड के 6 जिलों में आज हीटवेव और 5 जिलों में बारिश का अलर्ट है। मसूरी, नैनीताल और लैंसडाउन जैसे हिल स्टेशनों में भी अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के ज्यादा पहुंच रहा। शुक्रवार को नैनीताल में स्कूलों का समय बदला गया है। पंजाब सरकार ने गर्मी की वजह से सरक. ारी दफ्तरों और स्कूलों का समय बदल दिया है। अब दफ्तर और स्कूल सुबह साढ़े 7 बजे खुलेंगे और दोपहर 1.30 बजे बंद होंगे। स्कूलों के आदेश सभी क्लासेज के लिए होंगे। यह आदेश सोमवार यानी 25 मई से लागू होंगे। सीएम भगवंत मान ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए ये फैसला लिया है।

**शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र...** थे। अभिजीत के इस कदम के बारे में सुनकर हमारी रातों की नींद उड़ गई है। भगवान दीपके ने कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है। चाहे उसके कितने भी फॉलोअर्स क्यों न हों। उसने खुद भी भारत लौटने पर गिफ्तार होने का डर जाहिर किया है। वह मशहूर हो गया है, और ऐसे लोगों को अक्सर गिरफ्तार कर लिया जाता है। पिछली दो रातों से मैं इसी चिंता में सो नहीं पाया हूं कि उसके साथ क्या हो सकता है। अभिजीत की मां ने कहा कि हमें कॉकरोच पार्टी के बारे में अपने एक पड़ोसी से पता चला था। मैं चाहती हूं बेटा राजनीति से दूर रहे। वह 'आप' के साथ काम कर चुका था। उस समय भी मैंने उससे कहा था कि हमारा राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और उसे कोई नौकरी कर लेनी चाहिए।

## विकसित हुई किफायती और उच्च-प्रदर्शन वाली थर्मल बैटरी सामग्री

**नई दिल्ली।** भारतीय वैज्ञानिकों ने ऐसी किफायती तथा उच्च-प्रदर्शन वाली तापीय ऊर्जा भंडारण सामग्री विकसित की है जो कें. द्रित सौर ऊर्जा (सीएसपी) संयंत्रों और औद्योगिक अपशिष्ट ऊष्मा पुनर्प्राप्ति प्रणालियों में उपयोग होने वाली थर्मल बैटरियों की क्षमता को काफी बढ़ा सकती है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने आज बताया कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के स्वायत्त संस्थान इंटरनेशनल एडवांस्ड रिसर्च सेंटर फॉर पाउडर मेटलर्जी एंड न्यू मैटेरियल्स (एआरसीआई) के शोधकर्ताओं ने थर्मल ऊर्जा भंडारण अनुप्रयोगों के लिए स्पिनेल नैनो कम्पोजिट फेज चेंज मटेरियल (पीसीएम) विकसित करने की एक लागत प्रभावी और बड़े पैमाने पर अपनाई जा सकने वाली प्रक्रिया तैयार की है। उन्होंने कहा कि शोध के दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि फेज चेंज मटेरियल में केवल एक प्रतिशत स्पिनेल ऑक्साइड नैनोकण मिलाने से उसकी विशिष्ट ताप क्षमता में करीब 45 प्रतिशत तक वृद्धि हो गई। विशिष्ट ताप क्षमता किसी पदार्थ की ऊष्मीय ऊर्जा संग्रहित करने की क्षमता को दर्शाती है। नैनोकणों के बेहतर फैलाव से सामग्री की सतह ऊर्जा बढ़ती है।


# नीट पेपर लीक की जिम्मेदारी लें मोदी व प्रधान

## परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा के पेपर लीक मामले में सरकार ने संसदीय समिति के समक्ष गलत बयान दिया है और 2024 के पेपर लीक की सच्चाई छिपाने का प्रयास किया है, जिससे लाखों छात्रों का नुकसान हुआ है, इसलिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

पार्टी ने यह भी आरोप लगाया है कि मोदी सरकार राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के माध्यम से परीक्षा धांधलियों और पेपर लीक मामलों की सच्चाई दबाने का काम कर रही है तथा नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक मामले को नकारने की कोशिश की जाती रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही मोदी सरकार और उसका तंत्र पेपर लीक माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई



दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि मीडिया रिपोर्टों के अनुसार एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया है कि नीट-यूजी 2026 परीक्षा का पेपर लीक नहीं हुआ था। रमेश ने कहा कि यदि यह दावा सही है, तो यह बेहद शर्मनाक और चौंकाने वाली बेईमानी है, क्योंकि परीक्षा से पहले कथित तौर पर एक 'गेस पेपर' विद्यार्थियों के बीच प्रसारित हो रहा था, जिसमें वास्तविक परीक्षा में आए दर्जनों प्रश्न शामिल थे। उन्होंने सवाल किया कि यदि इसे पेपर लीक नहीं माना जा रहा है, तो फिर इसे क्या कहा जाएगा और सरकार अब इसे नकारने की कोशिश क्यों कर रही है। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार इससे पहले भी नीट-यूजी 2024 में सामने आई व्यापक अनियमितताओं को दबाने की कोशिश कर चुकी है।

### धांधलियों को छिपाने में जुटा है एनटीए: कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार ने प्रतियोगी परीक्षाओं को पारदर्शी बनाने के लिए जिस राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) का गठन किया था, वह परीक्षा धांधलियों तथा अनियमितताओं की सच्चाई छिपाने का काम में जुटी है और अब नीट-यूजी 2026 परीक्षा में कथित पेपर लीक मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर कहा कि 2018 में एनटीए के गठन के बाद से ही सरकार और उसका तंत्र परीक्षा माफिया के साथ मिलीभगत कर एनटीए द्वारा आयोजित परीक्षाओं में व्यापक अनियमितताओं और धांधली की सच्चाई दबाने में लगा हुआ है। उन्होंने मीडिया रिपोर्टों का हवाला देते हुए कहा कि एनटीए के महानिदेशक ने एक संसदीय समिति के समक्ष दावा किया कि नीट-यूजी 2026 का पेपर लीक नहीं हुआ।

# होटलों में रंगदारी वसूलने में प्रियंका, जगजीत अक्षय व बिट्टू गिरफ्तार

## गंभीर धाराओं में दो मुकदमें दर्ज




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** होटलों में रंगदारी वसूलने, मारपीट व गाली-गलौच करने के आरोप में चर्चित प्रियंका, जगजीत, अक्षय व बिट्टू को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह मामला पूरे जनपद में चर्चा का विषय बना हुआ है और इनकी कारस्तानी व पिटाई की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रही है।

प्राप्त समाचार के अनुसार रंगदारी वसूलने के लिए कानून हाथ में लेकर अवैध रूप से होटलों में छापा मारने वालों की आज नजीबाबाद में सरेआम पिटाई हुई। पीड़ित महिला ने गिरोह में शामिल एक युवती की पिटाई की। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी के साथ वायरल हो रही है। जनपद में पिछले काफी दिनों से यह आम चर्चा थी कि एक युवती व दो युवकों का गिरोह होटलों व रेस्टोरेंटों में छापा मार रहा है। चर्चा यह भी थी कि इन छापों की आड़ में अवैध वसूली की जाती है। होटल व रेस्टोरेंट संचालक भी इससे बेहद परेशान थे। लेकिन वह पुलिस के पचड़े में न पड़ कर जैसे-तैसे अपना काम निकाल लेते थे। छापा मारने वालों के द्वारा कानून को हाथ में लिया जाता था। जो काम पुलिस का है, वह काम यह कर रहे थे।

इस बीच आज इनके द्वारा नजीबाबाद के एक होटल में छापा मारा गया। इस दौरान वहां पर अफरा-तफरी मच गई। वहां से उतर रही एक महिला की इन्होंने वीडियो बनानी शुरू कर दी। जिससे पर्दानशीं महिला गुस्से में आ गई और उसने टीम में शामिल प्रियंका की जमकर पिटाई की। जिसकी वीडियो तेजी के साथ सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने सराहनीय काम करते हुए हालात संभाल लिए। पुलिस आरोपियों को अपने साथ ले गई।

इस मामले में पुलिस के द्वारा जारी प्रेस नोट में कहा गया है कि हरिद्वार रोड पर राजन होटल के मालिक के भाई सतेन्द्र कुमार के भाई राजेन्द्र कुमार निवासी ग्राम हिमालयन कॉलोनी शेखपुर गढू ने सूचना दी कि कुछ व्यक्ति मेरे होटल पर आकर गाली-गलौच व मारपीट कर रहे है तथा पैसों की मांग भी कर रहे है। पैसे न देने पर जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जगजीत (25 वर्ष) पुत्र सुखदेव सिंह निवासी ग्राम लक्की वाला, उसकी पत्नी प्रियंका (25 वर्ष), अक्षय (27 वर्ष) पुत्र सहदेव व बिट्टू (21 वर्ष) पुत्र विशाल निवासीगण जेके कॉलोनी, थाना कोतवाली शहर को हिरासत में ले लिया गया।

इस संबंध में थाना नजीबाबाद में मुकदमा अपराध संख्या 237/2026, धारा 308 (5) व 115 (2) बीएनएस एवं मुकदमा अपराध संख्या 238/2026 धारा 308 (5) व 115 (2) बीएनएस में पंजीकृत किए गए है। पुलिस के प्रेस नोट में कहा गया है कि जांच में इस गैंग के द्वारा पूर्व में भी इस प्रकार की कई घटनाएं करना संज्ञान में आया है।

### होटल संचालकों को परेशान करने वाला युवकों का गिरोह सक्रिय

**बिजनौर।** कुछ युवकों का एक ऐसा गिरोह सक्रिय है जो होटल संचालकों को परेशान करता है और डिमांड पूरी न करने पर अधिकारियों से शिकायत कर बर्बाद कराने की धमकी देता है। सूत्रों का कहना है कि एक होटल संचालक के द्वारा युवक की डिमांड पूरी की गई। लेकिन इसके बावजूद उसने पीछा नहीं छोड़ा। इनके संरक्षण में अब एक ऐसा होटल चल रहा है, जहां पर अनैतिक काम हो रहें है। बदले में इन युवकों की डिमांड पूरी की जा रही है। इन युवकों की अवैध वसूली के चक्कर में कई जगह पिटाई भी हो चुकी है।

# सड़क हादसे में मासूम की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंदक/मंडावर।** चंदक में अनियंत्रित कार ने बाइक सवार को रौंद डाला। जिसमें चार वर्षीय बच्चे की मौत हो गई और तीन गंभीर घायल हो गए। बच्चे की मौत से गुस्साए परिजनों हरिद्वार-बिजनौर मार्ग पर जाम लगा दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार आज देर शाम चंदक से मंडावर की तरफ आ रही अनियंत्रित कार ने चंदक आ रहे बाइक सवार को टक्कर मार दी और दूर तक बाइक को घसीट कर ले गई। जिसमें ग्राम खुड़ाहेड़ी निवासी बाइक सवार राहुल के चार वर्षीय पुत्र आयुष की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि राहुल उनकी पत्नी काजल व बहन काजल गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बच्चे के शव पोस्टमार्टम भेजकर घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

घटना की सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और हरिद्वार-बिजनौर मार्ग पर जाम लगा दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ग्रामीणों को समझाने का प्रयास कर रही थी तथा जाम लगा हुआ था।

# लोकतंत्र की असली ताकत सवाल पूछने में : जज मनोज



## इंसानियत व संविधान को तवज्जो मिलनी चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** सपा के नगीना लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहे पूर्व अपर जिला जज मनोज कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की असली ताकत सिर्फ चुनावों में नहीं, बल्कि सवाल पूछने और असहम. ति रखने की आजादी में होती है। जब समाज में हर आवाज को सुना जाता है, तभी न्याय, समानता और भाईचारे का सपना मजबूत होता है।

एक मुलाकात में उन्होंने कहा कि सहिष्णुता का मतलब यह नहीं कि हम हर बात से सहमत हो, बल्कि यह है कि असहमति के बावजूद इंसानियत और संविधान का सम्मान बना रहना चाहिए। जो समाज सवालों से डरता है, वह कभी प्रगतिशील नहीं बन सकता। आज जरूरत इस बात की है कि हर नागरिक, चाहे वह पत्रकार, छात्र, कलाकार, कॉमेडियन हो या आम इंसान, बिना डर के अपनी बात कह सके, उसे इतनी आजादी मिलनी चाहिए। क्योंकि अभिव्यक्ति की आजादी सिर्फ एक अधिकार नहीं, बल्कि लो. कतंत्र की आत्मा है। एक मजबूत राष्ट्र वही होता है, जहां सत्ता से बड़ा संविधान होता है और शोर से ज्यादा महत्व सच की आवाज को दिया जाता है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव द्वारा दिया गया 'पीडीए' मंत्र एक राजनीतिक नारा और सामाजिक समीकरण है। इसके तहत 'पी' का अर्थ पिछड़ा, 'डी' का अर्थ है दलित और 'ए' का अर्थ अल्पसंख्यक है। इस फॉर्मूले के जारिए पार्टी उत्तर प्रदेश में इन्हीं समुदायों, जिनकी आबादी लगभग 95 प्रतिशत है, को एकजुट कर सामाजिक न्याय और अपने वोट बैंक को मजबूत करने का प्रयास कर रही है।

गौरतलब है कि पूर्व न्यायाधीश मनोज कुमार पीडीए पर काम कर रहे है। वह दबे कुचले समाज की मजबूत आवाज बने हुए है। नगीना लोकसभा क्षेत्र से अगर आज वह सांसद होते, तो क्षेत्र का तेजी से विकास होता और भाजपा सरकार में कोई भी पीडीए को दबा नहीं पाता। वह समाज के बीच में रह कर काम करना जानते हैं। ड्रामेबाजी से वह बहुत दूर है। इतने बड़े पद पर रहने के बावजूद उनके अंदर न तो बनावट है और न ही दूसरे जनप्रतिनिधियों की तरह घमंड है।

## एक नजर

### नूरपुर में शांति समिति की बैठक



**नूरपुर।** ईदुल अजहा के त्यौहार के मद्देनजर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। सीओ देश दीपक कुमार ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार बड़ी अकीदत के साथ मनाए। कुर्बानी के अवशेषों को गहरे गड्ढे में दबा दें। अवशेषों को इधर उधर न फैंके । कुर्बानी के दौरान कोई भी वीडियो न बनाए। जिन जानवरों की कुर्बानी पर पाबंदी है, उन जानवरों की कुर्बानी न की जाए। शहर काजी मौलाना मौहम्मद अली ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार अकीदत के साथ मनाए। ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि नूरपुर गामा श्यामा की भाईचारे की मिसाल है। इस मिसाल को खत्म न होने दें। इस मौके पर ईओ संतोष कुमार मिश्रा, सरदार हरभजन सिंह, सरदार गुरनाम सिंह, तसलीम अहमद, मुफ्ती इफ्तिखार, मुफ्ती कादिर, सरदार गुरनाम सिंह, राजू कुमार, नबील मिकरानी, मौलाना गुलाम नबी, वरिष्ठ सपा नेता सलीम अहमद, असलम मलिक, रईस अहमद आदि मौजूद थे।

### इरशाद कुरैशी ने जताया रोष



**कालागढ़।** वन गुर्जरों के आशियानों को ध्वस्त किए जाने पर राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष इरशाद कुरैशी ने रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अधिकारियों को संयम से काम लेना चाहिए। संविधान में ऐसा कहीं नहीं लिखा है कि किसी का घर जाकर गिरा दो। संविधान ने सभी को एक समान कानून दिया है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व में वन विभाग द्वारा अमानवीय घटना घटित की गई है। वर्षों से रह रहे गुर्जरों की झोपड़ियों को तहस-नहस कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि मुसलमानों पर लगातार अत्याचार किए जा रहे हैं। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व की वन क्षेत्राधिकारी अंकिता किशोर की बर्बरता से साफ जाहिर होता है कि वह एक समुदाय को लगातार टॉर्चर कर रही है। उन्हें इस तरह किसी के घरों में घुसने का अधिकार नहीं है। ऐसा नहीं है कि कि वर्दी पहन कर संविधान का उल्लंघन किया जाए। उन्होंने कहा कि वन गुर्जरों को प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य योजनाओं का लाभ प्राथमिकता के आधार पर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन अधिकारियों की सम्पत्ति की भी जांच होनी चाहिए। ताकि पता चल सके कि वन सम्पदा को कौन लाभ पहुंचा रहा है। उन्होंने कहा कि काफी लम्बे समय से एक ही स्थान पर जमे वन अधिकारियों और कर्मचारियों के ट्रांसफर किए जाने चाहिए।

### करंट लगने से मौत



**नूरपुर**। मौहल्ला शहीद नगर निवासी रईस (20 वर्ष) पुत्र मौहम्मद अली जान बम्बई में रह कर मजदूरी का काम करता था। उसकी नहाते समय करंट लगने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। ईद से पहले उसकी मौत से परिवार में हड़कंप मच गया। सपा विधायक राम अवतार सिंह सैनी ने उसके परिजनों को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### नजीबाबाद में योग दिवस की तैयारी

**नजीबाबाद।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को लेकर गायत्री शक्तिपीठ ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। शांतिकुंज के निर्देशन में स्टैप्स ग्राउंड में नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। व्यवस्थापक डॉ. दीपक कुमार ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों के क्रम में प्रतिदिन प्रात: पांच बजे व सायं साढ़े पांच बजे तक नि:शुल्क योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा।

### गर्मी से बाजार में सन्नाटा



**बिजनौर।** भीषण गर्मी से बाजार में कारोबार प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय कोई भी घरों से बाहर निकलने के लिए तैयार नहीं है। सड़कों पर सन्नाटा छा जाता है। तीन से चार घण्टे तक ग्राहक बाजारों में नहीं आते है। शाम को भी जरूरतमंद बाजार में आते है। भीषण गर्मी और ऊपर से विद्युत कटौती ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

### दरगाह में मजलिस जारी

**नजीबाबाद।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नज्फे हिंद जोगीरम्पुरी में सालाना मजलिस के दूसरे दिन दरगाह परिसर में जुमे की नमाज अदा करने के लिए भारी भीड़ उमड़ी। जुमे की नमाज मौलाना हसीन अख्तर सिरसीवी ने अदा कराई। जुमे की नमाज में देश और दुनिया में अमन व चैन की दुआएं मांगी गई। शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन अली जैदी ने मौला अली के रोजे पर चादर पेश कर प्रदेश व देश के लिए दुआ मांगी। मजलिसों को मौलाना मौहम्मद असगर मैमन सादात, मौलाना सैय्यद शम्सी मुजफ्फरपुर, मुनव्वर अब्बास साखनी, मिर्जा मनाजिर साखनी, शौकत अब्बास मुम्बई, मौलाना शबाब हुसैन नोएडा, मौलाना हम्माद मोहसिन फैजाबाद, फैज अब्बास मशाहदी लखनऊ, नदीम असगर बनारस, गुलाम रसूल नूरी कश्मीर, मजलिस मौलाना काजिम मेहंदी अरूज जौनपुर ने खिताब किया। इस मौके पर मोमिन रजा, नयर नकवी, नवाब हैदर, अब्बास नकवी, मैनेजर हुसैन मेहंदी, शब्बन मिया, अली आदि मौजूद थे।

# भीषण गर्मी में मंडावर की विद्युत आपूर्ति भी चरमराई

## कोई भी नहीं उठा रहा विरोध में आवाज

**सुनील पाल**

**मंडावर।** भीषण गर्मी में जनता झुलस रही हैं। ऐसे में विद्युत आपूर्ति का ठप रहना जनता के लिए भारी मुसीबत बन रहा है।

गर्मी ने अपने सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए है। दोपहर में तो गर्मी ने ऐसा प्रचंड रूप धारण कर लिया है कि घर भी भट्टियों की तरह तप रहे हैं। जनता धूप से झुलस रही है। भीषण गर्मी में घरों से बाहर निकलना मुश्किल नजर आ रहा है। विद्युत आपूर्ति बार-बार ठप होने से रात की नींद और दिन के चैन में खलल पड़ रहा है। पूर्व में कभी भी कस्बे की विद्युत आपूर्ति की खस्ता हालत कभी नहीं रही। फाल्ट ठीक करने के नाम पर घंटों आपूर्ति ठप की जा रही है। विद्युत विभाग के अभियंता फाल्ट सही करने के नाम पर उपभोक्ताओं को परेशान कर रहे है। सवाल यह उठता है कि मंडावर कस्बे की विद्युत विभाग के द्वारा उपेक्षा क्यों की जा रही है। कस्बे की भोली-भाली जनता के सब्र का बांध टूटने वाला है।

स्थानीय नेताओं के घरों में जनरेटर लगे हुए है। इस लिए वह खराब विद्युत आपूर्ति के विरोध में आवाज नहीं उठाते हैं। जरा सी आंधी व बारिश आने पर विद्युत आपूर्ति ठप कर दी जाती है। यह समस्या काफी पुरानी है। इसका स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है।

## एक नजर

### भीषण गर्मी के मद्देनजर स्कूलों में अवकाश

**बिजनौर।** जनपद में पड़ रही भीषण गर्मी के मद्देनजर कक्षा एक से आठ तक सभी स्कूलों व मदरसों को बंद करने के आदेश दिए गए है। जिलाधिकारी के निर्देश पर ग्रीष्म कालीन अवकाश घोषित किया गया है। साथ ही कक्षा नौ व बारह तक के स्कूल अगर खुलना जरूरी है, तो सुबह दस बजे तक ही अध्यापन कार्य होगा। इसका कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए है।


### विद्युतापूर्ति दुरूस्त करने की मांग



**हीमपुर दीपा।** विद्युत उपकेंद्र उलेढा से जुड़े दर्जनों ग्रामीण आज पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह के नेतृत्व में डीएम से मिले। जहां उन्होंने बताया कि बीते दिनों आए तूफान के बाद से 15 दिन बीत जाने के बाद भी ग्राम फतेहपुर कलां, हीमपुर दीपा, उलेढा, कुतुबपुर गढ़ी, सैदाबाद, मानिकपुरी, मुकरपुर गुर्जर, चक फतेहपुर आदि गांवों में विद्युत आपूर्ति सुचारु रूप से नहीं हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि 24 घंटों में एक घंटा भी बिजली नहीं दी जा रही है। गांव में दी जाने वाली बिजली के वोल्टेज एक बल्ब को भी जलाने में सक्षम नहीं है। वहीं एसडीओ हल्दौर की अपने अधीनस्थों पर पकड़ ठीक न होने और उलेढा बिजली घर पर तैनात कई लाइन मैनों के दिन में भी शराब सेवन के चलते यहां विद्युत आपूर्ति हर समय बाधित रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में एक तार टूट जाने पर वह महीनों ठीक नहीं होता, बल्कि प्राइवेट व्यक्ति को बुलाकर अच्छी रकम खर्च करते हुए उस तार को जुड़वाना पड़ता है।

# स्कूल के बाहर जानलेवा हमला

## मामूली कहासुनी बनी हमले की वजह, तनाव



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** स्कूल से घर लौट रहे कक्षा नौ के छात्र पर जानलेवा हमला किए जाने से सनसनी फैल गई। आरोप है कि कुछ दबंग युवकों ने छात्र को रास्ते में घेरकर बेरहमी से पीटा और उसके सिर पर हथियार से हमला कर दिया। गंभीर रूप से घायल छात्र को मेरठ के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के बाद कस्बे में तनाव और दहशत का माहौल बना हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला कानूनगोयान निवासी गौरव पाल का 14 वर्षीय पुत्र यश हृदयानंद सार्वजनिक इंटर कॉलेज में कक्षा नौ का छात्र है। परिजनों के मुताबिक स्कूल में किसी बात को लेकर उसकी दूसरे छात्र से कहा. सुनी हो गई थी। विवाद के दौरान आरोपी ने स्कूल के बाहर देख लेने और जान से मारने की धमकी दी थी। स्कूल की छुट्टी के बाद जब यश घर लौट रहा था, तभी पहले से घात लगाए बैठे कुछ युवकों ने उसे रास्ते में रोक लिया। आरोप है कि हमलावरों ने छात्र के साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाने के लिए यश भागा, लेकिन आरो. पियों ने पीछा कर उसके सिर पर हथियार से वार कर दिया। गंभीर चोट लगते ही छात्र सड़क पर गिर पड़ा और आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। घायल छात्र को पहले घर लाया गया, जिसके बाद परिजन उसे थाना हल्दौर लेकर पहुंचे। पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कराया। सीटी स्कैन में सिर में गंभीर चोट की पुष्टि होने पर चिकित्सक ने छात्र को मेरठ रैफर कर दिया। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के कुछ समय बाद आरोपी पक्ष के लोग उनके घर पहुंचे और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दी। घटना को लेकर कस्बे में तरह-तरह की चर्चाएं हैं और दो समुदायों के बीच तनाव महसूस किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है। थाना अध्यक्ष किशन अवतार ने बताया कि मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। गौरतलब है कि कम उम्र में बढ़ती आक्रामकता और हिंसक प्रवृत्ति अब समाज के लिए गंभीर खतरे का संकेत बनती जा रही है। मामूली विवादों में मारपीट, हथियारों का इस्तेमाल और जानलेवा हमलों जैसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सामाजिक विशेषज्ञों का मानना है कि बच्चों में बढ़ता गुस्सा, मोबाइल और गलत संगत उन्हें अपराध की ओर धकेल रही है।

दूसरी तरफ इस प्रकरण में पुलिस ने बेहद गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। साथ ही सहपाठी के पिता व पांच-छह अज्ञात के विरूद्ध भी घर पहुंच कर वादी के परिजनों से गाली-गलौच व जान से मारने की धमकी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। इस मामले में पुलिस ने तीन किशोरों को अपनी अभी रक्षा में लिया है।

# रामगंगा फाउंडेशन ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

## नदी को पर्यटन के लिए विकसित करने व गंदगी फैलाने वालों पर रोक की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ की प्रसिद्ध रामगंगा नदी और कालागढ़ क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने तथा नदी तट पर बढ़ रही भीड़ द्वारा गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग को लेकर सामाजिक संगठन श्री रामगंगा फाउंडेशन डीएम को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में फाउंडेशन पदाधिकारियों ने कहा कि कालागढ़ रामगंगा नदी तट प्राकृतिक सौंदर्य और पर्यटन की अपार संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र है, लेकिन यहां पर्याप्त व्यवस्थाओं और स्पष्ट दिशा-निर्देशों के अभाव में अव्यवस्था लगातार बढ़ रही है। नदी किनारे कुछ शरारती तत्वों द्वारा शराब सेवन, गंदगी फैलाने और असामाजिक गतिविधियों जैसी घटनाएं क्षेत्र की छवि को खराब कर रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों में असंतोष बढ़ रहा है।

फाउंडेशन ने प्रशासन से मांग की कि रामगंगा नदी तट पर पर्यटन को व्यवस्थित रूप से विकसित किया जाए। इसके तहत सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, साफ-सफाई सुनिश्चित करने, चेतावनी बोर्ड लगाने, पुलिस गश्त बढ़ाने तथा पर्यटकों के लिए आवश्यक सुविधाएं विकसित करने जैसे कदम उठाए जाएं। साथ ही शरारती तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई कर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं ताकि क्षेत्र का वातावरण सुरक्षित और स्वच्छ बना रहे।

डीएम ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन देते हुए कहा कि प्रशासन द्वारा इस विषय पर गंभीरता पूर्वक किया जाएगा और जल्द ही संबंधित विभागों के साथ समन्वय कर आवश्यक एवं ठोस कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि रामगंगा क्षेत्र को पर्यटन के लिहाज से बेहतर बनाने और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाएगी। ज्ञापन सौंपने के दौरान फाउंडेशन से जुड़े संस्थापक विनोद धारियावाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सिरोही तथा सामाजिक कार्यकर्ता विपिन यादव मौजूद रहे।

गौरतलब है कि रामगंगा नदी में नहाने वालों की भीड़ बढ़ती जा रही है जिससे रामगंगा नदी के तट आने वाले अफरा-तफरी का माहौल रहता है। बताया जाता है कि पर्यटक परिवारों के साथ आने वाली महिलाओं के साथ अश्लीलता व अभद्र भाषा तक का प्रयोग किया जाता है। दो दोपहिया वाहनों से आने वाले सड़क दुर्घटनाओं का भी शिकार हो रहे हैं।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं ,छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

## एक नजर

### बुखार से युवक की मौत


**स्योहारा।** विकास नगर कॉलोनी निवासी 35 वर्षीय राजू पुत्र तेजपाल को करीब चार दिन पहले तेज बुखार आया था। हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसका कई जगह उपचार कराया, लेकिन स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो सका। उपचार के दौरान देर रात युवक ने दम तोड़ दिया। युवक की मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है तथा सही कारणों की जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

### पालिका का जनगणना कार्य शुरू



**स्योहारा।** नगर क्षेत्र में जनगणना कार्य का शुभारंभ हनुमान मंदिर से किया गया। जनगणना अभियान शुरू होते ही नगर पालिका प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ कार्य में जुट गया। अभियान के दौरान नागरिकों से सही एवं पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराने की अपील भी की गई, ताकि शासन को सही आंकड़े प्राप्त हो सकें। नगर पालिका के ईओ विजेंद्र सिंह पाल के नेतृत्व में जनगणना कार्य प्रारंभ कराया गया। इस दौरान ईओ विजेंद्र सिंह पाल ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना केवल एक सरकारी प्रक्रिया नहीं, बल्कि विकास योजनाओं का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या से संबंधित आंकड़ों के आधार पर ही भविष्य में शिक्षा स्वास्थ्य सड़क पेयजल तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की योजनाएं तैयार की जाती हैं। उन्होंने कर्मचारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक घर तक पहुंचकर पूरी जिम्मेदारी और पारदर्शिता के साथ जानकारी एकत्र की जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। साथ ही नागरिकों से भी सहयोग करने की अपील की गई। जनगणना अभियान के शुभारंभ के दौरान पालिका प्रधान लिपिक देवेंद्र कुमार, मौहम्मद शान, अमित कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे पूरे अभियान के दौरान कर्मचारियों में उत्साह दिखाई दिया और नगर क्षेत्र में व्यवस्थित ढंग से कार्य शुरू कराया गया

### एमए उर्दू प्रथम सेमेस्टर में शाजिया प्रथम



**किरतपुर।** मौलाना मौहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूट के एमए उर्दू प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। परीक्षा परिणाम देख विद्यार्थियों में खुशी की लहर दौड़ गई और उनके चेहरे खिल उठे। शाजिया परवीन ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। सालिहा परवीन ने 70.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि नाजमीन खातून ने 68.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इस मौके पर महाविद्यालय के प्रबंधक मौहम्मद साईम राजा ने सभी विद्यार्थियों को मुबारकबाद देते हुए कहा कि विद्यार्थी इसी प्रकार मेहनत और लगन से पढ़ाई कर देश व समाज का नाम रोशन करें। महाविद्यालय के प्राचार्य डा. मोहित बंसल ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थी कठिन परिश्रम और लगन के साथ अध्ययन कर अपने करियर को संवारें तथा महाविद्यालय और परिवार का नाम रोशन करें। उर्दू प्रवक्ता उजमा परवीन ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### दो चोर गिरफ्तार

**चांदपुर।** पुलिस ने ब्लाक जलीलपुर चौराहे पर लगे सोलर खम्बे से चोरी हुए दो बैटरों के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इद्दू पुत्र असलम निवासी ग्राम दत्तियाना, थाना चांदपुर व शहजान पुत्र नजाकत अली निवासी ग्राम शेरपुर ढयोटी, थाना मंडी धानौरा, जनपद अमरोहा के कब्जे से चोरी के दो बैटरे बरामद किए हैं। इस सम्बंध में वादी निपेंद्र कुमार पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी ग्राम जलील. पुर, थाना चांदपुर ने मुकदमा अपराध संख्या 301/2026 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस पंजीकृत कर चोरों की खोज शुरू कर दी थी। पुलिस ने आज इस मामले में दो चोरों को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### नसबंदी कराने पर पत्नी को पीटा

**नहटौर।** क्षेत्र से एक अत्यंत दुखद और शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक महिला ने आरोप लगाया है कि सरकारी अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन कराने के बाद उसके पति ने उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और उसे घर से बाहर निकाल दिया। पीड़िता ने पति पर लंबे समय से मानसिक और शारीरिक उत्पीड़न करने का भी गंभीर आरोप लगाया है।

# सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत

## हिमाचल से लौटते वक्त हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हिमाचल प्रदेश के बद्दी से अपने घर लौट रहे ग्राम सिजौली के दंपति के साथ एक बेहद दुखद सड़क हादसा हुआ। यमुनानगर में एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर पीछे बैठी महिला सड़क पर गिर गई और कार उसके ऊपर से गुजर गई। हादसे में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार नहटौर क्षेत्र के ग्राम सिजौली निवासी मौहम्मद फैयाज हिमाचल प्रदेश के बद्दी में फास्ट फूड सप्लाई का काम करते है। वह अपनी पत्नी शबनम खातून (33 वर्ष) के साथ बाइक से वापस अपने गांव सिजौली लौट रहे थे। जैसे ही वे यमुनानगर में औरंगाबाद रेस्ट एरिया के पास सहारनपुर रोड पर बने पुल के समीप पहुंचे। पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार ड्राइवर ने एक बार गाड़ी रोकी और महिला की गंभीर हालत को देखा, लेकिन मदद करने के बजाय वह मौके से कार लेकर फरार हो गया। इस हादसे में शबनम के सीने और कंधे पर गंभीर चोटें आई।उसे अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मृतका शबनम तीन बच्चों की मां थी। उनकी असामयिक मृत्यु की खबर मिलते ही सिजौली गांव में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया। जब शव को गाँव लाया गया, तो पूरा माहौल गमगीन हो गया और बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों की मौजूदगी में उन्हें सुपुर्द-ए-खाक (दफन) किया गया।

# नहर से मजदूर का शव बरामद होने से सनसनी



## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** खेत पर पानी देने गए मजदूर का शव नहर पर मिलने से सनसनी फैल गई।

प्राप्त समाचार के अनुसार रेहड़ थाना क्षेत्र के ग्राम त्रिलोकपुर निवासी पप्पू सिंह (45 वर्ष) पुत्र उमराव सिंह खेत पर पानी लगाने बीती रात गया था। आज सुबह नहर से उसका शव बरामद होने पर क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पप्पू सिंह बीती शाम ग्राम के ही एक किसान के खेत पर मजदूरी पर पानी लगाने गया था। देर रात तक घर वापस न लौटने पर परिजनों को चिंता हुई। उन्होंने ग्रामीणों के साथ मिलकर उसकी तलाश शुरू की, लेकिन रात में उसका कोई पता नहीं चल सका। आज तड़के परिजनों और ग्रामीणों ने दोबारा खोजबीन शुरू की। इसी दौरान खेत के निकट स्थित नहर में पप्पू सिंह का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया और मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रेहड़ राजीव कुमार वर्मा पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी की तथा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। ग्रामीणों के अनुसार घटनास्थल के आसपास शराब सेवन से संबंधित अवशेष भी मिले हैं। मृतक शराब पीने का आदी था।

# अकीदत के साथ मनाए ईद उल अजहा

## समाजसेवियों ने भाईचारे पर दिया जोर



**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** समाजसेवियों ने ईदुल अजहा का त्यौहार अकीदत व भाईचारे के साथ मनाने का आह्वान किया है।

इसी क्रम में वरिष्ठ सपा नेता हाजी जियाउद्दीन अंसारी ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार बड़ी अकीदत के साथ मनाते हुए हदीस की रौशनी में कुर्बानी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई काम न करें, जिससे किसी दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। कुर्बानी का गोश्त ढक कर लेकर जाए। रास्तों पर गंदगी न फैलाए। उन्होंने कहा कि गरीबों का पूरा ख्याल रखें।

समाजसेवी डॉ. फहीमुद्दीन अंसारी ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार हजरत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में मनाया जाता है। इस त्यौहार को दीन की रौशनी में मनाए। कुर्बानी के बाद पशुओं के अवशेषों को इधर-उधर न फेंके। कुर्बानी के दौरान पर्दा कर लें। अवशेषों को गहरे गड्ढे में दबा दें।

राजा का ताजपुर ग्राम के प्रधान पद के मजबूत प्रत्याशी व समाजसेवी मकसूद अहमद ठेकेदार ने कहा कि कुर्बानी का गोश्त अपने पूर्व के रास्तों से लेकर जाए। कोई भी नई परम्परा शुरू न करें। जिन जानवरों पर पाबंदी है, उन जानवरों की कुर्बानी बिल्कुल भी न करें। सभी धर्मो के लोग त्यौहार को भाईचारे के साथ मनाए।

जिला पंचायत सदस्य इमरान ने कहा कि ईदुल अजहा का त्यौहार मुसलमानों के लिए खास है। इस त्यौहार पर कोई भी ऐसा काम न करें, जिससे किसी दूसरे की भावना को ठेस पहुंचे। उन्होंने कहा कि अगर अंजाने में किसी से कोई भूल हो जाती है, तो उसकी बातों को नजर अंदाज करें। सभी धर्मों के लोग त्यौहारों को आपसी भाईचारे के साथ मनाए और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें। सभी को खुले दिल के साथ एक-दूसरे के त्यौहारों पर मुबारकबाद देनी चाहिए। अपना दिल बड़ा रखना चाहिए।

# क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** विकास खंड अल्हैपुर सभागार में क्षेत्र पंचायत की सामान्य बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। बैठक में ब्लॉक प्रमुख क्षमा हेमलता चौहान, बीडीओ, एडीओ पंचायत, ग्राम प्रधानों और क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने भाग लिया। बैठक का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख और अन्य अधिकारियों द्वारा किया गया। इस दौरान सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दी गई। अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में चल रही विकास योजनाओं को तेजी से पूरा कराया जाएगा और पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर जोर दिया जाएगा। बैठक में क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याएं प्रमुखता से उठाईं। पेयजल, सड़क, सफाई व्यवस्था, बिजली, पंचायत भवनों की स्थिति और अन्य विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। कई सदस्यों ने गांवों में मूलभूत सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाते हुए जल्द समाधान की मांग की। ब्लॉक प्रमुख ने कहा कि क्षेत्र पंचायत सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गांवों के विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों को सरकारी योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। अंत में अधिकारियों ने सभी सदस्यों से अपने क्षेत्रों की समस्याओं को लिखित रूप में उपलब्ध कराने की अपील की, ताकि उनका समयबद्ध समाधान कराया जा सके।

# सिंचाई संघ की आपातकालीन बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़नपुर।** सिंचाई संघ उ.प्र. बिजनौर शाखा के आह्वान पर आपातकालीन बैठक संघ के अध्यक्ष एवं मंत्री के द्वारा बुलाई गई।

राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला मंत्री क्रांति कुमार शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अधिशासी अभियंता द्वारा कर्मचारियों के हो रहे शोषण, ACR खराब करने की धमकी भरे पत्र, अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश, कर्मचारियों की लंबित जटिल समस्याओं पर विचार न करने, राजस्व स्टाफ के प्रति द्वेष भावना, एसीपी का लाभ न देने, कर्मचारियों का 16 वर्ष पर एसीपी लाभ दिलाए जाने के बदले में अनावश्यक कार्य का दबाव डालने की कोशिश की गई। सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं को लेकर अधिशासी अभियंता विकास अग्रवाल द्वारा कर्मचारियों को अनावश्यक डराया व धमकाया जा रहा है। संघ एवं परिषद ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों का उत्पीड़न बंद नहीं हुआ और समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए अधिशासी अभियंता जिम्मेदार होंगे। संगठन को अधिशासी अभियंता के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी अधिशासी अभियंता की होगी। बैठक में राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला संरक्षक देशराज ने कहा कि कर्मचारियों का अनावश्यक उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में सुभाष यादव, करतार सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, सुशील कुमार वर्मा, वीरेंद्र सिंह, मोहित कुमार, राजकुमार, प्रदीप कुमार, अभिनय राजपूत, संजय गुप्ता, रामगोपाल, जगमो. हन, कृष्ण कुमार, आशीष कुमार, देवेंद्र कुमार शर्मा, अनुज कुमार, हरेंद्र कुमार, शूरवीर सिंह, राम बहादुर आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### बावरिया गिरोह की तलाश



**कालागढ़।** कॉर्बेट टाइगर रिजर्व वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो द्वारा जारी अलर्ट के क्रम में कार्बेट टाइगर रिजर्व व अमानगढ़ टाइगर रिजर्व के अधिकारियों द्वारा टीम के साथ वन क्षेत्र में बावरिया गिरोह की तलाश की गई। संयुक्त गश्त कालागढ़ रेंज की दक्षिणी सीमा के धारा ग्राम से होते हुए छजमलवाला, कल्लूवाला, लालबाग सहित आसपास के संवेदनशील क्षेत्रों में की गई।

### छेड़छाड़ व मारपीट का आरोपी गिरफ्तार

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र एक गांव निवासी महिला ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया था कि गांव निवासी युवक उसके मासूम बेटे को बहला-फुसलाकर एकांत जगह पर ले गया और उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। महिला द्वारा विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़िता के घर पहुंचकर गाली-गलौच और मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान महिला के साथ अभद्रता भी की गई तथा परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुक. दमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की गई। बाद में आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

### विवाहिता की मौत के मामले में पति गिरफ्तार

**स्योहारा।** ग्राम बेरखेड़ा में विवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जबकि मामले में नामजद दो अन्य आरोपी अभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस उनकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। दो दिन पहले ग्राम बेरखेड़ा निवासी पिंकी देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। परिजनों का आरोप है कि मृतका का अपने पति से विवाद हुआ था। जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई और उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। आरोप यह भी है कि मौत के बाद बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार करने का प्रयास किया गया। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। जांच के दौरान पुलिस ने पति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पुलिस की निशानदेही पर घटनास्थल के पास से कुछ जले हुए अवशेष भी बरामद किए गए। जिन्हें जांच के लिए सुरक्षित कराया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार की मौजूदगी में पुलिस ने साक्ष्य जुटाए हैं। मृतका के भाई की तहरीर पर पति समेत तीन लोगों के खिलाफ हत्या और साक्ष्य मिटाने सहित संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी पति सुनील कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। वहीं मामले में नामजद अन्य दोनों आरोपियों की तलाश जारी है।

### विवाहिता से गाली-गलौज व मारपीट

**नहटौर।** क्षेत्र के ग्राम फुलसंदा खाकम में पारिवारिक कलह का एक गंभीर मामला सामने आया है। सुरेशना देवी पत्नी रमेश सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी पुत्रवधू ने उनके साथ दुर्व्यवहार कर रही थी। घरेलू विवाद और लगातार हो रहे दुर्व्यवहार से तंग आकर उन्होंने इस संबंध में स्थानीय पुलिस से शिकायत की थी। पीड़िता सुरेशना देवी का आरोप है कि पुलिस में शिकायत किए जाने की बात से उनकी पुत्रवधू बेहद आक्रोशित हो गई। इसी बात से क्षुब्ध होकर उसने तुरंत अपने मायके वालों को फोन कर गांव बुला लिया। आरोप है कि मौके पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पीड़िता के घर में घुसकर न केवल अभद्र भाषा का प्रयोग किया, बल्कि उनके साथ मारपीट भी की।पीड़िता ने इस पूरे मामले में पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र तालिब गलत संगत में पड़ कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है। मेरे व परिवार के अन्य सदस्यों के साथ गाली गलौच व मारपीट करता है। उसकी हरकतों से तंग आकर मैंने तालिब से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके उसे अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी लेनदेन व कृत्य से मेरा या मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं है। **शाकिर पुत्र मुबारिक ग्राम जगतचंदपुर उर्फ चिलकिया, परगना व थाना बढ़ापुर ( बिजनौर )**

## आवश्यक सूचना

मेरी एक सम्पत्ति दादइलाही स्थित मौहल्ला लाल सराय नगीना को मैंने अपने पूर्ण होश हवास में अपने बेटे विकुश कुमार को दान कर दी है। दान की सम्पत्ति का विवरण बही नं. 1, जिल्द सं. 8977, पृष्ठ 177 से 194, क्रम 3877 दिनांक 04.05.2026 है। इस सम्पत्ति पर अब मेरे पुत्र विकुश कुमार का पूर्ण मालिकाना हक है और दानगृहिता में उक्त सम्पत्ति स्वीकार कर ली है। मैं अपना शपथ पत्र अपने हित हेतु सार्वजनिक सूचना देने हेतु दाखिल कर रहा हूं। जिससे उक्त सम्पत्ति पर किसी प्रकार का कोई मालिकाना हक का दावा न कर सके। अब पूर्ण सम्पत्ति का मालिक मेरा पुत्र विकुश कुमार होगा। **सूरज पुत्र शंकर निवासी मौहल्ला लाल सराय नगीना, थाना व तहसील नगीना, जिला बिजनौर।**

## कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद

संख्या 407/एन.बी.डी.- 30415/ मुरादाबाद दिनांक:- 19.05.2026

01. श्री प्रिंस गुप्ता पुत्र श्री के.एन. गुप्ता, भूतपूर्व अध्यक्ष, निवासी मौ. बाजार कला, धामपुर, जिला बिजनौर। 02. श्री गौरव कुमार पुत्र श्री धर्मपाल सिंह, भूतपूर्व उपाध्यक्ष, निवासी ग्राम मौहम्मदपुर सुल्तान, तह. धामपुर, जिला बिजनौर। 03. श्री कामेशवर नाथ गुप्ता पुत्र स्व. श्री परमेश्वर नाथ गुप्ता, भूतपूर्व सचिव/ प्रबन्धक, निवासी मौ. बाजार कला धामपुर, जिला बिजनौर। 04. श्री संजय पुत्र श्री बाबूराम, भूतपूर्व कोषाध्यक्ष, निवासी कागपुर मानक मझेड़ा शकरू, तह. नगीना, जिला बिजनौर। 05. श्री टिंकू कुमार पुत्र श्री इमरत सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी ग्राम मौहम्मदपुर सैद बढ़ापुर, तह. नगीना, जिला बिजनौर। 06. श्री पंकज शर्मा पुत्र श्री सोमदत्त शर्मा, भूतपूर्व सदस्य, निवासी रानीबाग कालोनी निकट रानीमहल, धामपुर, जिला बिजनौर। 07. श्री अरूण कुमार पुत्र स्व. श्री कुंवर सिंह, भूतपूर्व सदस्य, निवासी साईं धाम, निकट पीर मजार, टीचर्स कालोनी, धामपुर, जिला बिजनौर।

**विषय:- संस्था कौशल्य सेवा संस्थान प्रिंस साड़ी एम्पोरियम, लक्ष्मी काम्पलेक्स के सामने मेन मार्केट धामपुर, जिला बिजनौर के सम्बन्ध में।**

**महोदय,** उपयुक्त विषयक श्रीमती छाया रानी द्वारा अपने पत्र जो कार्यालय में दिनांक 05.05.2026 को प्राप्त है, के माध्यम से संस्था का नवीनीकरण किये जाने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। जिसके साथ प्रस्तुत प्रपत्रों में प्रबन्ध समिति की सूची वर्ष 2026-27 में आपको चयनित नहीं दर्शाया गया है। उपरोक्त के सम्बन्ध में यदि आपको कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति/ अनापत्ति नोटरी शपथ पत्र के माध्यम से पत्र जारी होने की तिथि से दो सप्ताह के भीतर कार्यालय में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

**( आनन्द विक्रम सिंह )**
**सहायक रजिस्ट्रार**

## कार्यालय : नगर पालिका परिषद स्योहारा, जनपद-बिजनौर

पत्रांक : 1295/ना.परि.-न.पा.प. (स्यो.) 2026 दिनांक : 21.05.2026

**सार्वजनिक सूचना**

**नोटिस अन्तर्गत धारा 147 उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1916**

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवदीप सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर ने निकाय के सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज सम्पत्ति क्रमांक 286M, जो मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान में स्थित है। जिसका पंजीकृत बैनामा के अनुसार कुल क्षेत्रफल 32.33 वर्ग मी. है। उक्त सम्पत्ति श्री नवदीप सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर ने श्रीमती संजोगिता सिंह पत्नी स्व. श्री राना प्रताप सिंह, निवासी मौहल्ला हिन्दू चौधरियान, स्योहारा, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर व श्रीमती कामिनी सिंह पत्नी स्व. श्री शैल राज सिंह, निवासी मौहल्ला हिन्दू चौधरियान, पोस्ट स्योहारा, तहसील धामपुर, जनपद बिजनौर से पंजीकृत बैनामा दिनांक 27.09.2025 के द्वारा क्रय की गयी है। उक्त सम्पत्ति पर नगर पालिका परिषद स्योहारा के सम्पत्तिकर अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने हेतु श्री नवदीप सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह द्वारा आवेदन पत्र दिनांक 08.05.2026 के साथ पंजीकृत बैनाम एवं मा. उच्च न्यायालय इलाहाबाद में दायर रिट याचिका संख्या 16714/2026 में पारित निर्णय की सत्यापित छायाप्रति सहित नामान्तरण के लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। नगर पालिका परिषद स्योहारा के वर्तमान सम्पत्तिकर अभिलेखों में क्रमांक 286M पर **'सेवा समिति प्रबन्धक'** दर्ज है। आवेदक द्वारा नगर पालिका के सम्पत्तिकर अभिलेखों में उक्त सम्पत्ति के आंशिक भाग पर अपना नाम दर्ज कराये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अत: उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत उपरोक्त सम्पत्ति पर श्री नवदीप सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर का नाम अंकित किए जाने में यदि किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति मय अभिलेखीय साक्ष्यों सहित निकाय कार्यालय में उक्त धाराओं के अन्तर्गत एक माह (30 दिन) की समय-सीमा के अन्तर्गत प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समय-सीमा के उपरान्त किसी भी दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा तथा उपरोक्त सम्पत्ति पर अध्यासी के रूप में श्री नवदीप सिंह पुत्र श्री अवतार सिंह, निवासी मौहल्ला सादात, कस्बा स्योहारा, जनपद बिजनौर का नाम नगर पालिका परिषद, स्योहारा (बिजनौर) के सम्पत्तिकर अभिलेखों में दर्ज कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद स्योहारा**
**जनपद-बिजनौर**

# महिलाओं का यौन उत्पीड़न निषेध और निवारण अधिनियम के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के आदेशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संजय कुमार सप्तम के मार्गदर्शन में आज नगर पालिका, तहसील चांदपुर में कार्य स्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के विषय पर जागरूकत्ता का आयोजन किया गया।



जिसकी अध्यक्षता सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बिजनौर सुश्री नैन्सी धुन्ना द्वारा किया गया। सचिव द्वारा उक्त अधिनियम के विषय में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया यौन उत्पीड़न रोकथाम निषेध और निवारण अधिनियम 2013 के अन्तर्गत शिकायतकर्ता और उत्तरदाता दोनों की पहचान गोपनीय रखी जाती है। जांच के दौरान यदि समिति द्वारा उत्तरदाता के विरूद्ध शिकायत सही पायी जाती है, तो समिति की अनुशंशा पर उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही भी की जा सकती है। भारत सरकार द्वारा अधिनियम एक कानून है।

इस अधिनियम का उदेश्य महिलाओं को सुरक्षित एवं अनुकूल कार्य वातावरण बनाने के साथ यौन उत्पीड़न के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना है। उक्त जागरूकता शिविर में नायाब तहसीलदार, महिलायें, बच्ची एवं पराविधिक स्वयं सेवक उपस्थित रहे। वापसी के दौरान रास्ते मे स्थित वृद्धाश्रम विदुर कुटी दारानगर गंज का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम की केन्द्र प्रभारी अनुपस्थित मिली। उपस्थित कर्मचारी अवगत कराया गया कि सभी वृद्धजनों के लिए पर्याप्त भोजन रहने के लिए कमरा, कपड़े एवं बिस्तर प्राप्त है। निरीक्षण के दौरान वृद्धजन उपस्थित पाये गये वृद्धजनों से पूछताछ करने पर किसी ने कोई समस्या नहीं बतायी।

# रसोई में रखे गैस सिलेंडर में विस्फोट

## धमाके के साथ लगी भीषण आग से कॉलोनी में मची अफरा-तफरी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** दुर्गा विहार कॉलोनी में गुरुवार को एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब रिटायर्ड इंस्पेक्टर स्पेक्टर सिंह के घर रसोई में रखे गैस सिलेंडर में अचानक विस्फोट हो गया। धमाके के साथ लगी भीषण आग से कॉलोनी में अफरा-तफरी मच गई और आसपास के लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। गनीमत रही कि घटना के समय परिवार के सदस्य घर के बाहर टहल रहे थे, जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त समाचार के अनुसार दुर्गा विहार कॉलोनी निवासी रिटायर्ड इंस्पेक्टर स्पेक्टर सिंह के घर गुरुवार को रसोई में दूध गर्म किया जा रहा था। इसी दौरान अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर पूरी रसोई को अपनी चपेट में ले लिया। आग की तेज लपटों के बीच घर में रखे गैस सिलेंडर में जोरदार धमाके के साथ विस्फोट हो गया। धमाका इतना तेज था कि उसकी आवाज दूर-दूर तक सुनाई दी, जिससे कॉलोनी में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंच गए और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग की भयावहता के चलते कोई अधिक करीब नहीं जा सका। सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि आग की चपेट में आकर घर का फर्नीचर, घरेलू सामान और अन्य कीमती वस्तुएं जलकर खाक हो गई, जिससे लाखों रुपए के नुकसान का अनुमान है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि हादसे के समय परिवार के सदस्य घर के अंदर होते तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल पुलिस और संबंधित विभाग घटना के कारणों की जांच में जुटे हैं।

# देवर पर दुष्कर्म का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एक महिला ने अपने देवर पर दुष्कर्म करने, पति और सास पर उत्पीड़न व दहेज प्रताड़ना के गंभीर आरोप लगाते हुए एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

मौहल्ला बंदूकचियान निवासी रूखसार ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी शादी करीब पांच वर्ष पूर्व मुस्लिम रीति-रिवाज के अनुसार आसिफ के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही कम दहेज को लेकर उसकी सास रजिया और पति आसिफ उसे मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे और लगातार अतिरिक्त दहेज की मांग करते रहे। पीड़िता का आरोप है कि 28 मार्च 2026 की शाम वह अपने किराये के मकान में अकेली थी। इसी दौरान उसका देवर आदिल नशे की हालत में घर में घुस आया और कथित तौर पर उसके साथ जबरदस्ती की। महिला का कहना है कि विरोध करने पर उसके साथ मारपीट भी की गई। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिसके बाद आरोपी वहां से फरार हो गया। महिला का यह भी आरोप है कि घटना की जानकारी पति को देने पर उसने अभद्र व्यवहार किया और साथ रखने से इनकार कर दिया। पीड़िता का कहना है कि वह उसी समय अपनी मां और अन्य लोगों के साथ थाना धामपुर पहुंची, लेकिन कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। अब पीड़िता ने एसपी से निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने, मेडिकल परीक्षण कराने और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर इंजीनियरों से रिकवरी का आदेश बना विवाद का कारण

### जूनियर इंजीनियर्स संगठन ने प्रबंधन पर उठाए सवाल



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश पॉवर कॉरपोरेशन में ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में इंजी. नियरों एवं कर्मचारियों से रिकवरी किए जाने के आदेश का विरोध तेज हो गया है। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन ने इस संबंध में प्रबंधन को ज्ञापन सौंपते हुए आदेशों पर पुनर्विचार की मांग की है। संगठन का कहना है कि बिना पर्याप्त संसाधन, स्टाफ और सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए फील्ड कर्मचारियों पर आर्थिक दायित्व डालना उचित नहीं है।

संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर कहा कि विभागीय कमियों का भार फील्ड इंजीनियरों पर डाला जा रहा है। संगठन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से जर्जर व्यवस्था, घटिया सामग्री, ट्रांसफार्मरों की कमी और तकनीकी स्टाफ के अभाव के बावजूद कर्मचारियों से निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने की अपेक्षा की जा रही है। संगठन ने कहा कि निगम द्वारा 18 मार्च 2026 को जारी आदेशों के तहत ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने पर अवर अभियंताओं एवं प्रोन्नत अभियंताओं पर रिकवरी का खतरा उत्पन्न हो गया है। संगठन का तर्क है कि जब फील्ड स्तर पर ट्रांसफार्मर ऑयल, वायरिंग सामग्री, टेस्टिंग व्यवस्था और मेंटेनेंस एजेंसियों की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है, तब केवल इंजीनियरों को जिम्मेदार ठहराना न्यायसंगत नहीं कहा जा सकता।

ज्ञापन में मांग की गई है कि स्पॉट मेंटेनेंस के लिए अलग एजेंसी नियुक्त की जाए, 48 घंटे के भीतर ट्रांसफार्मरों की मरम्मत सुनिश्चित हो तथा रिपेयर ट्रांसफार्मरों की SOP के अनुसार अनिवार्य टेस्टिंग कराई जाए। इसके अलावा कई बार रिपेयर हो चुके ट्रांसफार्मरों को बदलकर नए ट्रांसफार्मर लगाए जाने की भी मांग की गई है। संगठन ने यह भी आरोप लगाया कि बिना निष्पक्ष जांच कर्मचारियों पर वेतन कटौती और अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। पदाधिकारियों का कहना है कि कठिन परिस्थितियों में कार्य करने वाले फील्ड इंजीनियरों को ही जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

ज्ञापन में संगठन ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर एवं लाइनों के रख-रखाव हेतु पर्याप्त तकनीकी स्टाफ उपलब्ध कराया जाए, फील्ड कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण दिए जाएं, घटिया सामग्री के उपयोग पर रोक लगे तथा फील्ड में कार्यरत अभियंताओं को अनावश्यक उत्पीड़न से बचाया जाए। साथ ही रिकवरी और वेतन कटौती जैसी कार्रवाई निष्पक्ष जांच के बाद ही किए जाने की मांग की गई है।

संगठन पदाधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ और एकतरफा कार्रवाई जारी रही, तो प्रदेश स्तर पर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। उनका कहना है कि बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए जमीनी स्तर पर संसाधनों को मजबूत करना आवश्यक है।

# कस्बों में बढ़ी आबादी, फिर भी ग्रामीण मानकों पर चल रहीं गैस एजेंसियां

## उपभोक्ताओं को समय पर नहीं मिल रहे सिलेंडर



### केंद्रीय मंत्री से नई एजेंसियां खोलने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** लाखों की आबादी वाले कस्बे में 45 दिन में गैस मिलने से परेशान जनता की समस्या को लेकर नगीना सांसद चंद्रशेखर ने केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री को पत्र भेजकर नई एजेंसियां खोलने की मांग की है।

प्राप्त समाचार के अनुसार सांसद चन्द्र शेखर ने भेजे गए पत्र में कहा कि गैस एजेंसियों की पुरानी व्यवस्था अब उपभोक्ताओं की परेशानी का कारण बनती जा रही है। वर्षों पहले ग्रामीण मानकों के आधार पर स्थापित की गई गैस एजेंसियां आज भी उसी व्यवस्था के तहत संचालित हो रही हैं, जबकि इन क्षेत्रों की आबादी कई गुना बढ़ चुकी है और नये मोहल्लों व कॉलोनियों का तेजी से विस्तार हुआ है।

इस संबंध में केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पत्र भेजकर व्यवस्था में सुधार की मांग उठाई गई है। पत्र में कहा गया है कि पहले ग्रामीण श्रेणी में आने वाले कई क्षेत्र अब पूर्ण रूप से कस्बाई और नगरीय स्वरूप ले चुके हैं, लेकिन गैस वितरण व्यवस्था में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया गया। बढ़ती उपभोक्ता संख्या के मुकाबले गैस एजेंसियों की संख्या और वितरण क्षमता पर्याप्त नहीं होने के कारण लोगों को घरेलू गैस सिलेंडर लेने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं को कई-कई दिनों तक इंतजार करना पड़ता है, जबकि कई बार समय पर सिलेंडर उपलब्ध नहीं हो पाता। इससे आम परिवारों की दैनिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है।

पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि जनसंख्या वृद्धि और शहरी विस्तार के बावजूद गैस एजेंसियों का संचालन पुराने ग्रामीण मानकों पर होने से व्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव बढ़ गया है। ऐसे में मौजूदा स्थिति का पुनर्मूल्यांकन कर नई गैस एजेंसियों की स्वीकृति देना समय की जरूरत बन गई है।

मांग की गई है कि सरकार वर्तमान जनसंख्या और उपभोक्ताओं की संख्या को ध्यान में रखते हुए वितरण क्षमता बढ़ाए, नई एजेंसियों को मंजूरी दे तथा आवश्यक नीति संशोधन करे, ताकि लोगों को समयबद्ध और बेहतर गैस सेवा उपलब्ध कराई जा सके। जनहित से जुड़े इस मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई की अपेक्षा जताई गई है।

### शेरकोट में 25 दिनों में गैस आपूर्ति दिलाने की मांग

**शेरकोट।** नगर व आसपास के दर्जनों में लाखों लोगों की आबादी होने के बावजूद मात्र एक ग्रामीण गैस एजेंसी होने से 45 दिनों में मिलने वाली गैस आपूर्ति होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जिला पूर्ति अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों व पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री से नगर को 25 दिन में गैस आपूर्ति दिलाने की मांग की है।

# शुगर मिल के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** धामपुर शुगर मिल के स्थापना दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, कर्मचारियों और श्रमिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए कुल 40 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का आयोजन धामपुर शुगर मिल की डिस्पेंसरी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय, राजकीय रक्त केंद्र बिजनौर के सहयोग से संपन्न हुआ। शिविर का शुभारंभ धामपुर शुगर मिल के उपाध्यक्ष आशीष कुमार शर्मा ने स्वयं रक्तदान कर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है और एक यूनिट रक्त से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। राजकीय रक्त केंद्र बिजनौर से प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. सुमित कुमार राव के नेतृत्व में चिकित्सा टीम ने रक्त संग्रहण का कार्य किया। टीम में लैब टेक्नीशियन नीरज कुमार, विनोद कुमार, नरेश नरवाल, स्टाफ नर्स मुकेश देवी, विमल गहलोत, धीरज सैनी, चरण सिंह घाघाट और कमल सिंह शामिल रहे। धामपुर शुगर मिल के ऑक्यूपेशनल हेल्थ सेंटर के सहायक मेडिकल ऑफिसर कमल सिंह पंवार, मुख्य फार्मासिस्ट विजय कुमार और स्टाफ नर्स कविता रानी ने रक्तदाताओं की देखभाल और शिविर संचालन में सहयोग दिया। शिविर में एचआर हेड विवेक सिंह यादव, अनुज मलिक, विजय कुमार गुप्ता, प्रखर राजपूत, दिनेश राणा, मोहित कुमार, प्रशांत कुमार, सुनील कुशवाहा, अभिषेक कुमार सहित बड़ी संख्या में कर्मचारियों और श्रमिकों ने रक्तदान किया। कारखाना महाप्रबंधक विजय कुमार गुप्ता के अनुरोध पर प्रधान योगा के अध्यक्ष दुष्यंत राणा, महामंत्री प्रेम प्रकाश सैनी तथा अन्य वरिष्ठ सदस्यों ने भी शिविर में भाग लेकर रक्तदान किया।

# कामरेड नसीमा उस्मान का निधन



**चांदपुर।** एमएम इंटर कॉलेज के सेवानिवृत शिक्षक उस्मान साहब की पत्नी कामरेड नसीमा उस्मान का नोएडा में इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। बड़ी संख्या में उनके शिष्य एवं चाहने वाले शिक्षक उस्मान साहब के निवास नोएडा पहुंचे और संवेदना व्यक्त की। चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने अपने शिक्षक रिटायर्ड उस्मान साहब की पत्नी नसीमा उस्मान के इंतकाल पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि वह बहुत नेक दिल महिला थी। सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेती थी। आसपा के जिला प्रभारी मौहम्मद ताहिर ने कहा कि हमारे शिक्षक रहे उस्मान साहब की पत्नी नसीमा उस्मान समाजसेवा के क्षेत्र से जुड़ी हुई थी। एमएम इंटर कॉलेज के सीनियर शिक्षक काजी फिरोज अहमद ने कहा कि हमारे गुरु उस्मान साहब की पत्नी नसीमा उस्मान शिक्षा के और समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी रहती थी, उन्होंने अपने जीवन काल में अनेको ऐतिहासिक सामाजिक कार्यों को किया।

# अघोषित विद्युत कटौती से हा-हाकार

**कोतवाली देहात।** अघोषित बिजली कटौती से क्षेत्र में हा-हाकार मचा हुआ है। रात के आठ बजते ही बिजली आपूर्ति बंद कर दी जाती है। इसके बाद रात करीब 12:01 बजे बिजली आती है।

लाइनों की हालत बेहद जर्जर। इनमें कहीं भी फाल्ट हो जाता है। रात में फॉल्ट होने की स्थिति में सुबह ही फॉल्ट सही किया जाता है। पूरी रात जनता परेशान रहती है। जनता की फरियाद सुनने वाला यहां कोई नहीं है। इलेक्शन आते ही नेताओं की लंबी कतार लग जाती है। वोट लेने के लिए सब पार्टी आती है जनता की समस्या हल करने के लिए, ना तो कोई सांसद आत है ना विधायक।

ग्रामीण क्षेत्र के लिए सरकार द्वारा कम से कम 18 घंटे विद्युत आपूर्ति देने के निर्देश है। लेकिन यहां 8 घंटे भी ढंग से आपूर्ति नहीं दी जा रही है।

# बेटियों का सम्मान, गांव की पहचान

## 'गांव की गरिमा' बना सामाजिक जागरूकता का अभियान

**यशी अग्रवाल**

**बिजनौर।** जब कोई सोच समाज की दिशा बदलने का संकल्प लेकर आगे बढ़ती है, तब वह केवल योजना नहीं बल्कि एक जनजागरण अभियान बन जाती है। ऐसा ही एक प्रेरणादायी कार्य 'गांव की गरिमा' के नाम से उत्तर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में नई पहचान बना रहा है। यह अभियान बेटियों को सम्मान देने, शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और गांव की प्रतिभाओं को समाज के सामने लाने का अनूठा प्रयास बन चुका है।

इस अभिनव पहल की शुरुआत लगभग ढाई वर्ष पूर्व जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता ने अपनी हरदोई पोस्टिंग के दौरान की थी। अभियान के अंतर्गत गांव की उन बेटियों के सम्मान में विशेष बोर्ड लगाए गए, जिन्होंने सरकारी सेवाओं में अपनी पहचान बनाई। इतना ही नहीं, उनके गांवों में मार्गों का नामकरण भी उनके नाम पर किया गया, जिससे गांव की बेटियां प्रेरणा का प्रतीक बन सकें।













'गांव की गरिमा' नाम से चल रहे अभियान का उद्देश्य केवल सम्मान देना नहीं, बल्कि समाज को यह संदेश देना है कि बेटियां किसी भी गांव, परिवार और समाज की असली पहचान होती हैं। गांवों में लगाए गए ये बोर्ड अब नई सोच, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण के प्रतीक बन चुके हैं।

इस सराहनीय कार्य को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने रचना गुप्ता को सम्मानित भी किया था। उन्होंने इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा था कि ऐसे प्रयास गांवों में सामाजिक चेतना जगाने का कार्य करते हैं और बेटियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करते हैं।

आज जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में यह अभियान लगातार आगे बढ़ रहा है। गांव-गांव में 'गांव की गरिमा'बोर्ड लगाए जा रहे हैं, जिससे बेटियों को सम्मान के साथ नई पहचान मिल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इन बोर्डों को देखकर गांव के बच्चों और युवाओं में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ रहा है और बेटियों को आगे पढ़ाने की सोच मजबूत हो रही है।

जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता का कहना है कि यह केवल सम्मान का कार्य नहीं, बल्कि एक जागरूकता संदेश है। यह अभियान उन परिवारों और समाज को प्रेरित करता है जो बेटियों की शिक्षा को महत्व देते हैं और उन्हें आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।

आज 'गांव की गरिमा' केवल एक नाम नहीं, बल्कि ग्रामीण विकास, महिला सम्मान और सामाजिक बदलाव की नई पहचान बन चुका है। यह पहल यह संदेश दे रही है कि 'जिस गांव की बेटियां आगे बढ़ती हैं, वही गांव असली मायनों में प्रगति करता है।'

## एक नजर

### बिजलीघर पर जमकर हंगामा



**कोतवाली देहात।** रात में बिजली की आंख मिचौली से परेशान ग्रामीणों ने रात में बिजली घर पर जमकर हंगामा किया। आश्वासन के बाद ग्रामीण लौट आए, लेकिन रात भर बिजली की आंख मिचौली जारी रही। शादीपुर विद्युत उपकेंद्र से जुड़े कई गांव के ग्रामीण बीती रात बिजली घर पर पहुंचे तथा जमकर हंगामा किया। उन्होंने एसडीओ किरतपुर से बात करने का प्रयास किया, लेकिन किसी अधिकारी ने फोन नहीं उठाया। लगभग आधे घंटे तक ग्रामीण हंगामा करते रहे। बिजली घर पर मौजूद कर्मचारियों ने बताया कि हेड क्वार्टर से जैसे बिजली आ रही है, उसी के अनुसार आपूर्ति की जा रही है। ग्रामीण रात में विद्युत कटौती न करने की मांग कर रहे थे। काफी समझाने के बाद ग्रामीण वापस लौट गए। इस दौरान शुभम मौर्य, सुधांशु मौर्य, रवि मौर्य, अमित गुप्ता, विकास गुप्ता, धनंजय सिंह, लतीफ अहमद, नजाकत अली आदि मौजूद रहे।

### पुलिया के निर्माण तक धरना जारी



**कोतवाली देहात।** ग्राम बरुकी में सर्विस रोड पर नहर की पुलिया का निर्माण पूरा होने तक भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता धरने पर बैठेंगे। लगातार सातवें दिन भी धरना जारी रहा। ग्राम बरूकी में सर्विस रोड पर नहर पर पुल के निर्माण की मांग काफी समय से क्षेत्रवासी कर रहे थे। कुछ दिन पहले पुलिया निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया है। आज भी पुलिया निर्माण का कार्य जारी रहा। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ता बरुकी क्षेत्र अध्यक्ष बृजेश चौधरी के नेतृत्व में निर्माण स्थल पर धरने पर बैठे हैं। भाकियू कार्यकर्ताओं का कहना है कि जब तक पुलिया का निर्माण पूरा नहीं हो जाएगा, तब तक वह धरने पर बैठे रहेंगे। कई कार्यकर्ता रात्रि में भी धरने पर बैठे-बैठे हैं। धरना स्थल पर जितेंद्र कुमार, देवेंद्र प्रधान, नरपाल सिंह, वीर सिंह, कपली देवी, मूला सिंह आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### व्यावसायिक कार्यों में घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग




**धामपुर।** ग्राम मौजमपुर जैतरा में आयोजित धामपुर महोत्सव मेला में घरेलू गैस सिलेंडरों के कथित अवैध उपयोग और अग्नि सुरक्षा मानकों की अनदेखी का मामला तूल पकड़ गया है। तहसील क्षेत्र निवासी रामजी सिंह ने जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कर खाद्य एवं रसद विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। शिकायत में आरोप लगाया गया कि मेले में खाद्य सामग्री तैयार करने और व्यावसायिक कार्यों के लिए खुलेआम घरेलू रसोई गैस सिलेंडरों का इस्तेमाल किया जा रहा है, जबकि नियमानुसार केवल कॉमर्शियल सिलेंडर ही प्रयोग किए जा सकते हैं। शिकायतकर्ता ने यह भी कहा कि क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर उपभोक्ताओं को 20 से 25 दिन की देरी से मिल रहे हैं, ऐसे में व्यावसायिक उपयोग से आम जनता प्रभावित हो रही है। साथ ही मेले में अग्निशमन यंत्र, पानी टैंक और अन्य सुरक्षा संसाधनों की कमी को बड़ा खतरा बताया गया। हाल ही में दुर्गा विहार कॉलोनी में हुए गैस सिलेंडर ब्लास्ट का हवाला देते हुए मेले में बड़े हादसे की आशंका जताई गई है।

### एक ही रात में तीन जगह चोरी

**नांगल सोती।** एक ही रात में तीन नलकूपों पर चोरी हो गई। ग्राम महमसापुर निवासी राजू सिंह और सोहन सिंह के नलकूपों से बीती रात चोरों ने केविल, कटआउट, चोरी कर लिए। उधर ग्राम हरचंदपुर निवासी पवन कुमार के नलकूप पर बने मकान का ताला तोड़कर चोर केबिल व कटआउट चोरी कर ले गए। किसानों ने चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी है।

### बीसीए प्रथम सेमेस्टर में नीतिका प्रथम



**धामपुर।** दिशा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के बीसीए प्रथम सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) का परीक्षाफल गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद द्वारा जारी किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम गौरवान्वित किया। इस वर्ष विशेष रूप से छात्रों व छात्राओं ने अपनी प्रतिभा, मेहनत और लगन के बल पर शीर्ष स्थान प्राप्त कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया। छात्रा नीतिका राजपूत पुत्री लोकेन्द्र सिंह को 78.42 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए और इंस्टीट्यूट में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। छात्रा शहजीन परवीन पुत्री मौ. शाहिद को 78.14 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान पर रहीं एवं छात्रा निकिता रावत पुत्री धर्मेन्द्र सिंह रावत 76.00 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर संस्था की चेयरपर्सन डा. नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल एवं संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पण और संस्थान में, उपलब्ध गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण का प्रतिफल है। उन्होंने विद्यार्थियों को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहने के लिये प्रेरित किया। सफल विद्यार्थियों को उनके सहपाठियों और शिक्षकों द्वारा बधाई दी गयी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गयी, जिसमें संस्थान के रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इंचार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य डा. दुष्यंत जैन, परीक्षा नियंत्रक एवं विभागाध्यक्ष गौरव मलिक, मधुलिका राजपूत, कोर्डिनेटर जितेन्द्र सिंह, परमजीत कौर, नीशू सिंह, रश्मि शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# समीक्षा बैठक में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधक सम्मानित

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** बैंकों की समीक्षा बैठक में वार्षिक क्रेडिट प्लान पर चर्चा की गई जबकि ग्राम पंचायतों को रिकार्ड पूरा करने के आवश्यक निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में वार्षिक क्रेडिट प्लान को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एमएसएमई में जनपद में अच्छा कार्य करने की आवश्यकता है। कृषि क्षेत्र के अन्तर्गत फूलों की खेती एवं अन्य क्षेत्र में बहुत सम्भावनाएँ हैं गंगा एक्सप्रेसवे के संचालित हो जाने से बहुत सुविधा प्राप्त होगी इसका लाभ उठाना चाहिए। एजुकेशन लोन पर भी ध्यान दिया जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत बैंकों में लंबित आवेदन की जानकारी प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में खादी ग्रामोद्योग योजना तथा पीएम स्व निधि, एन आर एल एम एवं पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के लंबित आवेदनों पर बैंक वार चर्चा की गयी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि कृषि एवं इससे जुड़े क्षेत्रें पर विशेष फोकस रखा जाए। पिछले वित्तीय वर्ष में विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शाखा प्रबंधकों को शील्ड देकर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। तत्पश्चात पंचायती राज विभाग लेखा परीक्षा ऑडिट के संबंध में बैठक की गयी। 2011-12 से 2023-24 तक जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियां एवं पंचायतें सम्भल से जारी अधिकार प्रतिवेदन के अनुपालन की स्थिति। ग्राम पंचायतों को रिकॉर्ड पूर्ण करने को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। प्रस्तर निस्तारण को लेकर भी एडीओ पंचायत को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, एलडीएम ललित कुमार रॉय, जिला पंचायती राज अधिकारी चेतेन्द्र पाल सिंह, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह एवं सहायक लेखा परीक्षक अधिकारी एवं संबंधित जिला समन्वयक बैंक, एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



सम्भल। कलक्ट्रेट सभागार में बैंकों की समीक्षा बैठक में योजनाओं पर चर्चा करते मुख्य विकास अधिकारी।

# गर्मी का कहर पारा 43 के पार

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** भीषण गर्मी और हीट वेव का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। सुबह में तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है,लेकिन दोपहर तक इसके 43 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। तेज धूप और लू के थपेड़ों के कारण जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। लोग सुबह-सुबह ही जरूरी काम निपटाकर घरों में कैद होने को मजबूर हैं। दोपहर के समय नगर की सड़कें और बाजार वीरान नजर आ रहे हैं। बढ़ते खतरे को देखते हुए अस्पताल प्रशासन पूरी तरह अलर्ट पर है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गुन्नौर प्रभारी डा. राजकिशोर ने बताया कि लू और हीट वेव से प्रभावित मरीजों के लिए अस्पताल में एक अलग विशेष वार्ड स्थापित किया गया है। इस वार्ड में 6 मरीजों को भर्ती करने की व्यवस्था की गई है। मरीजों को राहत देने के लिए वार्ड में कूलर पंखे की व्यवस्था है। वार्ड में सभी आवश्यक दवाएं और जीवन रक्षक चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। डाक्टरों और स्टाफ को भी विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। डा.राजकिशोर ने बताया कि अत्यधिक आवश्यक होने पर ही दोपहर के समय घर से बाहर निकलें। उन्होंने कहा कि लोग पर्याप्त मात्र में पानी पीते रहें, हल्के सूती कपड़े पहनें और धूप में निकलते समय सिर को कपड़े या टोपी से ढककर रखें। लू लगने, चक्कर आने, उल्टी या तबीयत बिगड़ने पर लापरवाही न करें और तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र या अस्पताल पहुंचकर डाक्टर से संपर्क करें। समय पर इलाज से गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है।

### ()गुन्नौर के अस्पताल में बना हीटवेव वार्ड

# सड़क हादसे में घायल का मुफ्त कैशलैस होगा इलाज

### ()बीमा हो या न हो सरकार उठायेगी खर्च

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सड़क दुर्घटनाओं में जान गंवाने वालों के आंकड़े कम करने और घायलों को बिना किसी देरी के चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए एक बेहद अहम कैशलेस इलाज योजना लागू की जा रही है। एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 164बी के तहत स्थापित मोटर वाहन दुर्घटना कोष के जरिए अब सड़क हादसे के शिकार प्रत्येक व्यक्ति को 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस इलाज मुफ्त मिलेगा। यह जीवन रक्षक सुविधा दुर्घटना के दिन से अधिकतम 7 दिनों तक लागू रहेगी। सबसे अहम बात यह है कि दुर्घटना करने वाले वाहन का बीमा हो या न हो, घायल व्यक्ति का इलाज नहीं रुकेगाय इसका पूरा खर्च सरकार और बीमा कंपनियां उठाएंगी। यह योजना मुख्य रूप से पीएमजेएवाई में सूचीबद्ध अस्पतालों में मिलेगी, जिसकी पूरी प्रक्रिया को टीएमएस 2.0 और ई-डार पोर्टल के माध्यम से पूरी तरह डिजिटल बनाया गया है।

## बिना पुलिस के पहुंचने पर भी तुरंत शुरू होगा इलाज

**सम्भल।** हादसे के बाद यदि घायल व्यक्ति बिना पुलिस की मदद के सीधे अस्पताल पहुंचता है, तो भी इलाज में कोई कागजी अड़चन नहीं आएगी। जानलेवा या गंभीर चोट के मामलों में अस्पताल तुरंत पूरा इलाज शुरू कर देगा और टीएमएस पर घायल व्यक्ति की सूचना भरेगा जो स्वत: ई डार पर प्रदर्शित होगा, जिसे संबंधित थानाध्यक्ष देख सकेगा। वहीं, सामान्य चोट के मामलों में अस्पताल तुरंत 'स्टेबलाइजेशन' (प्राथमिक) इलाज शुरू करेगा और ई-डार पर पुलिस की पुष्टि के बाद आगे का फुल ट्रीटमेंट किया जाएगा। घायल की पहचान सुनिश्चित करने के लिए पुलिस ई-डार पर एक विशेष 'विक्टिम आईडी' जनरेट करेगी जिसे अस्पताल के डेटा से लिंक किया जाएगा।

## पुलिस वेरीफिकेशन के लिए 24 घंटे की डेडलाइन

**सम्भल।** इस पूरी योजना में पुलिस की भूमिका को बेहद जवाबदेह और समयबद्ध बनाया गया है। जानलेवा और गंभीर चोट के मामलों में पुलिस को महज 48 घंटे के भीतर ई-डार पोर्टल पर दुर्घटना का वेरिफिकेशन करना होगा। अन्य सामान्य मामलों में यह समयसीमा अधिकतम 24 घंटे तय की गई है। यदि संबंधित थाना या अधिकारी इस तय समय में वेरिफिकेशन नहीं करते हैं, तो सिस्टम के जरिए यह मामला स्वत: ही डीजीपी के लॉग-इन में एस्केलेट हो जाएगा। यदि ई-डार पर केस रिजेक्ट होता है, तो मरीज को योजना से बाहर कर दिया जाएगा और इलाज का खर्च उसे स्वयं उठाना होगा।

## 10 दिन में क्लेम का ऑटो-अप्रूवल और भुगतान

**सम्भल।** अस्पताल द्वारा मरीज के डिस्चार्ज होने के बाद क्लेम सेटलमेंट की प्रक्रिया बेहद तेज होगी। स्टेट हेल्थ एजेंसी डेटा फिल्टर करके यह तय करेगी कि दुर्घटना करने वाले वाहन का बीमा है या नहीं। यदि वाहन बीमित है, तो क्लेम का भुगतान जनरल इंश्योरेंस काउंसिल के जरिए किया जाएगा। यदि वाहन का बीमा नहीं है, तो भुगतान जिलाधिकारी के माध्यम से होगा, जो केंद्र सरकार के बजटीय समर्थन वाले पीएफएमएस अकाउंट से होगी। सबसे बड़ी राहत की बात यह है कि यदि 10 दिनों के भीतर जीआई काउंसिल या जिलाधिकारी की तरफ से कोई जवाब नहीं आता है, तो सिस्टम क्लेम को डीम्ड अप्रूवल स्वत: स्वीकृत मानकर अस्पताल को भुगतान कर देगा।

# आपदा प्रबंधन को लू व बाढ़ से बचाव की तैयारियों की समीक्षा

### ()आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई के निर्देश

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आपदा प्रबंधन के अन्तर्गत स्टीयरिंग ग्रुप की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संभावित बाढ़ एवं लू से बचाव की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में गंगा तटबंधों एवं बाढ़ सुरक्षा व्यवस्थाओं पर हुई चर्चा। बैठक के दौरान आपदा प्रबंधान विशेषज्ञ अच्युत कुमार यादव द्वारा जानकारी दी गई कि जनपद में गंगा नदी के बाएं तट पर बाढ़ सुरक्षा हेतु नगला अजमेरी तटबंध, ईशमपुर तटबंध एवं हरिबाबा तटबंध निर्मित हैं। उन्होंने बताया कि जनपद की गुन्नौर तहसील क्षेत्र मुख्य रूप से गंगा नदी की बाढ़ से प्रभावित होता है। बैठक में बाढ़ से निपटने हेतु संस्थागत व्यवस्थाओं, बाढ़ शरणालयों एवं प्रबंधन दलों की तैयारियों पर भी विस्तार से चर्चा की गई। इसके साथ ही बाढ़ चौकियों, नावों की उपलब्धता, गोताखोरों की तैनाती तथा महत्वपूर्ण फोन नंबरों की उपलब्धता की समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसके अलावा ईशमपुर तटबंध एवं राहत संसाधनों की समीक्षा में मुख्य विकास अधिकारी द्वारा पिछले 10 वर्षों में ईशमपुर तटबंध की स्थिति के संबंध में जानकारी ली लेकर संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए। सिंचाई विभाग से बाढ़ की तैयारियों के अंतर्गत बल्लियों एवं रेत से भरी बोरियों की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली गई। इसके अलावा पुलिस एवं पीएसी के सहयोग, स्वास्थ्य विभाग की तैयारियों, विद्युत विभाग तथा पशुपालन विभाग द्वारा की गई व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की गई। मुख्य विकास अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि इमरजेंसी कम्यूनिकेशन प्लान पूर्व से तैयार रखा जाए, जिससे आपदा की स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। जबकि लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के लिए दिए गए निर्देश बैठक में वर्तमान मौसम परिस्थितियों को देखते हुए लू एवं गर्म हवाओं से बचाव के उपायों पर भी चर्चा की गई। संबंधित अधिकारियों को जनजागरूकता बढ़ाने एवं आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक सौरभ कुमार पाण्डेय, उप जिलाधिकारी गुन्नौर विकास चन्द्र, डिप्टी कलक्टर रामानुज तथा अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग राजीव कुमार तथा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डा. शैलेन्द्र सिंह तथा संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डीएम ने की कानून व्यवस्था की समीक्षा

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** सभागार में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कष्ण कुमार बिश्नोई की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शस्त्र अधिनियम से संबंधित प्रकरणों सहित जुआ, एनडीपीएस, आबकारी एवं गुंडा एक्ट के अंतर्गत की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की गई। इसके अतिरिक्त गैंगस्टर एक्ट, एन.एस.ए., गोकशी, पॉक्सो एक्ट, जिला बदर एवं गैंग चार्ट से संबंधित मामलों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## एक घंटा योग से भारत हो सकता है रोगमुक्त

**सम्भल(शाह टाइम्स)।** श्रीकल्कि पधारो धरती पर श्रंखला के तहत आध्यात्मिक गुरु पं राधेश्याम श्रीमाली के निर्देशन में शिव गोरख मंदिर समिति द्वारा आयोजित कैम्प कार्यालय पंजू सराय स्थित योगेश्वर गोरक्षनाथ महातपा के 46 वें दस दिवसीय महोत्सव के छटे दिन शुक्रग्रह की पूजा अर्चना कर दान सामग्री गुरु शुक्राचार्य को समर्पित करके यज्ञ योग सत्संग व अठरा देव अठराक्षरी जप साधना वंदना के साथ की गयी इस अवसर पर डा. योगी नागेन्द्र मोहन श्रीमाली ने कहा की सत्य सनातन चेतन और दिव्य भारतीय संस्कृति में आसन प्राणायाम प्रत्याहार ध्यान धारणा ध्येय समाधि के रुप में महर्षि योग वशिष्ठ जी महर्षि पतंजलि जी महा योगेश्वर गोरखनाथ जी योगेश्वर श्रीकृष्ण जी आदि महापुरुषों ने अपने जीवन में योग अपनाकर ऐसी दिव्य व्याख्याएँ की है। यदि भारत राष्ट्र प्रत्येक व्यक्ति उन्हें पढकर समझकर कुशल योग प्रशिक्षकों से सीखकर अपने जीवन उतारे और चोबीस घंटे में सिर्फ एक घंटा योगाभ्यास पर खर्च कर सिद्वासन पदमासन या सुखासन में बैठकर रेचक पूरक और कुम्भक का अभ्यास करे तो इसमें संदेह नहीं की पूरा राष्ट्र भारत मात्र एक वर्ष में निरोगी हो सकता है।

# चकमार्ग खुलवाने को रिश्वत लेने का आरोपी लेखपाल सस्पैंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** चक मार्ग खुलवाने के बदले रिश्वत लेने के आरोपी लेखपाल को जिलाधिकारी ने निलम्बित कर दिया। जबकि जांच तहसीलदार चन्दौसी को सौंपी गयी।

मुख्यमंत्री की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के कार्यालय में तहसील चंदौसी के ग्राम चाटन निवासी गजराम सिंह पुत्र होराम सिंह अपनी समस्या लेकर पहुंचे। पीड़ित ने ग्राम में चक मार्ग खुलवाने को क्षेत्रीय लेखपाल राजवीर सिंह से कहा लेकिन लेखपाल द्वारा चक मार्ग खुलवाने के स्थान पर उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया गया। लेखपाल राजवीर सिंह द्वारा नेपाल नामक व्यक्ति के माध्यम से 15,000 रिश्वत लिए जाने का एक वीडियो भी वायरल हुआ। मामले को गंभीरता एवं संवेदनशीलता से लेते हुए जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने तत्काल उप जिलाधिकारी चंदौसी नीतू रानी को मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि भ्रष्टाचार एवं जनसुनवाई से संबंधित शिकायतों में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा दोषियों के विरुद्व कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उप जिलाधिकारी के निर्देश पर नायब तहसीलदार चंदौसी द्वारा मामले की जांच की गई। जांच के दौरान संबंधित लेखपाल से गहन पूछताछ की गई, जिसमें लेखपाल द्वारा स्वीकार किया गया कि नेपाल नामक व्यक्ति पिछले माह तक उनके साथ कार्य करता था। नायब तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत जांच आख्या में रिश्वत लिए जाने के आरोप सत्य प्रतीत होने पर लेखपाल के विरुद्व उचित कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की। लेखपाल को निलम्बित कर दिया गया।

### ()शिकायतकर्ता के साथ अभद्रता का भी आरोप

## एक नज़र इधर भी

### गणना का कार्य त्रुटिरहित कराने के दिए निर्देश

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** जनगणना-2027 के तहत घरों की गणना कार्य को प्रभावी और त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराने के लिए उपजिलाधिकारी गुन्नौर विकास चंद्र ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि फील्ड कार्य के शुरुआती तीन दिन बेहद महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इसी अवधि में कार्य की गुणवत्ता और प्रगति की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उन्होंने निर्देश दिए कि मास्टर ट्रेनर, फील्ड ट्रेनर, लेखपाल, इंजीनियर और टैक्स सुपरिटेंडेंट द्वारा पहले ही हाउस लिस्टिंग ब्लॉकों का सीमांकन कर लिया गया है। ऐसे में उन्हें शुरुआती दिनों में प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के साथ क्षेत्र में अनिवार्य रूप से भेजा जाए, ताकि कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। इसके साथ ही उन्होंने मोबाइल एप से जुड़ी तकनीकी समस्याओं के त्वरित समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया, जिससे फील्ड कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए और डेटा संग्रहण समय पर पूरा किया जा सके।

### सीएमएस के फरमान डीएम ने बैठायी जॉच

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में ए सी, पंखे और लाइटों के सीमित इस्तेमाल को लेकर प्रसारित खबर पर प्रशासन हरकत में आ गया। भीषण गर्मी के बीच अस्पताल में ए सी को बारी-बारी से चलाने और कुछ घंटों बाद बंद करने के सीएमएस के आदेश ने मरीजों और तीमारदारों की परेशानियां बढ़ा दी थीं। खबर सामने आने के बाद जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने मामले का संज्ञान लेते हुए जांच के आदेश जारी कर दिए। डीएम ने साफ कहा कि गर्मी से राहत देने के लिए शासन स्तर से निर्देश हैं, ऐसे में मरीजों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने अस्पताल प्रशासन को निर्देश दिए हैं कि सभी वार्डों में जरूरत के अनुसार ए सी, कूलर और पंखे सुचारु रूप से चलाए जाएं। साथ ही मरीजों और तीमारदारों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। खबर के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।



### विद्याकुंज स्कूल: समर कैम्प में बच्चों को कलाओं का कराया ज्ञान

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** नगर स्थित विद्याकुंज इंटरनेशनल स्कूल में दस दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गर्वित गोयल ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया। बच्चों ने समर कैंप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। समर कैंप में सर्वप्रथम बच्चों को योग कराया गया तपश्चायत नृत्य, लाइफ स्केल,आर्ट एंड क्राफ्ट, मेहंदी, कुकिंग विदाउट फायर, घुड़सवारी, मार्शल आर्ट तीरंदाजी, योग इत्यादि कलाओं को बच्चों को सिखाया गया। विद्यालय में बच्चों के लिए पूल पार्टी का भी आयोजन रखा गया। जिसमें बच्चों ने स्कूल में नहा कर खूब मस्ती की और डांस किया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक सोनल शर्मा, सीमा, मीनाक्षी मिनोचा, समीक्षा, वर्तिका, नेहा, कुमकुम, खदीजा, नाज, खुशी, मीनल, रेखा अपूर्व ,अंजलि ,श्वेता, अमित इत्यादि उपस्थित रहे।

### अब नहीं रूकेगी पढ़ाई

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद ने कक्षा 9 से 12 तक की एनसीईआरटी आधारित अधिकृत पाठय पुस्तकों की ऑनलाइन बिक्री शुरू कर दी है। अब छात्र-छात्राएं और अभिभावक घर बैठे किताबों की बुकिंग कर उन्हें सीधे अपने पते पर मंगा सकेंगे। नई व्यवस्था से बाजार में किताबों की कमी के कारण होने वाली परेशानी कम होने की उम्मीद है। अब तक छात्रों को किताबों के लिए स्थानीय दुकानों के चक्कर लगाने पड़ते थे और कई बार गणित, विज्ञान व अंग्रेजी जैसे विषयों की पुस्तकें उपलब्ध नहीं हो पाती थीं। ऑनलाइन बिक्री शुरू होने से विद्यार्थियों को सही और अधिकृत संस्करण की पुस्तकें आसानी से मिल सकेंगी। शिक्षक सोमेश पाठक व संजय शर्मा ने कहा कि समय पर किताबें मिलने से छात्रों की पढ़ाई नियमित रूप से शुरू हो सकेगी और पाठयक्रम पूरा करने में सुविधा होगी।

### गुन्नौर में शिकायत पर क्लीनिक सील

**बबराला (शाह टाइम्स,संवाददाता)।** गुन्नौर नगर के मोहल्ला जुलेहपुरा में शिकायत पर नोडल अधिकारी ने विभागीय स्तर पर कार्रवाई करते हुए झोलाछाप का क्लीनिक को सील कर दिया। नोडल अधिकारी डा. वीरास यादव झोलाछाप डाक्टर के क्लीनिक पर पहुंचे और क्लीनिक पर सील लगा दी। नोडल अधिकारी ने बताया कि डाक्टर का क्लीनिक सील कागज न दिखा पाने पर सील किया है। सील करने के बाद मेडिकल एक्ट की धाराओं में उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। उन्होंने मरीजों को झोलाछाप डाक्टरों से उपचार न कराने की सलाह देते हुए कहा कि झोलाछाप डाक्टरों की गतिविधियों की सूचना गोपनीय रूप से उन्हें दें। जिससे वह कड़ी कार्रवाई कर सकें।झोलाछाप पर कार्यवाही से अन्य झोलाछाप दुकान बंद कर भाग लिये।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद,सम्भल

पत्र संख्या:- 546/जलकल वि./2026-27 दिनांक:-22-05-2026

## अतिअल्पकालीन ई-निविदा सूचना

इच्छुक संस्था/फर्म/ठेकेदार को सूचित किया जाता है कि राज्यवित्त आयोग/बोर्ड फण्ड की प्राप्त धनराशि से नगर पालिका परिषद सम्भल के जलकल विभाग में निम्न कार्य कराये जाने हेतु दिनांक 05.06.2026 को 02:00 PM बजे तक ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि निविदा डालने से पूर्व निविदा के लिए न्यूनतम अर्हता हेतु निविदा की शर्तों का ध्यान पूर्वक अध्यन कर लें।

| क्र.सं. | नगर पालिका/NPP Stage | ठेकेदार/Vendor Stage | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 01- | Tender Releas | | 22.05.2026 1 PM | |
| 02- | | Tender Download | 22.05.2026 1 PM | |
| 03- | | Bid Submission | 22.05.2026 1 PM | |
| 03- | Close Bid | | | 05.06.2026 2 PM |
| 05 | Bid Openining | | | 05.06.2026 3 PM |

वेबसाइड htt://etender.up.nic.in पर निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्त तथा बिडिंग डॉक्यूमेंट ऑन लाईन देखे जा सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद, सम्भल

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सम्भल

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने पहली मंजिल से लगाई छलांग, अस्पताल में कराया गया भर्ती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** कटघर थाना क्षेत्र के बलदेवपुरी मोहल्ले में शुक्रवार सुबह घरेलू विवाद के बाद एक महिला द्वारा आत्मघाती कदम उठाने का मामला सामने आया है। पति से मामूली कहासुनी के बाद पत्नी ने घर की पहली मंजिल से छलांग लगा दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। फिलहाल उसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बलद. ेवपुरी निवासी कृपाल और उनकी पत्नी पूजा के बीच सुबह करीब आठ बजे घर के काम को लेकर विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि चाय बनाने की बात पर शुरू हुई कहासुनी कुछ ही देर में बढ़ गई। विवाद के बाद गुस्से में पूजा सीधे मकान की पहली मंजिल पर पहुंचीं और वहां से नीचे कूद गई।महिला के नीचे गिरते ही घर में चीख-पुकार मच गई।



शोर सुनकर पड़ोसी और परिवार के सदस्य तुरंत मौके पर पहुंचे। परिजनों ने बिना देर किए घायल पूजा को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों की निगरानी में उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार महिला को गंभीर चोटें आई हैं और उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।परिवार की सदस्य मीना ने बताया कि घरेलू तनाव के कारण पूजा ने यह कदम उठाया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है तथा घटना के सभी पहलुओं की जानक. ारी जुटाई जा रही है।

# हीट वेव से निपटने को जिला अस्पताल में की गई हैं खास तैयारियां बनाए गए विशेष कोल्ड रूम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश सहित पूरे देश में भीषण गर्मी और हीट वेव का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में जनपद मुरादाबाद का जिला चिकित्सालय भी हीट वेव से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार नजर आ रहा है। अस्पताल प्रशासन द्वारा मरीजों को राहत देने और आपात स्थिति से निपटने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। जिला अस्पताल में चार बेड का एक अत्याधुनिक कोल्ड रूम तैयार किया गया है, जिसमें एसी सहित अन्य जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इसके अलावा आठ बेड का एक अन्य कोल्ड रूम भी बनाया गया है, जिसमें कूलर और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. प्रदीप वार्ष्णेय ने बताया कि हीट वेव को देखते हुए जिला अस्पताल की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल की ओपीडी में रेडी-टू-ओआरएस काउंटर भी लगाया गया है, जहां अस्पताल आने वाले बच्चों और मरीजों को ओआरएस उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि शरीर में पानी की कमी न हो और लोग डिहाइड्रेशन से बच सकें।उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि अत्यधिक गर्मी के दौरान बिना जरूरी काम के घर से बाहर निकलने से बचें। यदि बाहर जाना अत्यंत आवश्यक हो तो शरीर को पूरी तरह ढककर ही बाहर निकलें। साथ ही समय-समय पर पानी, नारियल पानी और अन्य तरल पदार्थों का सेवन करते रहें। उन्होंने कहा कि सावधानी और सतर्कता से ही हीट वेव के प्रभाव को कम किया जा सकता है।

## भीषण गर्मी में राहगीरों को बांटी पानी की बोतलें और गमछे

**मुरादाबाद।** शहर में पड़ रही भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच सामाजिक सरोकार की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। सिविल लाइन स्थित आईसीआईसीआई बैंक के पास इंडियन ह्यूमन हेल्पलाइन ट्रस्ट की ओर से राहगीरों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के सदस्यों ने तेज धूप और लू से परेशान लोगों को पानी की बोतलें, ठंडे मॉकटेल और गमछे वितरित किए। दोपहर के समय बड़ी संख्या में राहगीर, रिक्शा चालक, मजदूर और अन्य जरूरतमंद लोग वहां पहुंचे और राहत सामग्री प्राप्त की।

गर्मी से बेहाल लोगों को ठंडा पेय मिलने पर उनके चेहरों पर राहत दिखाई दी।ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी के इस दौर में जरूरतमंदों की मदद करना सामाजिक जिम्मेदारी है। आने वाले दिनों में भी इसी तरह के सेवा कार्य जारी रहेंगे ताकि लोगों को गर्मी से कुछ राहत मिल सके।राहगीरों ने ट्रस्ट की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सामाजिक कार्य समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।

## एक नजर

### सीडीपीओ ने की मुख्य सेविकाओं की समीक्षा बैठक, योजनाओं की प्रगति पर हुई चर्चा



**बिलारी।** बाल विकास परियोजना कार्यालय में सीडीपीओ द्वारा मुख्य सेविकाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य सेविका शिवकुमारी, सविता सोनी, मोनिका और अतुल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। करीब एक घंटे तक चली बैठक में विभागीय योजनाओं की प्रगति, आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, पोषण अभियान तथा बच्चों और गर्भवती महिलाओं से संबंधित योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में सीडीपीओ ने निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समय से पहुंचाया जाए।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर नियमित उपस्थिति, पोषण ट्रैकर अपडेट करने तथा साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया गया। साथ ही विभागीय अभिलेखों को समय से पूर्ण करने और लंबित कार्यों को शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में सभी मुख्य सेविकाओं ने अपने-अपने क्षेत्र की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

### समर कैंप में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

**बिलारी।** गांव बहोरनपुर नरौली स्थित प्रेम शांति हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राओं ने श्रमदान कर विद्यालय परिसर की साफ-सफाई की। साथ ही छात्राओं ने रंग-बिरंगे पेपर से गुलदस्ते, पेन स्टैंड और फूल बनाकर अपनी कला प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समाजसेवी विनीत राघव ने समर कैंप की सराहना करते हुए इसे बच्चों की प्रतिभा निखारने का अच्छा माध्यम बताया। प्रधानाचार्य विजयपाल सिंह राघव ने कहा कि खेल-खेल में छात्र अपनी रचनात्मक क्षमता विकसित कर रहे हैं। इस दौरान आबिद हुसैन, आदित्य राघव, सजल राघव, आकांक्षा, अनीता और विनीता का सहयोग रहा।

### कमरों के ताले तोड़ कर एल्यूमीनियम के भगोने सहित सोना चांदी ले उड़े चोर

**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के एक गांव मजदूर के घर में से चोर बर्तन सहित सोना चांदी के आभूषण कमरों के ताले तोड़कर ले गए, शमशाद पुत्र असगर निवासी दलपतपुर ने बताया कि वह गुरुवार को अपनी बेटी के घर चमरौआ गया था, वह रात अपनी बेटी के घर ही रुक गए थे,जब वह अपने घर सुबह के समय पहुंचे तो देखा कि घर के कमरों के ताले टूटे पड़े थे, कमरे में पहुंचे तो संदूक खुला पड़ा था।



घर का सामान इधर-उधर बिखरे पड़ा था, घर में रखे एल्यूमीनियम के छः भगोने, ग्यारह पीतल के बर्तन, दो कपड़ों की सिलाई मशीन, एक पानी की मोटर, दो तूफान पंखे, एक पैरों की चांदी की पायल, एक चांदी का गले का पैंडिल, दो जोड़ी सोने की वाली, एक गैस सिलेंडर अज्ञात चोर चोरी कर ले गए, पीड़ित ने बताया कि इस सभी सामान की कीमत लगभग एक लाख रुपए है, पीड़ित शमशाद ने अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत थाना मूंढापांडे में देकर चोरों को जल्द से जल्द पकड़ने की गुहार लगाई है।

### खादी ग्रामोद्योग से जुड़े कामगारों को निफ्ट रायबरेली में मिलेगा एक माह का नि:शुल्क फैशन डिजाइनिंग प्रशिक्षण, 15 जून तक करें आवेदन

**मुरादाबाद।** जिला ग्रामोद्योग अधिकारी श्री सत्यवीर सिंह ने बताया कि उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग विभाग द्वारा खादी संस्थाओं में कार्यरत कामगारों एवं बुनकरों को फैशन डिजाइनिंग का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिलाया जाएगा। यह प्रशिक्षण मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं प्रधानमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार सृजन कार्यक्रम के अंतर्गत वित्तपोषित/स्थापित रेडीमेड गारमेन्ट्स निर्माण इकाइयों में कार्यरत फैशन डिजाइनर, पैटर्न मेकर, कटिंग व सिलाई का कार्य करने वाले कामगारों को भी दिया जाएगा।चयनित उद्यमियों/कामगारों को राष्ट्रीय फैशन तकनीकी संस्थान (छप्थ्ज्), रायबरेली के माध्यम से एक माह का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में डिजाइनर वस्त्रों को तैयार करने की बारीकियां सिखाई जाएंगी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी ने बताया कि यह प्रशिक्षण पूर्णतया आवासीय होगा। प्रशिक्षण अवधि में कामगारों के ठहरने, भोजन, प्रशिक्षण आदि की संपूर्ण व्यवस्था राष्ट्रीय फैशन तकनीकी संस्थान रायबरेली द्वारा की जाएगी। साथ ही प्रशिक्षार्थियों को छात्रवृत्ति भी देय होगी।इच्छुक अभ्यर्थी किसी भी कार्य दिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय, एम.आई.जी. एम/6 दीनदयाल नगर (प्रथम) मुरादाबाद से संपर्क कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गई है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय में संपर्क करें।

# कायाकल्प टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं और साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलारी पर शुक्रवार को कायाकल्प टीम द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान टीम ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, रिकॉर्ड रजिस्टर, दवाओं की उपलब्धता तथा विभिन्न विभागों की कार्यप्रणाली का बारीकी से निरीक्षण किया। कायाकल्प टीम में जिला सलाहकार डॉ. आरिफ, डॉ. मोहित भारती एवं मोहम्मद इलियास शामिल रहे। टीम ने अस्पताल परिसर का भ्रमण कर वार्डों, ओपीडी, दवा वितरण केंद्र, प्रसूति कक्ष और अन्य व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही अस्पताल स्टाफ से वार्ता कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की और रिकॉर्ड रजिस्टरों की जांच भी की। निरीक्षण के दौरान टीम ने साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया तथा अस्पताल परिसर को स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश दिए। टीम ने स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर डॉ. राजपाल सिंह, डॉ. रेशमा बजाहत, बीपीएम चंचल सिंह, बीसीपीएम मनीष कुमार, विकेश कुमार, आरपी वर्मा, धनंजय कठेत, चीफ फार्मासिस्ट अमित कुमार सहित अस्पताल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल संकट और बेरोजगारी को लेकर शिवसेना ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शिवसेना कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी बिलारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों, ईंधन संकट, महंगाई, बेरोजगारी और गिरते रुपये की स्थिति पर चिंता जताते हुए राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र भेजा गया। ज्ञापन में कहा गया कि देश एक कृषि प्रधान और विक. ासशील राष्ट्र है, जहां किसान और आम नागरिक पहले से आर्थिक परेशानियों से जूझ रहे हैं। ऐसे में पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों और कई पेट्रोल पंपों पर ईंधन की कमी से किसानों के सामने गंभीर संकट खड़ा हो गया है। किसानों को सिंचाई और कृषि कार्यों के लिए पर्याप्त डीजल नहीं मिल पा रहा, जिससे खेती प्रभावित हो रही है।



शिवसेना पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि एक ओर आम जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है, वहीं दूसरी ओर सत्ताधारी नेताओं द्वारा साइकिल, मेट्रो, बस और ऑटो में सफर कर रील और फोटो खिंचवाकर सस्ती लोकप्रियता हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। ज्ञापन में इसे आम जनमानस का उपहास बताते हुए ऐसे आयोजनों पर रोक लगाने की मांग की गई। ज्ञापन के माध्यम से सरकार से किसानों के लिए पर्याप्त डीजल उपलब्ध कराने, गैस एजेंसियों में सिलेंडर की कमी की जांच कराने तथा युवाओं के लिए रोजगारपरक योजनाएं लागू करने की मांग की गई। साथ ही गिरते रुपये की वजह से व्यापारियों, निर्यातकों और लघु उद्योग संचालकों में बढ़ रही चिंता का भी उल्लेख किया गया। शिवसेना ने ज्ञापन में कई महत्वपूर्ण मांगें रखते हुए सांसदों, विधायकों और मंत्रियों के वेतन व खर्चों में 50 प्रतिशत कटौती, सरकारी दौरों और विदेश यात्राओं पर रोक, निजी स्कूलों और कोचिंग संस्थानों की फीस नियंत्रित करने, निजी अस्पतालों की फीस कम कराने तथा ऑनलाइन बाजार व्यवस्था पर नियंत्रण लगाने की मांग उठाई। ज्ञापन सौंपने वालों में शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, हरी बाबू, सुशील शर्मा, महेश सिंह, संतोष कुमार, विनोद यादव, रविशंकर रस्तोगी, मनोज गुप्ता, अमन गुरुजी, गौतम, राजीव ठाकुर, संजय गुप्ता, मयूर गुप्ता, भूरा भाई, कुश सक्सेना, अभिषेक शर्मा, अमित गुप्ता, सौरव सक्सेना, विशाल गुप्ता समेत बड़ी संख्या में शिवसैनिक मौजूद रहे।

# जनगणना-2027 के तहत मकान सूचीकरण शुरू, डीएम-आयुक्त ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिले में जनगणना-2027 के अंतर्गत 22 मई से 20 जून 2026 तक चलने वाले मकानों का सूचीकरण और मकान गणना कार्य की शुरुआत हो चुकी है। शुक्रवार को मंडलायुक्त श्री आञ्जनेय कुमार सिंह और जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया के आवास पर संबंधित प्रगणक पहुंचे। प्रगणकों ने मकानों के सूचीकरण के लिए निर्धारित 33 बिंदुओं पर दोनों अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की और पोर्टल पर दर्ज की।इसके बाद जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया मुरादाबाद शहर स्थित महाराजा अग्रसेन इंटर कॉलेज परिसर में रह रहे राजपाल के परिवार के पास पहुंचे। डीएम ने खुद जनगणना पोर्टल पर निर्धारित बिंदुओं पर जानकारी भरकर मकान सूचीकरण की प्रक्रिया संपन्न कराई। इस दौरान उन्होंने प्रगणकों को कार्य की बारीकियां भी समझाई। जिलाधिकारी ने सभी प्रगणकों को निर्देश दिए कि वे समयबद्ध तरीके से मकान सूचीकरण का कार्य पूर्ण कर लें। किसी भी स्तर पर लाप. रवाही न बरती जाए।



डीएम ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि जनगणना का यह कार्य राष्ट्रीय महत्व का है। सभी नागरिक इस पुनीत कार्य में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं। जब प्रगणक आपके घर आएं और निर्धारित 33 बिंदुओं पर जानकारी मांगें तो उनका सहयोग करते हुए सही और सटीक जानकारी उपलब्ध कराएं। गलत जानकारी देने से योजनाओं के निर्माण में बाधा आती है।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व श्रीमती ममता मालवीय सहित जनगणना से जुड़े अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# कमिश्नरी में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक

## 52 नए परमिट और 29 ऑटो हस्तांतरण आवेदनों पर हुआ विचार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मण्डलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में कमिश्नरी सभागार में संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक आयोजित हुई। बैठक में परिवहन से जुड़े विभिन्न मदों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान प्राधिकरण के समक्ष उपस्थित पक्षकारों का पक्ष भी सुना गया।बैठक में संभाग के अराष्ट्रीयकृत/निजी बस मार्गों पर नए अस्थाई सवारी गाड़ी परमिट हेतु प्राप्त 52 आवेदन पत्रों पर विचार कर निर्णय लिया गया। इसके साथ ही मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-82(1) के अंतर्गत मुरादाबाद केंद्र से संचालित सीएनजी ईंधन युक्त ऑटोरिक्शा के परमिट हस्तांतरण के लिए प्राप्त 29 आवेदन पत्रों पर भी चर्चा कर निर्णय लिया गया।मण्डलायुक्त ने सभी आवेदनों का गुण-दोष के आधार पर निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परमिट प्रक्रिया में पारदर्शिता और नियमों का पालन सर्वोपरि है।

आमजन को बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध कराना प्राधिकरण की प्राथमिकता है।बैठक में उप परिवहन आयुक्त परिक्षेत्र बरेली, सचिव संभागीय परिवहन प्राधिकरण/संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन मुरादाबाद, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन मुरादाबाद, क्षेत्रीय प्रबंधक उ.प्र.रा.स. परिवहन निगम मुरादाबाद सहित विभिन्न ट्रांसपोर्ट यूनियन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## जनगणना कार्य शुरू, कर्मियों ने घर-घर पहुंचकर जुटाई जानकारी

**चन्दौसी।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार से जनगणना कार्य शुरू कर दिया गया। एक दिन पूर्व तहसील चन्दौसी में सभी जनगणना कर्मियों को बुलाकर उन्हें आवश्यक किट वितरित की गई थी। इसके बाद शुक्रवार सुबह से ही जनगणना कर्मी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर मकान गणना एवं नंबरिंग का कार्य करने में जुट गए। जनगणना के प्रथम चरण में मकानों की नंबरिंग की जा रही है।

इसके तहत प्रगणक घर-घर पहुंचकर मकानों का विवरण दर्ज कर रहे हैं। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को भी जनगणना कार्य में लगाया गया है। पहले दिन जनगणना कर्मी कैथल क्षेत्र के रामनगर पहुंचे, जहां उन्होंने मकानों का नक्शा नजरी तैयार करने के साथ ही घरों की संख्या एवं सीमांकन का कार्य शुरू किया। जनगणना कर्मियों ने ग्रामीणों से संपर्क कर परिवार से संबंधित आवश्यक जानकारी भी जुटाई। रामनगर निवासी राजू ने बताया कि जनगणना कर्मी डोर-टू-डोर पहुंचकर जानकारी एकत्र कर रहे हैं तथा नक्शा नजरी सीमांकन के आधार पर तैयार किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार जनगणना कार्य को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा और सभी कर्मियों को निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

# ग्राम चौपाल चंदनपुर ईसापुर व चमरौआ में आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** कुंदरकी विधान सभा 29 क्षेत्र में ग्राम चौपाल कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर ही निपटा दिया गया।

मेरी ओर से प्रतिनिधित्व करते हुए गौरव सिंह , रविंद्र सिंह एवं जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रजापति, दलपत पुर मंडल के अध्यक्ष नीरज चंद्रा , ग्राम प्रधान प्रतिनिधि इरफान सतीश सैनी गिरीश पाल सैनी , डॉ.सुनील चंद्रा , चिराग अली शक्ति केंद्र संयोजक महेंद्र प्रजापति , रामा वर्मा जी एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता कर ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना एवं संबंधित अधिकारियों से उनके शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण हेतु वार्ता की।

इस अवसर पर संबंधित विभागों के अधिकारीगण भी उपस्थित रहे तथा ग्रामीणों की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों पर आवश्यक जानकारी एवं समाधान कराए गए। संगठन एवं जनप्रतिनिधियों के समन्वय से ग्रामवा. सियों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुँचाने एवं उनकी समस्याओं के समाधान हेतु सतत प्रयास जारी हैं।

प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी नीतियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना ही हमारा संकल्प है।



# लालपुर गंगवारी में लगी ग्राम चौपाल

## ग्रामीणों ने रखी समस्याएं, अधिकारियों को दिए निस्तारण के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुंदरकी।** मुरादाबाद। विकास खंड कुंदरकी की लालपुर गंगवारी ग्राम पंचायत में शासन के निर्देश पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया।




चौपाल का शुभारम्भ विधायक प्रतिनिधि बृजानन्द उर्फ विक्की ठाकुर ने किया। ग्राम चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने पहुंचकर अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखीं। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने आयुष्मान कार्ड बनवाने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, मृतक प्रमाण पत्र जारी करने, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन, फॉर्मर रजिस्ट्री, गलत विद्युत बिल जैसी मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। विधायक प्रतिनिधि विक्की ठाकुर ने ग्रामीणों से संवाद कर केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानक. ारी दी। उन्होंने एक-एक कर लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार जनता की सेवा और विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है। ग्राम चौपाल का मुख्य उद्देश्य ग्राम की समस्या का ग्राम स्तर पर ही समाधान करना है। समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर कराया जाएगा और किसी भी प्रकार की लाप. रवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी चौपाल में मौजूद हैं, जो पात्र वंचित लाभार्थियों का सत्यापन कर उन्हें सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कराएं।

ग्राम चौपाल में शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत विभाग, महिला एवं बाल कल्याण विभाग, कृषि विभाग, पंचायती राज विभाग सहित अनेकों विभागों के स्टॉल लगे थे। संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे और ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं।ग्रामीणों ने बताया कि चौपाल के माध्यम से उन्हें योजनाओं की जानकारी भी मिल रही है और पात्र लोगों को लाभ भी प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी कुंद. रकी, एडीओ पंचायत, भाजपा मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, बबलू जाटव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र नाजिम पुत्र मोहम्मद आरिफ को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में नाजिम के द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
मोहम्मद आरिफ पुत्र फिदा हुसैन निवासी ग्राम मुडिया पोस्ट मानपुर थाना भगतपुर, जिला मुरादाबाद।

**बेदखली सूचना**

मैने अपने पुत्र राजेश कुमार शर्मा, पुत्रवधू श्रीमती गीता शर्मा, पौत्र प्रशांत, पौत्र कृष्णा व पौत्री मुस्कान को गलत संगत/गलत आचरण व दुर्व्यवहार करने के कारण अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति व सामाजिक रिश्तों से बेदखलकर पारिवारिक व सामाजिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा।
रामकिशोर शर्मा पुत्र स्वर्गीय डोरी लाल निवासी टाहमदन उदमावाला तहसील व जिला मुरादाबाद।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०)/एफ०टी०सी० महोदय, जनपद-मुरादाबाद।**
**नम्बर मुकदमा :** 25/2022
**तारीख पेशी:** 09.07.2026
**अल्लाहताला बनाम साबिर हुसैन**
अल्लाहताला मालिक वकफ कायम कर्दा साबिर हुसैन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी ग्राम उदरनपुर चक उर्फ वीरमपुर तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद द्वारा सेक्रेट्री आशक अली पुत्र मौ0 घासी निवासी ग्राम उदरनपुर चक उर्फ वीरमपुर परगना व तह. बिलारी जिला मुरादाबाद।
**बनाम**
1. साबिर हुसैन पुत्र अब्दुल अजीज निवासी मौहल्ला मौलवी वाली मस्जिद के पास वरवालान शहर व जिला मुरादाबाद, 2. जावेद अनवर पुत्र स्व. अनवार हुसैन निवासी मौहल्ला कच्चा बाग निकट नीम की प्याऊ शहर व जिला मुरादाबाद- **प्रतिवादीगण।** हरगाह **वादी** ने आपके नाम एक एवं नालिश बावत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि तारीख 09 माह 07 सन् 2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतान या मार्फत के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें जिन्हें अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते है। आपको इत्तिला दी जाती है कि आप अगर बरोज मजकूर हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके मन्सूख और फैसला होगा। दस्तख्त मेरे व मोहर आज बतारीख 22 के माह 05 सन् 2026 को जारी किया है।
**प्रबंधक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०)/एफ०टी०सी० जनपद-मुरादाबाद।**

# डीएम और एसएसपी ने पुलिस चौकी व मंडी समिति का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** डीएम डॉ. राजेंद्र कुमार पैंसिया एवं एसएसपी सतपाल अंतिल ने शुक्रवार को थाना मझोला क्षेत्र स्थित पुलिस चौकी मंडी और मंडी समिति का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परिसर में साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं की स्थिति को परखा।जिलाधिकारी और एसएसपी ने चौकी परिसर में मौजूद जर्जर भवनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को शीघ्र मरम्मत कराने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि पुलिस चौकियों और सार्वजनिक परिसरों की बेहतर स्थिति आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करती है। निरीक्षण के दौरान परिसर में स्वच्छता बनाए रखने, रिकॉर्ड व्यवस्थित रखने तथा आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।अधिकारियों ने मंडी समिति परिसर का भी भ्रमण कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित कर्मचारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सभी सरकारी परिसरों को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाए रखना प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हलचल का माहौल दिखाई दिया। संबंधित अधिकारियों ने जिलाधिकारी एवं एसएसपी को आश्वस्त किया कि दिए गए निर्देशों का शीघ्र पालन कराया जाएगा और आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी।




## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** थाना पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और विरोध करने पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस के अनुसार मझोला थाना क्षेत्र के प्रकाशनगर लाइनपार निवासी दीपिका पुत्री वीरेन्द्र कुमार की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पीड़िता ने आरोप लगाया कि आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। बाद में शादी के लिए दबाव बनाने पर आरोपी ने गाली-गलौज, मारपीट तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में थाना ठाकुरद्वारा में मुकदमा संख्या 143/2026 धारा 69, 115(2), 352 एवं 351(3) बीएनएस के तहत दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी अभिषेक सागर पुत्र रणजीत सिंह निवासी ग्राम गद्दीनंगली मजरा छिद्दावाला थाना स्वार जनपद रामपुर, उम्र करीब 24 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी उपनि. रीक्षक रजत कुमार ने कांस्टेबल निशांत कुमार एवं रिक्रूट कांस्टेबल अंकित कुमार के साथ गुरुवार रात की। पुलिस आरोपी के आपराधिक इतिहास की जानकारी जुटा रही है।

## चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** थाना ठाकुरद्वारा पुलिस ने मारपीट और जानलेवा हमला करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दिया। पुलिस के अनुसार ग्राम फरीदनगर निवासी शबिस्ता पत्नी असलाम की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोप था कि गांव निवासी रईस पुत्र बुंदू ने वादिनी के पति के साथ मारपीट की और जान से मारने की नीयत से चाकू से हमला कर धमकी दी। मामले में थाना ठाकुरद्वारा में मुकदमा संख्या 141/2026 धारा 115(2), 351(3), 109(1) बीएनएस तथा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी रईस (32 वर्ष) निवासी ग्राम फरीदनगर को गिरफ्तार कर उसके पास से एक नाजायज चाकू बरामद किया। आरोपी की गिरफ्तारी उपनिरीक्षक किरन्त पंवार ने कांस्टेबल आशीष कुमार एवं गौरव कुमार के साथ शुक्रवार तड़के की। पुलिस के अनुसार आरोपी का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

## कानून व्यवस्था और अभियोजन कार्यो की समीक्षा बैठक आयोजित



**चन्दौसी।** कलैक्ट्रेट सभागार बहजोई में गुरुवार को जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में अपराध नियंत्रण, लंबित मामलों के निस्तारण तथा अभियोजन कार्यों की प्रगति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान शस्त्र अधिनियम से संबंधित प्रकरणों सहित जुआ, एनडीपीएस एक्ट, आबकारी अधिनियम तथा गुंडा एक्ट के तहत की गई कार्रवाई की समीक्षा की गई। इसके अलावा गैंगस्टर एक्ट, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), गोकशी, पॉक्सो एक्ट, जिला बदर तथा गैंग चार्ट से जुड़े मामलों पर भी विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि गंभीर अपराधों में प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए आरोपियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कदम उठाए जाएं। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अभियोजन कार्यों की समीक्षा करते हुए न्यायालयों में लंबित वादों, गैंगस्टर कोर्ट में विचाराधीन प्रकरणों तथा बीएनएस एवं डीजीसी संवर्ग से संबंधित मामलों के निस्तारण की स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयों में मजबूत पैरवी कर अधिक से अधिक मामलों में दोषसिद्धि सुनिश्चित की जाए। बैठक में कहा गया कि आगामी समीक्षा बैठक में सभी अधिकारी अपने-अपने प्रकरणों का गहन अध्ययन कर पूर्ण विवरण के साथ उपस्थित हों, ताकि प्रत्येक मामले की प्रभावी समीक्षा की जा सके और लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कराया जा सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी तथा पुलिस एवं प्रशासनिक विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# हमारी जनगणना हमारा विकास के नारे के साथ जनगणना शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कुन्दरकी।** भारत सरकार की ओर से जनगणना 2027 का कार्य आरंभ हो गया है। नगर पंचायत कुन्दरकी में 59 प्रगणकों को जनगणना की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सुपरवाइजर तसलीम खान ने बताया कि उनके अधीन 06 प्रगणक मुहम्मद शहरयार, रेखा गुप्ता, तौकीर खान, मोहम्मद याकूब, राजवती, रूपा कुमारी ने जनगणना कार्य आरंभ किया। जनगणना के इस चरण में मकान गणना हो रही है।



# ग्राम पतरौआ में 32 बीघा तालाब कराया अतिक्रमण मुक्त

## जिलाधिकारी के निर्देश पर तहसील प्रशासन की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल के निर्देश पर तहसील प्रशासन ने ग्राम पतरौआ में स्थित सरकारी तालाब को अतिक्रमण मुक्त कराया। यह कार्रवाई उपजिलाधिकारी चन्दौसी नीतू रानी के निर्देशन में तहसीलदार रविन्द्र विक्रम एवं उनकी टीम द्वारा की गई। दरअसल बुधवार को जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं खंड विकास अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर चक मार्गों और तालाबों पर हुए अवैध कब्जों को हटाने के निर्देश दिए थे। साथ ही दो हेक्टेयर या उससे अधिक क्षेत्रफल वाले तालाबों का चिन्हीकरण कर सूची तैयार करने को कहा था। इसी क्रम में तहसील प्रशासन की टीम ग्राम पतरौआ पहुंची, जहां गाटा संख्या 329-क स्थित लगभग 32 बीघा क्षेत्रफल वाले तालाब का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण में पाया गया कि तालाब के कुछ हिस्से में कूड़ा एवं घूर डाला जा रहा था, जिससे तालाब का वास्तविक रकबा प्रभावित हो रहा था। इसके बाद तहसीलदार ने ग्रामवासियों की मौजूदगी में तालाब की पैमाइश कराकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया। तहसीलदार रविन्द्र विक्रम ने ग्रामीणों को तालाबों के संरक्षण और जल संचयन के महत्व के बारे में भी जागरूक किया। उन्होंने कहा कि तालाब वर्षा जल संरक्षण के महत्वपूर्ण स्रोत हैं और इनके सुरक्षित रहने से जलभराव की समस्या कम होगी। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि सरकारी तालाबों एवं चक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



## गंगा दशहरा से पहले गांगन नदी की सफाई व घाट निर्माण की मांग

**मुरादाबाद।** ज्येष्ठ गंगा दशहरा पर्व को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ वार्ड-23 फाजलपुर की पार्षद पूजा रानी ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से गांगन नदी की साफ-सफाई, घाट निर्माण और जल प्रवाह सुनिश्चित कराने की मांग की गई है। पार्षद ने बताया कि दिल्ली रोड स्थित वार्ड-23 फाजलपुर क्षेत्र में आगामी 25 मई 2026 को ज्येष्ठ शुक्ल दशमी पर गंगा दशहरा का पावन पर्व मनाया जाएगा। माँ गंगा के अवतरण दिवस पर बड़ी संख्या में दूर-दराज से श्रद्धालु स्नान, दान, तर्पण व बच्चों का मुंडन संस्कार करने के लिए गांगन नदी पर पहुंचते हैं। मुरादाबाद-दिल्ली रोड स्थित गांगन चौराहे के निकट गांगन नदी के किनारे प्राचीन बुजपुर वाली माता मंदिर, बाग वाला मठ मंदिर और काली माता मंदिर स्थित हैं। यहां श्रद्धालु प्रसाद चढ़ाकर जात लगाते हैं। ज्ञापन में मांग की गई कि इन मंदिरों के निकट अस्थाई रूप से लगने वाली प्रसाद व पूजन सामग्री की दुकानों को दो दिन लगाने की अनुमति दी जाए, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो।ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान में गांगन नदी में जल प्रवाह नहीं है। नदी में जल का अभाव है और गंदगी व कूड़े का अम्बार लगा है। नाले का प्रवाह भी नदी में हो रहा है। इससे पर्व पर आने वाले श्रद्धालुओं को अत्यधिक असुविधा होगी। पार्षद पूजा रानी ने जिलाधिकारी से करबद्ध अनुरोध किया है कि गंगा दशहरा पर्व से पूर्व गांगन नदी में जल प्रवाह सुनिश्चित कराया जाए। साथ ही नदी की साफ-सफाई कराकर आवश्यक घाट व्यवस्था के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए। उन्होंने कहा कि समय रहते उचित कार्यवाही होने से हजारों श्रद्धालुओं को राहत मिलेगी और पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सकेगा।ज्ञापन देने वालों में श्याम सिंह, जीवन तारा सिंह एडवोकेट आदि के हस्ताक्षर थे।



## भोजपुर में 409 ग्राम चरस के साथ युवक गिरफ्तार

**भोजपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मुरादाबाद के निर्देश पर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भोजपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बुधवार को एक युवक को 409 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, मुरादाबाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी ठाकुरद्वारा के नेतृत्व में थाना भोजपुर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए अभियुक्त शाने आलम पुत्र फारूक निवासी काशीराम कॉलोनी, कस्बा व थाना भोजपुर को पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 409 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई।

इस संबंध में थाना भोजपुर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैने अपनी पुत्री श्रीमती फरहा नाज व दामाद मौहम्मद नईम को गलत आचरण/गलत संगत व शादी के बाद फरहा नाज को अपनी सम्पत्ति में हिस्सा दे दिया था अब दोबारा हिस्सा मांग रही है, जिस कारण मैंने अपने पारिवारिक संबंध विच्छेद कर लिए है। भविष्य में इनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्यो/ लेनदेन व मुकदमेंबाजी इत्यादि के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगे। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के किसी भी सदस्य से कोई ताल्लुक व वास्ता नही होगा। श्रीमती सरताज पत्नी श्री कामिल हुसैन मरहूम निवासनी मकबरा दक्षिणी ज्योति स्कूल के पास तहसील व जिला मुरादाबाद हाल निवासी कटघर पचपेड़ा कुम्हारो वाली गली शहर व जिला मुरादाबाद।

# जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बिलारी परियोजना की योजनाओं और जनगणना तैयारियों की समीक्षा की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जिला कार्यक्रम अधिकारी मुरादाबाद शैलेन्द्र कुमार राय ने बाल विकास परियोजना बिलारी कार्यालय पहुंचकर विभागीय योजनाओं एवं आगामी जनगणना कार्यों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में सीडीपीओ, सुपरवाइजर, ब्लॉक समन्वयक और परियोजना से जुड़े अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन, पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, टीएचआर वितरण, गोदभराई, अन्नप्राशन कार्यक्रम तथा सैम और मैम बच्चों के चिन्हांकन की प्रगति की जानकारी ली। साथ ही कुपोषित बच्चों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि शासन की योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए। आंगनबाड़ी केंद्रों पर बच्चों और गर्भवती महिलाओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा पोषण एवं स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश भी दिए गए।

निरीक्षण के दौरान अभिलेखों का परीक्षण भी किया गया। नरायनपुर देवा एवं सहसपुर प्रथम सेक्टर की सुपरवाइजर शिवकुमारी और चारुल भारती के केंद्रों पर टीकाकरण सत्रों एवं सामुदायिक आधारित गतिविधियों की फीडिंग कम पाए जाने पर जिला कार्यक्रम अधिकारी ने नाराजगी जताई और कार्य में सुधार के निर्देश दिए।

बैठक में आगामी जनगणना कार्यों को लेकर भी विस्तार से चर्चा की गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसमें विभागीय कर्मचारियों की भूमिका बेहद अहम रहेगी। उन्होंने सभी कर्मचारियों को अभिलेखों एवं सूचनाओं को अद्यतन रखने तथा शासन के निर्देशों का गंभीरता से पालन करने के लिए कहा।

उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र के परिवारों की सही जानकारी संकलित की जाए तथा बच्चों और महिलाओं से संबंधित आंकड़ों को समय पर अपडेट रखा जाए।

बैठक के अंत में विभागीय योजनाओं के प्रभावी संचालन और जनगणना कार्यों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर बाल विकास परियोजना अधिकारी सुरेंद्र पाल सिंह, मुख्य सेविका शिवकुमारी, सोनिका, मो. निका, सविता तथा ब्लॉक समन्वयक अतुल शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।



## रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मेडिको' का भव्य शुभारंभ

**मुरादाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मेडिको' का भव्य शुभारंभ एवं प्रथम बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई। यह शहर का एक अनूठा रोटरी क्लब है, जिसमें प्रतिष्ठित चिकित्सक एवं मेडिकल प्रोफेशनल्स सदस्य के रूप में शामिल हुए हैं।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी गवर्नर रोटेरियन सीए नितिन अग्रवाल एवं प्रीति अग्रवाल रहे। उनके कर-कमलों से क्लब की औपचारिक शुरुआत एवं बोर्ड गठन संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुरादाबाद के विभिन्न रोटरी क्लबों के अध्यक्ष, सचिव व अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। नवगठित क्लब के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।'रोटरी क्लब ऑफ मुरादाबाद मेडिको' का उद्देश्य सेवा, समर्पण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा देना है। रोटरी इंटरनेशनल विश्व की प्रतिष्ठित संस्था है जो समाज सेवा एवं मानव कल्याण के कार्यों के लिए जानी जाती है। इसी सेवा भावना के साथ इस क्लब की स्थापना की गई है।क्लब के संस्थापक सदस्यों में डॉ. गिरजेश कैन, डायरेक्टर ओरेकल आई हॉस्पिटल, एवं डॉ. कार्तिक गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों का विशेष योगदान रहा। वक्ताओं ने कहा कि रोटरी एवं डॉक्टरों की टीम ने सदैव समाजहित में महत्वपूर्ण कार्य किए हैं। पोलियो उन्मूलन जैसे वैश्विक अभियान में भी रोटरी की भूमिका सराहनीय रही है।पदाधिकारियों ने बताया कि भविष्य में स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, निशुल्क चिकित्सा शिविर, रक्तदान शिविर एवं अन्य सामाजिक सेवा कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे।



# भीषण गर्मी में GNRF राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाकर प्यास बुझाई

**कुंदरकी।** मुरादाबाद अलीगढ़ हाईवे जीरो पांव्ट पर बढ़ती गर्मी और भारी तपिश को देखते हुए, दावत-ए-इस्लामी हिंद के वेलफेयर विभाग गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन के क्षेत्रीय अध्यक्ष अरकान कादरी अत्तारी ने बताया (GNRF) ने जनता की सेवा के लिए अलग-अलग जगहों पर पीने के साफ और ठंडे पानी के स्टॉल (सबील) लगाने की शुरुआघ्त की है। इस मुहिम का मकसद मुसाफिरों, मजदूरों और राहगीरों को कड़ी धूप में राहत देना और उन्हें पानी की कमी से बचाना है। ये स्टॉल शहर के मुख्य इलाकों में लगाए गए हैं, जहाँ हर किसी के लिए ठंडे पानी की सुविधा बिल्कुल मुफ्त है। सही जगह का चुनाव: ये स्टॉल बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और बाजाघ्रों के पास लगाए गए हैं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इसका फायदा उठा सकें। GNRF के सेवादार (वॉलंटियर्स) यह ध्यान रखते हैं कि पानी साफ और फिल्टर्ड हो ताकि लोगों की सेहत बनी रहे। हर स्टॉल पर GNRFकी टीम सुबह से शाम तक लोगों को पानी पिलाने के लिए मौजूद रहती है। इस चिलचिलाती गर्मी में बाहर निकलने वाले लोगों के लिए पानी सबसे बड़ी जरूरत है। हमारा मकघ्सद इंसानियत की सेवा करना है ताकि कोई भी शखस प्यासा न रहे। आपको बता दें कि गरीब नवाज रिलीफ फाउंडेशन (GNRF) पूरे देश में भलाई के कामों, मुसीबत में लोगों की मदद करने, मुफ्त इलाज और पेड़ लगाने जैसे कामों में हमेशा आगे रहता है। आप भी इस नेक काम में हमारा साथ दें और इस जानकारी को दूसरों तक पहुँचाएँ। इस अवसर पर गौसे आजम अत्तारी अदनान पाशा अजीम कुरैशी मुहम्मद गफ्फार अब्दुल कादिर मुहम्मद नाजिम जौनी कुरैशी मुहम्मद इमरान इमरान अत्तारी आदि मौजूद रहे ।




# आईएफटीएम में दो दिवसीय इनोवेशन कम्पीटीशन एवं हैकथॉन का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. वेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एसईटी) के सहयोग से इंटर/इंट्रा-इंस्टीट्यूशन इनोवेशन कम्पीटीशन/हैकथॉन एंड रिवॉर्ड बैस्ट इनोवेशन्सष विषय पर दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने शुभकामनाएं देते हुए आश्वासन दिया कि विद्यार्थियों के बेस्ट इनोवेटिव आइडियाज को आईएफटीएम बिजनेस इन्क्यूबेशन फाउंडेशन (आईबीआईएफ) द्वारा सफल बिजनेस मॉडल बनाने के लिए आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान सेशन में भी एक बेस्ट इनोवेटिव आइडिया को आईबीआईएफ हर संभव सहायता देने हेतु तत्पर है।प्रतियोगिता के दौरान 90 से अधिक छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। विभिन्न विद्यार्थियों ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से 28 से अधिक नवीन इनोवेटिव विचार प्रस्तुत किए। निर्णायक मंडल में कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. देवेंद्र सिंह, सिविल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष श्री गौरव हवादिया और भौतिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अतनु नाग शामिल रहे। निर्णायक मंडल ने प्रस्तुत आइडियाज में से श्रेष्ठ पांच नए आइडियाज का चयन किया। इन पांच बेस्ट आइडियाज को भविष्य में योग्य बनाने के लिए विश्वविद्यालय की ओर से उपयुक्त सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। आईआईसी के अध्यक्ष व एसईटी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में उद्यमिता की अवधारणा बेहद महत्वपूर्ण है। हर एक विद्यार्थी का इनोवेटिव विचार अहम है। आज साधारण दिखने वाला इनोवेटिव विचार भविष्य में क्रांति साबित हो सकता है। आईआईसी के उपाध्यक्ष व डीन ऑफ स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा ने भी प्रतिभागियों के साथ अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम का संचालन समन्वयक व इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार ने किया। आयोजन को सफल बनाने में मैकेनिकल इंजीनियरिंग के विभागाध्यक्ष डॉ. संजय कुमार यादव, इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजी. नियरिंग के विभागाध्यक्ष अंकुर चहल, आईआईसी के समन्वयक डॉ. विनीत सिंह समेत आयोजन समिति के सभी सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



## किड्स वैली प्ले स्कूल में समर कैंप की धूम, बच्चे सीख रहे नई गतिविधियां

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड सम्राट अशोक नगर में स्थित किड्स वैली प्ले स्कूल में इन दिनों समर कैंप का आयोजन उत्साहपूर्वक किया जा रहा है। 21 मई से शुरू हुआ यह समर कैंप 30 मई तक चलेगा, जिसमें बड़ी संख्या में बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। कैंप के दौरान बच्चों को मनो. रंजन के साथ-साथ रचनात्मक और शैक्षणिक गतिविधियों से भी जोड़ा जा रहा है।समर कैंप में बच्चों के लिए फन एंड गेम्स, आर्ट एंड क्राफ्ट, म्यूजिक एंड डांस, फिटनेस योगा, साइंस एंड एक्सपेरिमेंट्स तथा स्टोरी टेलिंग जैसी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रतिभा को निखारने के साथ उनकी रचनात्मक क्षमता और आत्मविश्वास बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। बच्चे भी पूरे उत्साह और आनंद के साथ हर गतिविधि में भाग ले रहे हैं।स्कूल परिसर में प्रतिदिन बच्चों की चहल-पहल और रंग-बिरंगी गतिविधियां आकर्षण का केंद्र बनी हुई हैं। शिक्षिकाएं बच्चों को खेल-खेल में नई चीजें सिखा रही हैं, जिससे बच्चों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ रही है।स्कूल की प्रिंसिपल पूजा सिंह ने बताया कि समर कैंप का उद्देश्य बच्चों की छुट्टियों को रचनात्मक और उपयोगी बनाना है। उन्होंने कहा कि कैंप का समय सुबह 8:30 बजे से 11:30 बजे तक निर्धारित किया गया है।




**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# SRH ने RCB को 256 रन का टारगेट दिया

**ईशान, अभिषेक और क्लासन के अर्धशतक, रसिख सलाम को 2 विकेट**



**हैदराबाद, वार्ता।** आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को 256 रन का टारगेट दिया है।

राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में हैदराबाद ने टॉस जीतकर 20 ओवर में 4 विकेट खोकर 255 रन बनाए। हैदराबाद के लिए अभिषेक शर्मा ने 22 गेंदों में 56 रन की पारी खेलकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई, जबकि ईशान किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाकर पारी को संभाला। हेनरिक क्लासन ने भी 24 गेंदों में 51 रन की पारी खेली। आखिर में नितीश कुमार रेड्डी ने 12 गेंदों में नाबाद 29 रन जोड़कर टीम को 250 के पार पहुंचाया। बेंगलुरु के गेंदबाज पूरी तरह संघर्ष करते नजर आए, जहां रसिख सलाम ने 2 विकेट लिए, जबकि सुयश शर्मा और क्रुणाल पंड्या को 1-1 सफलता मिली। आखिरी ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 9 रन जोड़े और टीम का स्कोर 4 विकेट पर 255 रन तक पहुंचा। रसिख सलाम ने ओवर की आखिरी गेंद पर ईशान किशन को आउट कर उनकी शानदार पारी का अंत किया। किशन ने 46 गेंदों में 79 रन बनाए, जिसमें 8 चौके और 3 छक्के शामिल रहे। नितीश रेड्डी ने भी अंत में तेज 29 रन जोड़े। बेंगलुरु को 17वें ओवर में विकेट मिला, जब क्रुणाल पंड्या ने हेनरिक क्लासन को आउट कर दिया। क्रुणाल ने लो-आर्म एक्शन से धीमी गेंद डाली, जिस पर क्लासन बड़ा शाट खेलने गए। हालांकि गेंद बल्ले पर सही तरीके से नहीं आई और लान्ग आन पर खड़े वेंकटेश अ"यर ने आसान कैच पकड़ लिया। क्लासन 24 गेंदों में 51 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 2 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। हालांकि इसके बाद आए नीतीश कुमार रेड्डी ने पहली गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर छक्का जड़कर खाता खोला।

फिर अगली ही गेंद पर लॉन्ग ऑन के ऊपर से सिक्स लगा दिया। सनराइजर्स हैदराबाद ने 16 ओवर में 2 विकेट पर 209 रन बना लिए हैं। ईशान किशन और हेनरिक क्लासन ने सिर्फ 51 गेंदों में 100 रन की साझेदारी पूरी कर ली। रसिख सलाम डार के ओवर में 20 रन बने। ओवर की पहली ही गेंद पर ईशान किशन ने बैक आफ द हैंड स्लोअर बाल को डीप मिडविकेट के ऊपर छक्के के लिए भेज दिया। इसके बाद उन्होंने लगातार दो चौके जड़ते हुए गेंदबाज पर दबाव बढ़ा दिया। ओवर की आखिरी गेंद पर हेनरिक क्लासन ने 2 रन लेकर इस सीजन की अपनी छठी फिफ्टी पूरी की। ईशान 35 गेंदों में 65 रन और क्लासन 23 गेंदों में 51 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। ईशान किशन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए आईपीएल 2026 में अपना एक और अर्धशतक पूरा किया। 14.2 ओवर में भुवनेश्वर कुमार की फुलटॉस गेंद पर उन्होंने डीप मिडविकेट की ओर एक रन लेकर अपनी फिफ्टी पूरी की। ईशान का यह रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ लगातार चौथा अर्धशतक भी रहा। 13वें ओवर में जोश हेजलवुड के इस ओवर में कुल 27 रन आए, जिसमें हेनरिक क्लासन ने तीन छक्के और एक चौका जड़ा। हेजलवुड की यार्कर और स्लोअर गेंदें दोनों ही असरदार नहीं रहीं, जबकि दो वाइड ने बेंगलुरु की मुश्किलें और बढ़ा दीं। क्लासन ने महज 14 गेंदों में 28 रन बना लिए, वहीं ईशान किशन भी 38 रन पर टिके रहे।

# गेंदबाजी में सुधार के लिए मैने अपने वीडियो देखे: मोहम्मद सिराज



**अहमदाबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गुजरात टाइटंस के तेज गें. दबाज मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंदबाजी में सुधार के लिए मैंने अपने वीडियो देखे और नई गेंद से अभ्यास किया। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले में 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुने गए मोहम्मद सिराज ने कहा कि गेंद मेरे हाथ से काफी अच्छी तरह से निकल रही है। वर्ल्ड कप के ज्यादातर मैचों से मैं बाहर ही रहा था और मुझे खेलने का मौका नहीं मिला था। इसी वजह से गेम के लिए जिस लय की जरूरत होती है, वो मेरे पास नहीं थी। मैं पहले कुछ मैचों में अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहा था। लेकिन इसके बाद मैंने अपने वीडियोज देखे और उसके बाद से गेंद अच्छी तरह से पड़ने लगी। उन्होंने कहा कि अभ्यास के दौरान मैंने अपनी लाइन और लेंथ सुधारने के लिए नई गेंद का प्रयोग किया। इसके बाद यॉर्कर की भी प्रैक्टिस की। लाल मिट्टी वाली पिच पर मैं हमेशा संजू सैमसन से ड्राइव करवाने की को. शिश करुंगा। पावरप्ले में गेंदबाजी करते हुए मेरा काम होता है कि बल्लेबाजों पर दबाव बनाकर रखूं।

**खेल विशेष**

## आईसीसी महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी का करेगा विस्तार

**दुबई, वार्ता।** अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने पिछले साल शुरु हुई महिला इमर्जिंग नेशंस ट्रॉफी विस्तार करने का फैसला किया है। आईसीसी की गुरुवार को हुई ऑनलाइन मुख्य कार्यकारी की बैठक में यह फैसला लिया गया। नवम्बर 2025 में हुए पहले एडिशन में आठ एसोसिएट टीमें शामिल थीं, लेकिन दूसरे संस्करण में 10 टीमें होंगी, जिसमें पांच टेस्ट खेलने वाले देश शामिल हैं। यह टूर्नामेंट इस साल नवम्बर में आयोजित होगा। 10 टीमों की चैंपियनशिप में श्रीलंका, बंगलादेश, पाकिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के साथ नीदरलैंड्स, स्कॉटलैंड, थाईलैंड, यूएई और पापुआ न्यू गिनी भी शामिल होंगे। जैसा कि इस वेबसाइट ने पहले बताया था।

## नैनीताल में शुरू हुआ 21वां गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट, 179 गोल्फर ले रहे हिस्सा

**नैनीताल, वार्ता।** उत्तराखंड लोक भवन की ओर से आयोजित 21वें गवर्नर्स कप गोल्फ टूर्नामेंट का शुक्रवार राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (अप्रा) गुरमीत सिंह ने टी-ऑफ कर शुभारम्भ किया। तीन दिनों तक चलने वाले इस प्रतिठित टूर्नामेंट में विभिन्न श्रेणियों के कुल 179 गोल्फर हिस्सा ले रहे हैं। इस वर्ा प्रतियोगिता को पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री स्व0 भुवन चंद्र खंडूड़ी की स्मृति को समर्पित किया गया है। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि गवर्नर्स कप केवल खेल आयोजन नहीं बल्कि उत्तराखण्ड की खेल क्षमताओं और पर्यटन संभावनाओं को राट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का प्रभावशाली मंच है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय भुवन चंद्र खंडूड़ी का राट्र और प्रदेश के विकास के प्रति योगदान सदैव प्रेरणादाई रहेगा। टूर्नामेंट में 110 सामान्य श्रेणी, 27 जूनियर खिलाड़ी, 9 महिला खिलाड़ी, 29 वेटरन तथा 4 सुपर वेटरन खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।

## अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा के लिए भारतीय महिला टीम घोषित

**नई दिल्ली, वार्ता।** हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को 18-सदस्ईय भारतीय महिला अंडर-18 टीम की घोाणा की, जो आगामी महिला अंडर 18 एशिया कप काकामिगाहारा 2026 में देश का प्रतिनिधित्व करेगी। जापान द्वारा आयोजित यह प्रतिठित महाद्वीपीय टूर्नामेंट 29 मई से 6 जून, 2026 तक चलेगा। भारतीय टीम भोपाल में राट्रीय शिविर में कई हफ्तों की तैयारी के बाद इस टूर्नामेंट में उतर रही है, जहां रानी के नेतृत्व वाले कोचिंग स्टाफ ने टीम के तालमेल बनाने, मैच फटिनेस सुधारने और रणनीतिक क्रियान्वयन को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। यह टूर्नामेंट स्वीटी कुजूर की कप्तानी वाली युवा भारतीय टीम के लिए एक अवसर के रूप में काम करेगा।

## सानिया और सोमदेव फ्रेंच ओपन का गहन विश्लोण करेंगे

**मुंबई, वार्ता।** सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क, फ्रेंच ओपन 2026 की पूरी कवरेज देने के लिए पूरी तरह तैयार है। 24 मई, 2026 से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट में, पूरे भारत के टेनिस प्रेमियों को क्ले-कोर्ट पर होने वाले मुकाबलों का रोमांच देखने को मिलेगा। यह ग्रैंड स्लैम नेटवर्क के स्पोर्ट्स चैनलों पर लाइव दिखाया जाएगा और सोनी लिव पर इसकी लाइवस्ट्रीमिग होगी। यह कवरेज अंग्रेजी, हिदी, तमिल, तेलुगु और कन्नड़ भााओं में उपलब्ध होगी। फ्रेंच ओपन, प्रोफेशनल टेनिस की सबसे कठिन चुनौतियों में से एक माना जाता है। पेरिस की लाल क्ले (मिट्टी) पर ही टेनिस के कुछ सबसे यादगार मुकाबले खेले गए हैं। चोट के कारण कार्लोस अल्काराज के टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद, इस ग्रैंड स्लैम में जैनिक सिनर, इगा स्वीयाटेक, आर्यना सबालेंका और कोको गॉफ जैसे खिलाड़ी मुख्य आर्काण होंगे।

# पंजाब किंग्स के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

**सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया**

**लखनऊ, वार्ता।** पंजाब किंग्स को शनिवार को पहले ही बाहर हो चुकी लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 'करो या मरो' वाली स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे आईपीएल 2026 प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखने की कोशिश कर रहे हैं, क्योंकि सीजन के आखिर में अचानक आई गिरावट ने उनके उस अभियान को खतरे में डाल दिया है, जो कभी खिताब जीतने वाला लग रहा था। 25 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रिकॉर्ड तोड़ 265 रनों का पीछा करने के बाद पंजाब का सीजन एक नाटकीय मोड़ पर आ गया है। एक समय तो वे टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीमों में से एक लग रहे थे।

उन्होंने अपने पहले सात मैचों में से छह जीते थे और खिताब के असली दावेदार लग रहे थे। हालांकि, श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली इस टीम को तब से लगातार छह हार का सामना करना पड़ा है, जिससे वे पॉइंट्स टेबल में पांचवें स्थान पर खिसक गए हैं और उनकी प्लेऑफ की उम्मीदें बहुत पतली हो गई हैं। पंजाब को अब अपने आखिरी लीग मैच में एलएसजी को हराना होगा और साथ ही रविवार के मैचों के नतीजों का भी अपने पक्ष में आने का इंतजार करना होगा। उन्हें उम्मीद करनी होगी कि मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स, क्रमशः राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स से हार जाएं। अगर राजस्थान मुंबई को हरा देता है, तो पंजाब आधिकारिक तौर पर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा, वहीं अगर केकेआर दिल्ली को हरा देता है, तो नेट रन रेट (एनआरआर) का समीकरण बीच में आ सकता है। फिलहाल, एनआरआर के मामले में पंजाब कोलकाता से थोड़ा आगे है। लेकिन समीकरणों की चिंता करने से पहले, पंजाब को अपनी समस्याओं को ठीक करने की जरूरत है। हाल के खराब प्रदर्शन ने टीम के सभी विभागों की कमजोरियों को उजागर कर दिया है। उनका आक्रामक टॉप ऑर्डर-जिसमें प्रियांश आर्य, प्रभसिमरन सिंह और कूपर कॉनली शामिल हैं-हाल के मैचों में बुरी तरह से संघा कर रहा है, जबकि सीजन की शुरुआत में टीम की सफलता में इसी टॉप ऑर्डर का अहम योगदान था। प्रियांश ने अपनी पिछली सात पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बनाया है, और पिछले मैच में वे बिना कोई रन बनाए (डक पर) आउट हो गए थे। प्रभसिमरन भी अपनी पिछली पांच पारियों में सिर्फ एक अर्धशतक बना पाए हैं, जबकि कॉनली अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में नाकाम रहे हैं। कप्तान अय्यर-जो सीजन की शुरुआत में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों में से एक थे-की फॉर्म में भी हार के इस सिलसिले के दौरान गिरावट आई है, पिछली छह हार वाले मैचों में वे सिर्फ एक बार ही पचास का आंकड़ा पार कर पाए हैं। पंजाब का मिडिल ऑर्डर-जिसने दिल्ली के खिलाफ उस मशहूर जीत में अहम भूमिका निभाई थी-भी अपनी लय खो चुका है, जबकि उनका गेंदबाजी आक्रमण अहम मौकों पर रनों को रोकने में संघा करता नजर आया है। खराब फील्डिग और छूटे हुए कैचों ने उनकी मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। इस बीच, लखनऊ सुपर जायंट्स अपने पिछले 10 मैचों में से सिर्फ दो मैच जीतने के बाद पहले ही प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है। पिछले मैच में उन्हें राजस्थान रॉयल्स के हाथों सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा था, जहां युवा खिलाड़ी वैभव सूर्यवंशी ने अपनी शानदार पारी से सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया था।



# अशिमता चालिहा की हार के साथ भारत की चुनौती समाप्त

**कुआलालंपुर, वार्ता।** कुआलालंपुर में चल रहे मलेशिया मास्टर्स 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत की चुनौती शुक्रवार को महिला सिंगल्स के क्वार्टर-फाइनल में अशिमता चालिहा की हार के साथ समाप्त हो गई।

चालिहा को डेनमार्क की पूर्व यूरोपीय गेम्स चैंपियन लाइन कजर्सफेल्ट ने हराया। बैडमिंटन रैंकिंग में 71वें स्थान पर मौजूद चालिहा ने पहला गेम जीता, लेकिन आखिरकार 61 मिनट चले इस मैच में वह 23वें स्थान पर मौजूद अपनी प्रतिद्वंद्वी से 21-23, 21-18, 21-11 से हार गईं। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी ने शुरुआत में मैच पर अपना दबदबा बनाए रखा और पहले गेम के ब्रेक तक 11-6 की बढ़त बना ली। हालांकि, लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए स्कोर 17-17 से बराबर कर दिया, लेकिन अशिमता चालिहा ने मैच के आखिरी पलों में अपना संयम बनाए रखा और अपने तीसरे गेम-पॉइंट के मौके पर पहला गेम अपने नाम कर लिया। लेकिन, दूसरे गेम में मैच का रुख बदल गया। अशिमता ने एक बार फिर शानदार शुरुआत करते हुए 10-5 की बढ़त बना ली, लेकिन लाइन कजर्सफेल्ट ने जोरदार वापसी करते हुए गेम के ब्रेक तक स्कोर का अंतर घटाकर सिर्फ एक अंक कर दिया।

डेनमार्क की इस शटलर ने स्कोर 13-13 से बराबर किया और लगातार चार अंक हासिल करते हुए 18-15 की बढ़त बना ली, जिसके बाद उन्होंने यह गेम भी जीत लिया। शुरुआत में मुक. ाबला बराबरी का रहने के बाद, निर्णायक गेम पूरी तरह से एकतरफा हो गया। जब स्कोर 4-4 से बराबर था, तब लाइन कजर्सफेल्ट ने लगातार चार अंक हासिल करते हुए 8-4 की बढ़त बना ली। अशिमता ने कुछ देर के लिए स्कोर का अंतर घटाकर 8-6 किया, लेकिन लाइन ने लगातार पांच अंक हासिल करते हुए अपनी बढ़त को 13-6 तक पहुंचा दिया और आसानी से यह मैच जीत लिया।


**उत्तर रेलवे**

**ई-नीलामी**

- मुरादाबाद मंडल से शुरू होने वाली ट्रेनों के 06 एस.एल.आर:

गाड़ी सं. 15120 (F-I), 19020 (R-I), 15002 (F-I), 14314 (R-I), 12402 (R-I), 19610 (R-I) के पार्सल स्पेस को लीज पर 3 साल की अवधि के लिए देने हेतु ई-नीलामी के तहत दिनांक 08.06.26 (Timings : 10:00 am) को बोली के माध्यम से आमंत्रित की जाएगी। इसके लिए विस्तृत नियम और शर्तें www.ireps.gov.in वेबसाइट पर ही उपलब्ध हैं। 1746/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियंता/चर्तुथ द्वारा निम्नलिखित ई-टेन्डर संख्या जिनके बन्द होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित है। जो उसी दिन 16.00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या | 61-DRM-MB-26-27 Dt : 18.05.2026 |
|---|---|
| कार्य का नाम | Construction of 08 nos type-3 quarters and 06 nos type-4 quarters under ADEN/NBD, |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक | 16.06.2026 |
| टेन्डर क्लोसिंग समय | 16:00 |
| अनुमानित लागत | 3,16,77,404.09 |
| धरोहर राशि | 6,33,600.00 |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 8 माह |
| बिडिंग आरंभ तिथि | 02.06.2026 |

टैन्डर न. Sr.DEN-IV/Publication/26-27 दिनांक : 22.05.2026 1726/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**

**उ.रे., मंडल रेलवे चिकित्सालय, चिकित्सा विभाग, मुरादाबाद मंडल**

सूचना सं. 139-Med/C2C/DH/MB-25 दिनांक: 19.05.2026

**उत्तर रेलवे, मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में केस टू केस के आधार पर चिकित्सा परामर्शदाता को अनुबंधित करने हेतु**

भारत के राष्ट्रपति व उनकी ओर से मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उ.रे., मुरादाबाद द्वारा मंडल रेलवे चिकित्सालय, मुरादाबाद में स्पेशलिस्ट चिकित्सा परामर्शदाता को एक वर्ष के लिए अनुबंधित करने के लिए निम्नलिखित स्पेशलिस्ट की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

| क्र. सं. | विशेषज्ञता का नाम | विशेषज्ञता/विशेष रुचि का क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1 | ईएनटी | सामान्य ईएनटी एवं जटिल ईएनटी रोगों का उपचार |
| 2 | सामान्य शल्य चिकित्सा | सामान्य शल्य चिकित्सा एवं जटिल शल्य चिकित्सा के मामले |
| 3 | अस्थि रोग (ऑर्थोपेडिक्स) | अस्थि शल्य चिकित्सा एवं अन्य जटिल अस्थि रोगों के मामले |
| 4 | एनेस्थीसिया | स्त्री रोग सामान्य शल्य चिकित्सा अस्थि शल्य चिकित्सा तथा अन्य मामलों में नियमित एनेस्थेटिस्ट की अनुपस्थिति अथवा जटिल/उच्च जोखिम वाले मामलों हेतु |
| 5 | नेफ्रोलॉजी | जटिल गुर्दा रोगों के मामले |
| 7 | यूरोलॉजी | मूत्र रोग संबंधी शल्य चिकित्सा एवं अन्य जटिल यूरोलॉजी के मामले |
| 8 | त्वचा रोग (डर्मेटोलॉजी) | त्वचा रोगों एवं जटिल त्वचा संबंधी मामलों का उपचार |
| 9 | स्त्री रोग एवं प्रसूति रोग | जटिल स्त्री रोग एवं प्रसूति संबंधी मामलों का उपचार एवं शल्य चिकित्सा |

आवेदन ए-4 साइज आकार के कागज पर निर्धारित प्रारूप में भरे जाने चाहिए और सभी आवश्यक दस्तावेजों को संलग्न करें।
विज्ञापन का विवरण, आवेदनपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट https://nr.indianrailways.gov.in/recruitmentinfo पर उपलब्ध हैं।
उम्मीदवारों को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उत्तर रेलवे मुरादाबाद (यूपी) पिन 244001 के कार्यालय में सभी आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ विधिवत भरकर हस्ताक्षरित आवेदन पत्र जमा करना चाहिए। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि व समय दिनांक 10.06.2026 को दोपहर 01 बजे तक है।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक
उत्तर रेलवे, मुरादाबाद मंडल

1743/26 ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/प्रथम द्वारा ई टेन्डर जिनके बन्द होने की तिथि प्रत्येक निविदा के सामने अंकित है। निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमत्रित किये जाते हैं जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 56-DRM-MB-26-27 Dt. 13.05.2026 | 64-DRM-MB-26-27 Dt. 20.05.2026 |
|---|---|---|
| कार्य का नाम | Slope stability in 5m deep cutting b/w km 1549/07 to 1549/09 in the approach of bridge No. 1262A under ADEN/RK. | Turnout renewals and allied miscellaneous track works in the jurisdiction of SSE/ P.way/DDN under ADEN/HW |
| निविदा का प्रकार | Works | Works |
| निविदा की कीमत | Nil | Nil |
| अनुमानित लागत | 1,35,00,585.69 | 1,04,93,088.62 |
| धरोहर राशि | 2,70,000.00 | 2,09,900.00 |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 16.06.2026 16:00 | 16.06.2026 16:00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 02.06.2026 | 02.06.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 06 Months | 06 Months |

नं. 74-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 21.05.2026 1725/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**खुली निविदा सूचना**

वरिष्ठ मण्डल संकेत एवं दूरसंचार अभि0/उत्तर रेलवे, मुरादाबाद, कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्यों के लिए खुली निविदा ई-टेंडरिंग प्रणाली के माध्यम से आमन्त्रित करते हैं।

| सं0 | निविदा संख्या और कार्य का विवरण | लगभग लागत रुपये | अग्रिम धन रुपये | निविदा फॉर्म की लागत रु. | निविदा प्रस्तुत करने और निविदा खोलने के लिए अंतिम तिथि और समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | SNTRT-SigLC- InterlockingA इंटरलॉकिंग ऑफ एल सी गेट्स टी यू वी > 20000 इन दा सेक्शन ऑफ एडीएसटी/हरदोई ऑफ मुरादाबाद डिवीज़न | 109279559.62 | 2185600.00 | Nil | 15.06.2026 15:00 |

नोटः- निविदा के पूरा विवरण www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है। Tender Notice-SNTRT-SigLC-InterlockingA Date: 21.05.2026 1723/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु.) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवं कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026:- हरिद्वार, ऐथल, पथरी, इक्कड, ज्वालापुर, मोतीचूर, ऋषिकेश, लक्सर स्टेशन के उन्नयन के लिए विद्युत कार्य | 1,46,16,426.60 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद | 2,92,300.00 | 6 (छः) माह | निविदायें दिनांक 15.06.2026 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय मुरादाबाद |

निविदा सूचना सं.: 17/2026 दिनांक: 22.05.2026 1727/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

नं. 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक 21.05.2026

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/III/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वैबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| टेन्डर संख्या दिनांक | 47-DRM-MB-26-27 DATE 21.05.2026 | 60-DRM-MB-26-27 DATE 21.05.2026 | 65-DRM-MB-26-27 DATE 21.05.2026 |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Divyangjan facilities at various stations under ADEN/BE | Construction of Crew and Train manager Lobby at Bareilly | CTR(P) 12.318 Km of Looplines in the section of ADEN/SPN & ADEN/BE & Other Miscellaneous Work in the Section of Sr. DEN/III/NR/MB |
| टेन्डर क्लोसिंग दिनांक/समय | 15.06.2026 at 16:00 Hrs. | 15.06.2026 at 16:00 Hrs. | 15.06.2026 at 16:00 Hrs. |
| अनुमानित लागत | 2,04,43,516.90 | 1,25,35,238.99 | 2,57,45,315.63 |
| धरोहर राशि | 4,08,900.00 | 2,50,700.00 | 5,14,900.00 |
| बिडिंग स्टार्ट तिथि | 27.05.2026 | 01.06.2026 | 01.06.2026 |
| आफर की वैधता | 60 Days | 60 Days | 60 Days |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10 Months | 08 Months | 12 Months |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1724/26

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | बिड सिक्यूरिटी | कार्य के पूरा करने की समय अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 13/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./ 2026:- हरिद्वार (HW), योग नगरी ऋषिकेश (YNRK), देहरादून और मसूरी में हॉलिडे होम/अधीनस्थ ORH के निर्माण के लिए विद्युत कार्य तथा HW और आसपास के स्थानों के लिए एयर कंडीशनिंग सिस्टम, वाटर कूलर, डेजर्ट कूलर आदि के सुधार के लिए विद्युत कार्य तथा LRJ-DDN खंड पर रायवाला स्टेशन पर मौजूदा FOB के लिए रैंप की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य तथा ADEN-RK के अंतर्गत ऐथल में उच्च-स्तरीय प्लेटफॉर्म (PF1) और FOB रैंप की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य तथा ADEN-HW के अंतर्गत PRI में मौजूदा FOB के लिए रैंप के साथ उच्च-स्तरीय प्लेटफॉर्म (PF2) की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य तथा NBD-SRE खंड पर लक्सर स्टेशन पर 3.0 चौड़ाई वाले FOB की व्यवस्था के लिए विद्युत कार्य। | 10516165.06 (जीएसटी सहित) | 210300.00 | 6 (छः) माह |
| 2. | 03/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026 दूसरी कॉलः- हरिद्वार स्टेशन पर क्रू और गार्ड लॉबी के निर्माण के लिए विद्युत कार्य, जिसमें पुरुष और महिला शौचालय/वॉशरूम, क्रू वेटिंग हॉल, सीएलआई काउंसलिंग रूम, सिम्युलेटर रूम, सीसीसी रूम, एसएनसी रूम और स्टोर रूम शामिल हैं, और रुड़की गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य, और धामपुर गुड्स शेड में बुनियादी ढांचे के उन्नयन/आधुनिकीकरण के लिए विद्युत कार्य। | 7939120.08 (जीएसटी सहित) | 158800.00 | 12 (बारह) माह |

| 3. | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय | वेबसाइट एवम् कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|
| | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद | निविदाए दिनांक 12.06.2026 को 15.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। | वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय/मुरादाबाद। |

निविदा सूचना सं0: 16/2026 दिनांक: 21.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1719/26

# कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों को दिया गया आधुनिक खेती का प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के ग्राम राम. वाला शेखू में शुक्रवार को कृषि विज्ञान केंद्र ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद की ओर से एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं भ्रमण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में पादप सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने किसानों एवं महिला कृषकों का स्वागत करते हुए उन्हें सब्जियों में एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। वैज्ञानिक ने किसानों को आगामी धान फसल की नर्सरी तैयार करने के वैज्ञानिक तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि नर्सरी डालने से पहले बीज का शोधित करना बेहद जरूरी है। साथ ही रोपाई से पूर्व खेतों की गहरी जुताई करने से मिट्टी में मौजूद कीटों के अंडे, प्यूपा एवं फफूंद सूर्य की



तेज रोशनी से नष्ट हो जाते हैं, जिससे फसल को नुकसान से बचाया जा सकता है। भ्रमण के दौरान किसानों को गन्ने की फसल में लगाए गए फेरोमोन ट्रैप का प्रदर्शन भी दिखाया गया। वैज्ञानिक ने बताया कि इन ट्रैपों के माध्यम से चोटी बेधक एवं तना छेदक जैसे हानिकारक कीटों के वयस्क आसानी से नियंत्रित किए जा सकते हैं। उन्होंने किसानों से अपील की कि रासायनिक उपायों के साथ-साथ जैविक तरीकों को भी अपनाएं, ताकि खेती को सुरक्षित और लाभकारी बनाया जा सके।

कार्यक्रम में विजेंद्र, कृपाल सिंह, गजेंद्र सिंह, निपेंद्र सिंह, लेखराज सहित कुल 21 किसानों ने प्रतिभाग किया।

# बेटी के घर छोड़कर जाने से आहत पिता ने जहर खाकर दी जान

**मुरादाबाद।** शहर के मझोला थाना क्षेत्र के लाइन पार इलाके में बेटी के घर छोड़कर चले जाने से आहत एक पिता ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और पूरे इलाके में शोक का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार मृतक की बेटी कुछ दिन पहले घर से नगदी और जेवर लेकर अपने प्रेमी के साथ चली गई थी। बेटी के इस कदम से पिता गहरे सदमे में थे और लगातार मानसिक तनाव में चल रहे थे। परिजनों ने उन्हें समझाने और संभालने की कोशिश की, लेकिन वह बेटी के जाने का दुख सहन नहीं कर सके।बताया जा रहा है कि तनाव के चलते उन्होंने जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही आसपास के लोग भी मौके पर जमा हो गए। परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।मझोला थाना पुलिस ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। शुरुआती जांच में पारिवा. रिक तनाव के चलते आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक नजर

### स्मार्ट मीटर संबंधी शिकायतों के निस्तारण को 30 जून तक लगेंगे विशेष कैंप

**कांठ( शाह टाइम्स )** स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए विद्युत विभाग ने 30 जून तक विशेष कैंप संचालित किए जाने का निर्णय लिया है। एसडीओ विद्युत द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि



यह कैंप 30 जून तक प्रत्येक कार्य दिवस में आयोजित किए जाएंगे। सभी उपभोक्ता अपने-अपने स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतें उक्त कैंप में दर्ज करा सकते हैं और अपना मोबाइल नंबर भी वहां दे सकते हैं जिससे बिल संबंधी और विद्युत उपभोग की जानकारी मोबाइल पर ही उपलब्ध रह सकती है। उन्होंने बताया कि कांड में यह कैंप उपखंड कार्यालय पुरानी तहसील में आयोजित होंगे उन्होंने उपभोक्ताओं से अपने साथ स्मार्ट मोबाइल लाने का भी आवाहन किया और कहा कि जिससे यूपीपीसीएल स्मार्ट एप भी उनके मोबाइल में डाउनलोड कराया जा सके उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से इस कैंप में आकर लाभ उठाए जाने का भी आह्वान किया है।

### अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के पूर्व अध्यक्ष सहीराम धारणिया का 104 साल की उम्र में निधन

कांठ (शाह टाइम्स)अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक 104 वर्षीय सहीराम धारणिया का शुक्रवार सुबह 4 बजे निधन हो गया स उनका अंतिम संस्कार उनके गांव



श्री सही राम धारणियां

सकतखेरा हरियाणा में किया गया। सहीराम धारणियां के स्वर्गलोक गमन की खबर सुनकर समाज के लोगों ने दुख व्यक्त किया। धारणिया ने युवाकाल मे अविभाजित पंजाब राज्य की अबो. हर विधानसभा सीट से भारतीय जनसंघ के विधायक बनकर अपने राजनीतिक जीवन शुरुआत की थी। सहीराम ने अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के प्रधान के रूप मे करीब पन्द्रह वर्ष तक निर्विवाद एवं बैदाग छवी के साथ समाज की सेवा कीस उनके निधन पर अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य एडवोकेट प्रदीप बिश्नोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, ओमवीर सिंह बिश्नोई, अनिल कुमार विश्नोई, डॉ पंकज बिश्नोई, एडवोकेट मोहनलाल बिश्नोई, संजय बिश्नोई (विकासनगर), हेमंत बिश्नोई आदि ने उनके निधन को समाज की अपूरणीय छती बताया है।

### पांच दिवसीय समर कैंप का प्रतियोगिताओं के साथ समापन



**कांठ ( शाह टाइम्स )।** हॉवर्ड कान्वेंट स्कूल गढ़ी में चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का आज समापन किया गया। जिसमे विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। उत्कृष्ट प्रतिभा प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

प्रबंधक दीपेश सिंह एवं प्रधानाचार्या रेनू बिश्नोई सीसीए प्रभारी नीतू चौधरी ने समस्त शिक्षकों को समर कैंप के अंतर्गत विद्यालय में चल रही प्रतियोगिताओं को सफल बनाने के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। उप प्रधानाचार्य शलभ माथुर ने कहा कि समर कैंप विद्यालय में केवल मनो. रंजन का साधन मात्र नही है इसके अंतर्गत होने वाली गतिविधियों से हम अपनी शैक्षिक एवं व्यवहारिक शिक्षा को बहुत अधिक विकसित कर सकते हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### समर कैंप में बच्चों को दिया सनातन संस्कृति और आत्मरक्षा का संदेश

**चन्दौसी।** बच्चों की गर्मियों की छुट्टियों को रचनात्मक एवं ज्ञानवर्धक बनाने के उद्देश्य से जायट्स ग्रुप के तीनों ग्रुपों द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित काली मंदिर समर कैंप में शुक्रवार को विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कैंप में बच्चों को सनातन धर्म एवं मंत्रों का ज्ञान कराया गया, वहीं मेहंदी, डांस और ताइक्वांडो प्रतियोगिताओं में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने अपने हाथों पर सुंदर-सुंदर मेहंदी लगाकर सभी का मन मोह लिया। डांस प्रस्तुतियों में भी बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। वहीं ताइक्वांडो के शानदार प्रदर्शन ने उपस्थित लोगों को प्रभावित किया। आयोजकों ने बच्चों को आत्मरक्षा के लिए ताइक्वांडो सीखने के महत्व के बारे में भी जानकारी दी। समर कैंप में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। बच्चों को पॉलिथीन मुक्त भारत बनाने के लिए जागरूक किया गया और पत्तों से बने दोने में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। बच्चों को बताया गया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पॉलिथीन का प्रयोग बंद करना बेहद जरूरी है। कार्यक्रम में तीनों ग्रुपों की अध्यक्ष नीतू रस्तोगी, सुजाता शर्मा एवं दीक्षा अग्रवाल ने सक्रिय सहयोग किया। वहीं सचिव शालिनी शर्मा, कोषाध्यक्ष शोभा शर्मा, नूतन अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने भी कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर सीनू शर्मा, नंदिनी अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सुप्रीति गुप्ता, सुमन सैनी, सोनिया गर्ग तथा डायरेक्टर शिखा शर्मा सहित कई महिलाएं मौजूद रहीं।

### राजा राममोहन राय एवं शहीद अजय आहूजा की जयंती पर आयोजित हुआ समारोह

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को सीता रोड स्थित नीलम हॉस्पिटल में महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय तथा कारगिल युद्ध के शहीद स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कवि माधव मिश्र ने दोनों महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता हॉस्पिटल चेयरमैन डॉ. महेश कुमार गुप्ता ने तथा संचालन डॉ. अरविंद कुमार गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने कहा कि राजा राममोहन राय आधुनिक भारत के जनक और भारतीय पुनर्जागरण के अग्रदूत थे। उन्होंने सती प्रथा, बाल विवाह, जातिवाद और पर्दा प्रथा जैसी कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया। उनके अथक प्रयासों से वर्ष 1829 में ब्रिटिश सरकार ने सती प्रथा को गैर कानूनी घोषित किया। उन्होंने पत्रकारिता और सामाजिक सुधार आंदोलन को नई दिशा दी। कार्यक्रम में कारगिल युद्ध के शहीद स्क्वाड्रन लीडर अजय आहूजा को भी श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि 1999 के कारगिल युद्ध में उन्होंने देश की रक्षा करते हुए सर्वोच्च बलिदान दिया। उनकी वीरता और देशभक्ति सदैव युवाओं को प्रेरित करती रहेगी। इस दौरान डॉ. निशा गुप्ता, डॉ. नितिन कौशिक, अंकित, पंकज अग्रवाल, अफजल खां, विकास यादव, हिमांशु यादव समेत अनेक लोगों ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# भाजपाइयों ने साइकिल चलाकर दिया ऊर्जा संरक्षण का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ( शाह टाइम्स )।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर ऊर्जा संरक्षण एवं इंधन बचत का संदेश देने के लिए साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा भाजपा कार्यालय से प्रारंभ होकर लाइन पार फार्म हाउस पर संपन्न हुई। भाजपा कार्यकर्ताओं ने साईकिल चलाकर पर्यावरण संरक्षण तथा ईंधन बचत का संदेश दिया स चौधरी हुकम सिंह ने बताया कि शनिवार से भाजपा का जिला स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ होने जा रहा हैस जिसकी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जा रही है। प्रशिक्षण वर्ग को नव्यता,दिव्यता एवं भव्यता प्रदान करने के लिए संगठन के पदाधिकारी और कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ व्यवस्थाओं में जुटे हैं। इस अवसर पर राजन विश्नोई,चौधरी हुकम सिंह, मुकेश माहेश्वरी, अंकुश कुमार चौहान, चौधरी विक्रांत सिंह, सत्यवान सिंह, प्रमोद चौहान, चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, कैलाश सिंह, नीरज बिश्नोई सीताराम, राज. कुमार, रिजवान अल्वी, साजिद इदरीसी, संतोष कुमार, बरन सिंह, मुकुल प्रजापति, महेश चंद यादव, शीशपाल सैनी,एवं नसरू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ईएलपी कार्यक्रम के तहत युवाओं ने वृद्धाश्रम में बिताया समय बुजुर्गों की सेवा को बताया सच्ची सामाजिक जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** माय भारत मुरादाबाद के तत्वावधान में बिलारी यूथ क्लब अध्यक्ष रोहन देव सामाजिक द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में ईएलपी (एक्सपीरिएंशियल लर्निंग प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने वृद्धजनों के साथ समय बिताकर उनका हालच. ाल जाना और सेवा-भाव का परिचय दिया। जिला युवा अधिकारी सचिन कुमार ने बताया कि माय भारत के वॉलंटियर्स लगातार वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को बुजुर्गों के अनुभवों से सीखने का अवसर प्रदान करना और वृद्धजनों को अकेलेपन का एहसास न होने देना है। उन्होंने कहा कि ईएलपी जैसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी, संवेदनशीलता और सेवा-भाव विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनके साथ बैठकर बातचीत करना तथा उनकी भावनाओं को समझना ही उनके लिए सबसे बड़ी खुशी होती है। कार्यक्रम में युवाओं ने वृद्धजनों के साथ संवाद किया, उनका हालचाल जाना और उन्हें हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान वृद्धाश्रम का माहौल आत्मीयता और अपनत्व से भरा नजर आया। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, जीतू कुमार, चंद्र सिंह, चंचल, जोगिंदर सिंह, प्रेमपाल, गौरव कुमार, सतेन्द्र कुमार सहित अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उपस्थित लोगों ने वृद्धजनों की सेवा को समाज के प्रति सच्ची जिम्मेदारी बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों को लगातार आयोजित किए जाने पर जोर दिया।



## रसूलपुर गांव में 23 से शुरू होगी जम्भ बाणी हरि कथा

**कांठ (शाह टाइम्स)।** रसूलपुर गांव में 23 मई यानी आज शनिवार से जम्भ वाणी हरि कथा का शुभारंभ होगा और इसका समापन 29 मई को किया जाएगा उक्त जानकारी जंभ वाणी हरि कथा के आयोजन एवं गन्ना समिति कांठ के डायरेक्टर राहुल बिश्नोई ने दी।

उन्होंने बताया की कथा प्रतिदिन दोपहर 1:00 बजे से शाम 4:00 तक चलेगी, 23 मई को कलश यात्रा के साथ कथा का शुभारंभ होगा और 28 मई की रात्रि को विशाल जागरण के बाद 29 को प्रात: हवन और उसके बाद भंडारे के उपरांत कथा का समापन किया जाएगा। कथावाचक स्वामी गोविंद शरण महाराज रहेंगे और मुख्य अतिथि के रूप में महंत स्वामी प्रवणानंद महाराज को निमंत्रण दिया गया है।

# उच्च शिक्षण संस्थानों में ड्रेस कोड लागू करने के फैसले का व्यापार मंडल ने किया स्वागत

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल (युवा इकाई) चंदौसी ने प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए ड्रेस कोड अनिवार्य किए जाने के निर्णय का स्वागत किया है। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में कैथल गेट स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और



उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय द्वारा लिया गया यह निर्णय विद्यार्थियों में अनुशासन, समानता और सामा. जिक समरसता की भावना को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा कि ड्रेस कोड लागू होने से अमीर और गरीब छात्रों के बीच भेदभाव की भावना समाप्त होगी और सभी छात्र समान वातावरण में शिक्षा ग्रहण कर सकेंगे। मौसम गुप्ता ने कहा कि शिक्षण संस्थानों में ड्रेस कोड लागू होने से परिसर का माहौल अनुशासित, सकारात्मक और गरिमामय बनेगा। इससे विद्यार्थियों का ध्यान बाहरी दिखावे से हटकर पढ़ाई और करियर पर केंद्रित होगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में भी यह निर्णय सहायक साबित होगा। प्रभात कृष्णा ने प्रदेश सरकार के इस फैसले को शिक्षा जगत में बड़ा सुधारात्मक कदम बताते हुए कहा कि अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की युवा इकाई सरकार के इस छात्र हितैषी निर्णय का स्वागत करती है। इस दौरान प्रभात कृष्णा, मौसम गुप्ता, मंतेश वार्ष्णेय, प्रदीप वार्ष्णेय, भरत अग्रवाल, निशांत शर्मा, तुषार कृष्टल, शुभम अग्रवाल, रितिक वार्ष्णेय, गोविंद एवं वीरपाल राणा सहित संगठन के कई पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

# टीएमयू के गंगा चैंपियंस क्लब का संकल्प रामगंगा को लौटाएंगे निर्मलता और अविरलता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के गंगा चौंपियंस क्लब ने रामगंगा नदी की निर्मलता और अविरलता वापस लौटाने का संकल्प लिया है। क्लब ने रामगंगा के तटों को प्रदूषण मुक्त बनाने और हरा-भरा करने के लिए बहुआयामी अभियान का शंखनाद किया है।इसी क्रम में क्लब की ओर से रामगंगा घाट पर गंगा स्वच्छता एवं संरक्षण के लिए स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान की शुरुआत से पूर्व कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर साइंस के डीन प्रो. प्रवीण जैन ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। घाट पर छात्रों ने ष्हर हर गंगेष, ष्नमामि गंगेष सरीखे नारे लगाए। खघस बातें:पौधरोपण: घाट के किनारे पीपल, नीम और जामुन के एक दर्जन पौधे रोपित किए गए।स्वच्छता: रामगंगा घाट की सफाई कर प्लास्टिक की बोतलें, पॉलीथीन आदि कचरा एकत्रित किया गया।वैज्ञानिक पहल: एग्रीकल्चर के स्टुडेंट्स ने वैज्ञानिक जांच हेतु जल और मृदा के नमूने इकट्ठा किए। जनजागरूकता: स्टुडेंट्स ने स्थानीय निवासियों से अपील की कि वे रामग. ंगा घाटों पर गंदगी न फैलाएं और लगाए गए पौधों की सुरक्षा में योगदान दें। इस अवसर पर गंगा चौंपियंस क्लब के नोडल ऑफिसर डॉ. गणेश दत्त भ्र, डॉ. महेश सिंह, क्लब की सलाहकार डॉ. सुषमा सिंह, डॉ. सोनाली सिंह के साथ क्लब के सदस्य आर्य, सार्थक, उज्जवल, विनम्र, सनी, लक्की, शिवानी, निहा. रिका नयन, अनन्या आदि शामिल रहे। क्लब ने रामगंगा को प्रदूषण मुक्त बनाने और इसके तटों को हरा-भरा करने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रखने की बात कही है।





# एसएम कॉलेज के छह स्ववित्तपोषित कर्मचारियों पर मुकदमा

## अभिलेख और पासवर्ड रोकने का आरोप

**चन्दौसी।** एस.एम. कॉलेज चन्दौसी के प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने कॉलेज के छह कर्मचारियों के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया है।

प्राचार्य ने आरोप लगाया है कि कर्मचारियों ने कॉलेज के महत्वपूर्ण अभिलेख, सॉफ्टवेयर डोंगल, अकाउंट संबंधी यूजर आईडी-पासवर्ड और अलमारियों की चाबियां अपने कब्जे में रख ली हैं, जिससे कॉलेज का प्रशासनिक और लेखा कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

प्राचार्य डॉ. दानवीर सिंह यादव ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कॉलेज का प्रबंध तंत्र पहले ही भंग किया जा चुका है और कॉलेज में विशेष अंकेक्षण एवं जांच प्रस्तावित है। ऐसे समय में स्ववित्तपोषित विंग के कर्मचारी पंकज सिसौदिया, बृजमोहन, टिंकू, संजय कुमार आदि सहित छह कर्मचारियों के खिलाफ बिना किसी कार्यमुक्त आदेश के कॉलेज से चले गए और कॉलेज से संबंधित जरूरी अभिलेख व सामग्री अपने पास रख ली। तहरीर में कहा गया है कि कॉलेज का निजी सॉफ्टवेयर डोंगल, अकाउंट यूजर आईडी-पासवर्ड और अलमारी की चाबियां वापस नहीं की हैं।

वहीं पंकज सिसौदिया पर भी अलमारी की चाबी अपने पास रखने का आरोप लगाया गया है। प्राचार्य के अनुसार पिछले करीब पांच माह से कॉलेज का संपूर्ण लेखा विभाग प्रभावित चल रहा है।

इससे शासन स्तर पर प्रस्तावित जांच और अंकेक्षण कार्य में भी बाधा उत्पन्न हो रही है। प्राचार्य ने आरोप लगाया कि उक्त कर्मचारियों ने पूर्व प्रबंधतंत्र से जुड़े कुछ लोगों के साथ मिलकर कॉलेज के अभिलेखों को रोक रखा है, जिससे प्रशासनिक कार्य सुचारु रूप से नहीं हो पा रहे हैं। उन्होंने पुलिस से आरोपियों को कॉलेज में उपस्थित कराकर अभिलेख उपलब्ध कराने और आवश्यक कानूनी कार्रवाई किए जाने की मांग की।

कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 316(5), 324(4) और 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक सुनील कुमार दिवाकर को सौंपी गई है। पुलिस का कहना है कि जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना कार्य में तेजी प्रगणक प्रशांत ने एक ही दिन में 236 मकानों की नंबरिंग

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद चन्दौसी में जनगणना कार्य का शुभारंभ होने के साथ ही प्रगणकों ने अपने-अपने क्षेत्रों में कार्य शुरू कर दिया है। नगरपालिका अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने बताया कि जनगणना कर्मियों द्वारा पहले दिन से ही बेहतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नलकूप विभाग में कार्यरत प्रगणक प्रशांत कुमार ने एक ही दिन में 236 मकानों की नंबरिंग कर सराहनीय कार्य किया है।

अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने प्रगणक प्रशांत कुमार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी जनगणना कर्मियों को उनसे प्रेरणा लेकर जिम्मेदारी के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी के नेतृत्व में जनगणना कार्य को सफलतापूर्वक और समयबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी जनगणना कर्मी अपने-अपने निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर मकानों की नंबरिंग एवं संबंधित जानकारी अपलोड करने का कार्य कर रहे हैं। अधिशासी अधिकारी ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मी बिंदुवार तरीके से कार्य करें ताकि किसी प्रकार की त्रुटि न हो और जनगणना का कार्य सुचारु रूप से पूरा किया जा सके।

# मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज-5.0' के द्वितीय चरण के अंतर्गत शुक्रवार को जनपद सम्भल पुलिस की एंटी रोमियो टीमों द्वारा व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान महिलाओं एवं बालिक. ाओं को विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी देकर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान महिलाओं और बालिकाओं की समस्याओं के समाधान को लेकर चौपाल आयोजित कर उन्हें जागरूक किया गया। पुलिसकर्मियों ने महिलाओं को उनके अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाओं की जानकारी भी दी। अभियान के तहत एंटी रोमियो टीमों ने प्रमुख बाजारों, कस्बों, चौराहों, स्कूल-कॉलेजों, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर पहुंचकर महिलाओं व छात्राओं से संवाद किया। पुलिसकर्मियों ने उन्हें शासन एवं पुलिस विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी और हेल्पलाइन नंबरों वाले पंपलेट वितरित किए। इस दौरान वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन 102, एंबुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मोबाइल फोन में पैनिक बटन और इमरजेंसी कॉल सुविधा का डेमो भी दिखाया गया। मिशन शक्ति अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना है।

अभियान के माध्यम से महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है।

## चर्चाओं में अभिजीत

एक्स पर बैन के बावजूद कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके चुप होते दिखाई नहीं दे रहे हैं। शुक्रवार को सोशल मीडिया पेज बनाने के सात दिन बाद वह पहली ऑनलाइन पिटीशन लेकर आए हैं। इस पॉजिशन में उन्होंने नीट पेपर लीक मामले में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। इस पिटीशन में लोगों से विशेषकर युवाओं से साइन करने के लिए कह रहे हैं। ताकि सिस्टम की गलती पर सवाल उठ सकें। ऐसा कम ही होता है कि कोई व्यक्ति कुछ ही दिनों में जीरो से हीरो बनने की तरफ अपना सफर तय करे। जिस तरह अभिजीत दीपके के इस आइडिया पर फॉलोवर्स जुड़े हैं वह किसी चमत्कार से कम नहीं है। इतने फॉलोवर्स तो भाजपा व कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय राजनीति में स्थापित पार्टियों के पास भी नहीं हैं। फॉलोवर्स का यह आंकड़ा मात्र छह दिन में ही दो करोड़ के पास पहुंच गया है और यह सिलसिला बराबर जारी है। यहीं इस तस्वीर का दूसरा पहलू भी है। अभिजीत दीपके के माता-पिता अपने पुत्र की लोकप्रियता से सहमे भी दिखाई दे रहे हैं और अपने बयान में अपने पुत्र को यह नसीहत देते दिखाई दे रहे हैं कि उनको राजनीति से दूर ही रहना चाहिए। उनके माता-पिता को डर है कि कहीं उनका बेटा किसी मुसीबत में पड़ जाए। अभिजीत दीपके के पिता भगवान ने एक मराठी न्यूज चैनल को बताया कि वह अपने बेटे को राजनीति में नहीं भेजना चाहते थे। उसकी प्रसिद्धि से हमारी रातों की नींद उड़ी हुई है। भगवान ने साफ कहा कि आज का माहौल देखकर डर लगना स्वाभाविक है, अपने इंटरव्यू में वह यह कहते दिखाई दे रहे हैं कि चाहे उनके पुत्र के कितने भी फॉलोवर्स क्यों न हों। अभिजीत ने खुद भी भारत लौटने पर गिरफ्तार होने का डर जाहिर किया है। उनकी माता के भी ऐसे ही विचार हैं वह नहीं चाहती कि उनका पुत्र राजनीति में आए और किसी पचड़े में पड़े। माता के अनुसार उनका राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है और वह चाहती हैं कि उनका पुत्र कोई नौकरी कर ले। अब सवाल यह है कि अभिजीत के माता-पिता के डर को किस रूप में लिया जाए। आखिर एक लोकतांत्रिक देश में डरने की वजह क्या हो सकती है। लोकतांत्रिक देश का मतलब ही यह होता है कि जहां लोग खुलकर अपनी राय रख सकें, चाहे कोई इससे सहमत हो या असहमत। अभिव्यक्ति पहली प्राथमिकता होती है, लेकिन उसके माता-पिता का डर बता रहा है कि भले ही चाहे हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, लेकिन खुलकर अपनी आवाज को उठाना अभी भी इतना आसान नहीं है। विशेषकर सरकार को लेकर। इस तरह का वातावरण नहीं होना चाहिए और इस पर सरकार को भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उसके क्रियाकलापों से देश के भीतर किस तरह का संदेश जा रहा है।

# काला सोना या देश का हरा भविष्य ?





प्रो. आर.के. जैन

ऊर्जा और विकास की जटिल धारा में बहता सिंगरौली आज फिर सुर्खियों के शिखर पर है। यह वही क्षेत्र है जहां कोयले की परतों के नीचे आर्थिक आकांक्षाएं और पर्यावरणीय प्रश्न साथ-साथ सांस लेते हैं। 21 मई 2026 को सुप्रीम कोर्ट ने अजय दुबे की याचिका विलंब के आधार पर खारिज की, जिसमें अडानी समूह की महान एनर्जन लिमिटेड (धीरौली कोल ब्लॉक) की वन/पर्यावरण मंजूरी को चुनौती दी गई थी। यह आदेश केवल न्यायिक प्रक्रिया की औपचारिकता नहीं, बल्कि विकास की रफ्तार और नीति-स्थिरता को नई दिशा देने वाला संकेत भी है। कोयला उत्पादन के लिए प्रसिद्ध यह इलाका अब एक बार फिर राष्ट्रीय ऊर्जा विमर्श के केंद्र में मजबूती से उभर आया है, जहां भविष्य की राह अब अधिक स्पष्ट दिखाई देने लगी है।

कानूनी अनिश्चितता की परत हटते ही परियोजना के लिए स्थिरता का नया आधार तैयार हो गया है, जो बड़े निवेश और खनन गतिविधियों को गति देता है। सुप्रीम कोर्ट ने समयबद्ध न्याय व्यवस्था का महत्व स्पष्ट करते हुए कहा कि देरी से दाखिल याचिकाएं विकास की प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकतीं। इसी संदर्भ में सिंगरौली की यह परियोजना राष्ट्रीय ऊर्जा ढांचे में एक मजबूत कड़ी बनती दिखाई दे रही है। बढ़ती ऊर्जा जरूरतों के बीच यह निर्णय वर्तमान मांगों को संभालते हुए भविष्य की दिशा भी निर्धारित करता है। यह फैसला न्याय और विकास के बीच संतुलन का सशक्त उदाहरण है। ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में यह परियोजना एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। धीरौली कोल ब्लॉक की अधिकतम उत्पादन क्षमता 6.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (6.5 एमटीपीए) निर्धारित है, जिसमें मुख्य रूप से ओपन-कास्ट खनन शामिल है। इस कोयला उत्पादन से अडानी पावर की बिजली उत्पादन श्रंखला मजबूत होने की उम्मीद है। तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था और ऊर्जा की बढ़ती मांग को देखते हुए यह परियोजना बिजली आपूर्ति को स्थिर बनाए रखने, उत्पादन लागत को नियंत्रित करने और औद्योगिक विकास को गति देने में सहायक सिद्ध हो सकती है। आधुनिक खनन प्रौद्योगिकी के उपयोग से न केवल उत्पादकता बढ़ेगी बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को भी मजबूती मिलेगी।

इस परियोजना से मध्य प्रदेश में आर्थिक संभावनाओं का विस्तार होने की संभावना है। स्थानीय स्तर पर हजारों प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे, जिससे सिंगरौली और आसपास के क्षेत्रों में बेरोजगारी दर कम करने में मदद मिलेगी। छोटे-मध्यम उद्योगों, ट्रांसपोर्ट, होटल, दुकानों और सेवा क्षेत्र को नई गति मिलने की उम्मीद है। राज्य सरकार को रॉयल्टी, टैक्स और अन्य मदों से पर्याप्त राजस्व प्राप्त होगा। साथ ही सड़क, बिजली, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं के विकास को भी गति मिलेगी। विकास की दौड़ जितनी तेज हो रही है, पर्यावरणीय चेतावनी उतनी ही स्पष्ट और गंभीर स्वर में सामने खड़ी है। सिंगरौली की धरती पहले से ही कोयला खनन के दबाव तले संतुलन बनाए रखने की कोशिश करती रही है। वन भूमि का घटता दायरा, वृक्षों की कटाई और जैव विविधता पर बढ़ता संकट अब अनदेखा नहीं किया जा सकता। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि आधुनिक तकनीकों जैसे धूल नियंत्रण प्रणाली, जल पुनर्चक्रण और उन्नत प्रदूषण नियंत्रण उपकरणों का प्रभावी उपयोग किया जाए, तो पर्यावरणीय क्षति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। इसके साथ ही अनिवार्य वनरोपण, मिट्टी संरक्षण और जल स्रोतों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देना आवश्यक है। किसी भी बड़े विकास की असली कसौटी उसकी सामाजिक स्वीकार्यता और स्थानीय भागीदारी होती है। यह परियोजना भी केवल आर्थिक या तकनीकी सफलता पर नहीं, बल्कि समुदायों के समावेशन पर निर्भर करेगी। प्रभावित क्षेत्रों के हजारों परिवारों के लिए पुनर्वास और उचित मुआवजा जरूरी है। वन अधिकार अधिनियम के तहत सभी प्रक्रियाओं का पालन करते हुए उनकी आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित करनी होगी। कौशल विकास के जरिए स्थानीय युवाओं को रोजगार के लिए तैयार करना और उन्हें प्राथमिकता देना भी आवश्यक है।

जब समुदाय विकास का हिस्सा बनेगा, तभी यह परियोजना वास्तव में टिकाऊ और स्वीकार्य होगी। न्यायिक निर्णयों की दिशा में यह फैसला एक स्पष्ट संदेश छोड़ता है कि प्रक्रिया में अनावश्यक देरी विकास की गति को रोक नहीं सकती। याचिका को विलंब के आधार पर खारिज करना इस बात का संकेत है कि बड़े प्रोजेक्ट लंबे कानूनी ठहराव में नहीं फंसाए जा सकते। यह निर्णय आने वाली परियोजनाओं के लिए एक मजबूत मार्गदर्शक बनकर उभर रहा है। साथ ही यह भी अपेक्षित है कि विकास कार्य पर्यावरणीय मानकों और सामाजिक दायित्वों का सख्ती से पालन करें। कानून का वास्तविक उद्देश्य अनुमति के साथ-साथ संतुलन स्थापित करना भी है। सतत विकास आज विकास की दिशा तय करने वाला सबसे निर्णायक सिद्धांत बन चुका है।

### श्रीमुख से...

## मेहनतकशों का जीवन अति कष्टदायी बना



सरकार को बिजली संकट से आमजन को निजात दिलाने के त्वरित उपाय करने चाहिए, बिजली संकट से गरीब, मध्यम वर्ग, किसान, छोटे व्यापारी और करोड़ों मेहनतकश लोगों का जीवन अति-कष्टदायी बन गया है, उत्तर प्रदेश जैसे विशाल आबादी वाले राज्य में भीषण गर्मी के इस मौसम में बिजली की कम आपूर्ति व कटौती आदि की आम शिकायतों को लेकर लोग विभिन्न रूपों में अपना आक्रोश भी प्रकट कर रहे हैं, जिसकी चर्चा समाचार माध्यमों में भी काफी व निरन्तर रहती है, सरकार बिजली आपूर्ति सम्बंधी लोगों के कष्ट व परेशानियों को ध्यान में रखते हुए जरूरी उपाय तत्काल सुनिश्चित करे, साथ ही, नए बिजलीघर के माध्यम से भी आगे के लिए बिजली आपूर्ति की स्थिति को सुधारने का प्रयास करे तो यह व्यापक जनहित में उचित होगा।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बसपा**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क**

**पत्राचार: सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# खरीफ सीजन से पहले उर्वरक संकट बढ़ा



खरीफ सीजन के नजदीक आते ही देशभर में उर्वरकों की उपलब्धता को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है। कई राज्यों के किसान धान, मक्का, कपास और गन्ने जैसी फसलों के लिए आवश्यक उर्वरकों की समय पर आपूर्ति को लेकर परेशान हैं। भारत में कृषि करोड़ों लोगों की आजीविका का आधार है, इसलिए उर्वरकों की कमी सीधे फसल उत्पादन और खाद्य सुरक्षा को प्रभावित करती है। भारत दुनिया में उर्वरकों का सबसे बड़ा उपभोक्ता देशों में से एक है। देश में यूरिया का उत्पादन बड़े स्तर पर होता है, लेकिन मांग को पूरा करने के लिए अब भी काफी मात्रा में आयात करना पड़ता है। वहीं पोटाश की बात करें तो भारत लगभग 90 प्रतिशत पोटाश विदेशों से आयात करता है। यह अधिक आयात निर्भरता भारतीय कृषि को वैश्विक कीमतों, आपूर्ति संकट और अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों पर निर्भर बना देती है। पिछले कुछ वर्षों में ईंधन और परिवहन लागत बढ़ने के कारण अंतर्राष्ट्रीय बाजार में उर्वरकों की कीमतों में भारी वृद्धि हुई है। सरकार किसानों को 45 किलो यूरिया की बोरी लगभग घ270 की सब्सिडी दर पर उपलब्ध कराती है, लेकिन कमी के समय कई किसानों को यही बोरी काले बाजार में घ400 से घ700 तक में खरीदनी पड़ती है।

इसका सबसे अधिक असर छोटे और सीमांत किसानों पर पड़ता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीभी कई बार उर्वरकों में आयात निर्भरता कम करने और नैनो यूरिया, जैविक खाद तथा संतुलित उर्वरक उपयोग को बढ़ावा देने की बात कर चुके हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि भारत उर्वरकों के घरेलू उत्पादन को बढ़ाए और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाए, तो यह कृषि क्षेत्र के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकता है। यदि हम अभी से सही कदम उठाते हैं, तो इसका लाभ केवल खरीफ ही नहीं बल्कि रबी सीजन की फसलों को भी मिलेगा। इससे किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध होंगे, खाद्य सुरक्षा मजबूत होगी और भारतीय कृषि अधिक आत्मनिर्भर बन सकेगी।

**-साक्षी रोहिल्ला,**
**अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर**

## क्या है भारत में विद्या व विद्यार्थियों का भविष्य

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने द्वारा देश से की जा रही श्मन की बातश के 131वें एपिसोड में गत 22 फरवरी 2026 को छात्रों से श्परीक्षा पे चर्चाश की थी। अपने इस संवाद कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने छात्रों को दिए गए श्उपदेशोंश में कहा कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। शिक्षा जीवन को संवारने का एक माध्यम है, जबकि परीक्षा केवल आत्म-मूल्यांकन का जरिया है। उन्होंने छात्रों से परीक्षा को किसी बड़े बोझ या हौवे के रूप में देखने के बजाय इसे एक उत्सव की तरह मनाने की अपील की थी। पढ़ाई, आराम, शारीरिक खेलकूद और अपने शौक के बीच एक सही संतुलन बनाने को जरूरी बताया था। मोदी ने छात्रों को सलाह दी थी कि कुछ छात्र रात में पढ़ना पसंद करते हैं तो कुछ सुबह जल्दी, अपनी इसी मूल शैली पर विश्वास रखें। उन्होंने छात्रों को यह सलाह भी दी कि वे अपने मन की चिंताओं को अपने माता-पिता और परिवार के साथ खुलकर साझा करें, जिससे मानसिक तनाव कम होता है। अभिभावकों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा था कि माता-पिता को बच्चों पर उनकी इच्छा के विरुद्ध विशिष्ट करियर चुनने का दबाव नहीं बनाना चाहिए। हर बच्चा अपने आप में अनूठा होता है। इसी तरह उन्होंने शिक्षकों को भी सलाह दी कि उन्हें छात्रों की सीखने की गति को समझना चाहिए और उनके लिए ऐसे लक्ष्य तय करने चाहिए जो पहुंच में हों लेकिन जिन्हें प्राप्त करने के लिए थोड़ी मेहनत करनी पड़े। प्रधानमंत्री के उपरोक्त कथन में यह बात पूरी तरह विरोधाभासी है कि ष्अंकों से किसी की योग्यता तय नहीं होती। क्योंकि आज के दौर में एडमिशन, वरीयता सूची, श्रेणी निर्धारण आदि हर जगह अंक प्रतिशत की ही होड़ लगी हुई है। परन्तु पीएम ने इन्हीं छात्रों को कभी यह नहीं बताया कि यदि आपकी जी तोड़ मेहनतों के बाद परीक्षा के पर्चे लीक हो जाएं व परीक्षा ही स्थगित कर दी जाए तो आखिर छात्रों को ऐसे सदमे से कैसे उबरना चाहिए।

**-निर्मल रानी**

# गन्ना अधिनियम 2026 पर टिप्पणी एवं सुझाव



सुबोध कुमार राजपुर

भारत सरकार द्वारा प्रस्तावित गन्ना अधिनियम 2026 का उद्देश्य चीनी उद्योग, एथेनॉल उत्पादन तथा किसानों के भुगतान तंत्र को आधुनिक बनाना है। यह अधिनियम पुराने कानूनों में सुधार कर नई तकनीक और उद्योग की वर्तमान आवश्यकताओं के अनुसार व्यवस्था बनाने का प्रयास है हालांकि इस अधिनियम में शुगर रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण का प्रावधान किसानों के हित में पूर्ण रूप से उचित नहीं माना जा सकता।

वर्तमान समय में गन्ना केवल चीनी उत्पादन का स्रोत नहीं रह गया है बल्कि इससे एथेनॉल, बिजली उत्पादन, पेपर उद्योग के लिए अवशेष, बायो फ्यूल तथा अन्य कई बायो प्रोडक्ट भी तैयार किए जाते हैं।

यदि किसी गन्ने में शुगर रिकवरी कम होती है तो उसमें अवशेष एवं अन्य पदार्थ अधिक मात्रा में प्राप्त होते हैं। जिनका औद्योगिक उपयोग और आर्थिक मूल्य भी महत्वपूर्ण होता है। इसलिए केवल शुगर रिकवरी के आधार पर किसानों को मूल्य देना उचित नहीं है। यदि रिकवरी आधारित कानून लागू करना आवश्यक हो तो गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों और उनके आर्थिक मूल्य को भी गणना में शामिल किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त गन्ने में चीनी की रिकवरी बढ़ाने में पोटाश एवं मैग्नीशियम की सीधी और महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह भी समझना आवश्यक है कि लगभग 1000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर गन्ना उत्पादन लेने पर फसल मिट्टी से लगभग 250 किलोग्राम पोटाश ग्रहण करती है।

यदि इस 250 किलोग्राम पोटाश की कीमत बाजार में उपलब्ध मोप के आधार पर गणना की जाए तो इसकी लागत लगभग 8750 रुपये या उससे अधिक बैठती है अर्थात किसानों की भूमि में मौजूद पोषक तत्वों का उपयोग चीनी मिल मालिकों एवं उद्योगों द्वारा वर्षों से किया जाता रहा है लेकिन किसानों को उसका वास्तविक मूल्य कभी नहीं दिया गया। जब मिट्टी में पुनः पोषक तत्व डालने और उर्वरकों पर खर्च करने की बारी आती है तब रिकवरी आधारित भुगतान की बात की जाती है।



यह व्यवस्था किसानों के साथ न्यायसंगत नही कही जा सकती। बायो प्रोडक्ट उद्योग तेजी से विकसित हो रहा है। नई तकनीकों और उपयोगों के कारण गन्ने का औद्योगिक महत्व हर वर्ष बढ़ रहा है। इसलिए यह कानून स्थाई रूप से न बनाकर प्रत्एक 10 वर्ष बाद पुनः समीक्षा और संशोधन के साथ लागू किया जाना चाहिए। रिकवरी आधारित मूल्य निर्धारण किसानों के शोषण का कारण बन सकता है। वर्तमान व्यवस्था में कई मामलों में यह निर्णय उद्योगों और बाजार की आवश्यकता के अनुसार चलता है। यदि रिकवरी वास्तव में उद्योग के लिए हानिकारक होती तो देश में चीनी मिलों की संख्या लगातार ना बढ़ती और नई मिलें स्थापित करने की योजनाएं न बनती। अतः गन्ना अधिनियम 2026 बनाते समय किसानों के हितों की रक्षा, गन्ने से बनने वाले सभी उत्पादों का आर्थिक मूल्यांकन, मिट्टी की उर्वरता की वास्तविक लागत तथा उद्योग और किसानों के बीच संतुलित व्यवस्था को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

# अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले हथियारों पर लगाई रोक

■ ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण के चलते वाशिंगटन का अहम फैसला

**वाशिंगटन।** ईरान एवं अमेरिका के बीच जारी तनाव के कारण अमेरिका ने ताइवान को बेचे जाने वाले 14 अरब डॉलर के हथियारों के सौदे पर फिलहाल रोक लगा दी है।

ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन (बीबीसी) के अनुसार, अमेरिकी नौसेना के कार्यवाहक सचिव हंग काओ ने सीनेट की सुनवाई के दौरान इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि यह फैसला इसलिए लिया गया है, ताकि ईरान युद्ध के लिए अमेरिका के पास पर्याप्त गोला-बारूद सुरक्षित रहे। काओ ने स्पष्ट किया कि जैसे ही प्रशासन को सही लगेगा, विदेशी सैन्य बिक्री की इस प्रक्रिया को दोबारा शुरू कर दिया जाएगा। कार्यवाहक सचिव ने हालांकि, यह भी माना कि इस संबंध में उन्होंने अभी तक ताइवान के अधिकारियों से कोई बातचीत नहीं की है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है, जब कुछ ही दिनों पहले अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच मुलाकात हुई थी। इस बैठक के बाद ट्रम्प ने ताइवान को हथियारों की बिक्री पर कोई ठोस प्रतिबद्धता नहीं दिखाई थी। महीनों से राष्ट्रपति की मंजूरी का इंतजार कर रहे इस भारी-भरकम सुरक्षा पैकेज में लॉकहीड मार्टिन के पीएसी-3 एयर डिफेंस मिसाइल और सतह से हवा में मार करने वाली आधुनिक मिसाइल प्रणालियां शामिल हैं। दूसरी ओर, इस बड़े फैसले से ताइवान पूरी तरह अनजान नजर आ रहा है।

# भारत-साइप्रस ने संबंधों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दिया

## दोनों देशों में सहमति बनी है, साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगाः प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि साइप्रस भारत और समूचे यूरोप के बीच एक महत्वपूर्ण 'निवेश द्वार' के रूप में उभर रहा है और इसे देखते हुए हमने अपने संबंधों को साम. रिक साझेदारी में बदलकर संबंधों को सहयोग से सह-निर्माण तक,और साझेदारी से साझा समृद्धि तक ले जाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों में सहमति बनी है कि साइप्रस भारत में निवेश को दोगुना करेगा।

■ दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है: पीएम
■ भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं



उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने साइबर और समुद्री सुरक्षा तथा आतंकवाद रोधी सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया है। उन्होंने वैश्विक चुनौतियों के समाधान के लिए अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में सुधार की जरूरत पर भी बल दिया है। साथ ही भारत और साइप्रस ने शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में सहयोग बढाने के लिए भी समझौते किए हैं। दोनों पक्षों ने हिन्द प्रशांत महासागर और भारत-पश्चिम एशिया यूरोप आर्थिक गलियारे जैसी महत्वपूर्ण पहलों के माध्यम से कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने के लिए भी साथ मिलकर काम करने पर सहमति व्यक्त की है। मोदी ने भारत की तीन दिन की यात्रा पर आए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स के साथ शुक्रवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले एक दशक में, साइप्रस से भारत में निवेश बध्कर लगभग दोगुना हो गया है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच विश्वास बढ़ने और भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से तमाम नई संभावनाएं बनी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इसका लाभ उठाते हुए कि हम अगले पांच वर्षों में इस निवेश को फिर से दोगुना करने का लक्ष्य रख रहे हैं। और इस संकल्प को साकार करने के लिए, आज हम अपने विश्वसनीय संबंधों को एक रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत और साइप्रस के बीच यह साझेदारी दोनों देशों के वित्तीय और सेवाओं को जोड़कर, वाणिज्य के लिए पूंजी लाएगी। यह साइप्रस के अवसंरचना, ऊर्जा, और कृषि क्षेत्र में भारतीय कंपनियों के लिए नए अवसर प्रदान करेगी। इससे भारत के तेजी से बढ़ रहे नौवहन और समुद्री क्षेत्रों में नया निवेश भी आएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हम साइप्रस के साथ मिलकर, गिफ्ट सिटी को एक ग्लोबल फाइनैन्शल और सर्विसे हब बनाने के विघ्न को गति देंगे। और दोनों देशों के इनोवेशन और स्टार्ट-अप एकोसिस्टम के बीच कनेक्ट बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि रक्षा और सुरक्षा सहयोग भी संबंधों का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ है। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच मिलिटरी एक्सचेंज और ट्रैनिंग सहयोग बढ़े है। आज हमने साइबर सिक्युरिटी, मैरीटाइम सिक्युरिटी और काउन्टर- टेररिम सहयोग को भी और मजबूत करने का निर्णय लिया।

# शेख हसीना कानूनी प्रक्रिया से वापस लौटें: बांग्लादेश

**ढाका।** बांग्लादेश के गृह मंत्री सलाहुद्दीन अहमद ने कहा है कि सरकार पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना को कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहती है। यह टिप्पणी हसीना की हालिया बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने मृत्युदंड का सामना करने के बावजूद बहुत जल्द घर लौटने की उम्मीद जताई थी। हसीना अगस्त 2024 से भारत में रह रही हैं, जब छात्र-नेतृत्व वाले विद्रोह के बाद उनकी अवामी लीग सरकार को गिरा दिया गया था। अहमद ने पत्रकारों से कहा, हम उन्हें कानूनी प्रक्रियाओं के माध्यम से वापस लाना चाहते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें हसीना की वापसी में कोई कानूनी बाधा नहीं दिखती, यदि वह ऐसा करना चाहें। हसीना को नवम्बर 2025 में एक न्यायाधिकरण द्वारा अनुपस्थिति में मृत्युदंड सुनाया गया था, जिसकी उनके समर्थकों ने आलोचना की थी। गृह मंत्री अहमद की यह टिप्पणी प्रधानमंत्री तारिक रहमान के सूचना मामलों के सलाहकार जाहेदुर रहमान के बयान के एक दिन बाद आई है। जाहेदुर रहमान ने कहा था कि यदि हसीना बांग्लादेश लौटती हैं तो उनके खिलाफ कोई अतिरिक्त-न्यायिक उपाय नहीं किए जाएंगे। हालांकि, उन्होंने स्पष्ट किया कि पूर्व प्रधानमंत्री को न्यायपालिका के सामने आत्मसमर्पण करना होगा।

# होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों से फीस वसूलेगा ईरान

## ओमान के साथ पेमेंट सिस्टम पर बातचीत जारी, होर्मुज स्ट्रेट के मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया की सीमा तय कर दी है: पीजीएसए

**तेहरान।** ईरान और ओमान होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर फीस वसूली के सिस्टम को लेकर बातचीत कर रहे हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक ईरान की नई बनाई गई पर्सियन गल्फ स्ट्रेट अथॉरिटी (पीजीएसए) ने कहा कि उसने होर्मुज स्ट्रेट के 'मैनेजमेंट सुपरविजन एरिया' की सीमा तय कर दी है। अथारिटी के मुताबिक, यहां से गुजरने के लिए परमिट जरूरी होगा। फरवरी में अमे. रिकी और इजरायली हमलों के बाद ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल ट्रैफिक लगभग रोक दिया था। इससे अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग प्रभावित हुई और ऊर्जा कीमतों में तेजी आई। इसके बाद ईरानी अधिकारियों ने इस जलमार्ग से राजस्व जुटाने के विकल्पों पर चर्चा शुरू की।

दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है। ऐसे में यहां किसी भी तरह के शुल्क या प्रतिबंध का असर वैश्विक ऊर्जा बाजार और शिपिंग पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस माडल पर काम कर रहा है। इसमें जहाजों से ट्रांजिट फीस, पर्यावरण शुल्क और अन्य सेवाओं के नाम पर रकम ली जा सकती है। दो ईरानी अधिकारियों के मुताबिक ओमान अब इस प्रस्ताव में संभावित आर्थिक फायदे देखते हुए हिस्सेदारी पर चर्चा कर रहा है। ओमान खाड़ी देशों और अमेरिका के साथ इस योजना को आगे बढ़ाने की को. शिश कर सकता है। अमेरिका की धमकियों के बीच ईरान ने दावा किया कि उसके पास कई आधुनिक और अनटेस्टेड हथियार मौजूद हैं। ईरानी सैन्य सूत्रों ने कहा कि अगली बार हमला हुआ, तो जवाब बिना किसी संयम के दिया जाएगा। ईरान युद्ध और सप्लाई संकट की आशंका के बीच ब्रेंट क्रूड 105 डालर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनाव और अमेरिकी तेल भंडार में गिरावट से बाजार में चिंता बढ़ी है। ईरान ने अमेरिका और इजरायल के हमले को संयुक्त राष्ट्र चार्टर का स्पष्ट उल्लंघन बताया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने जर्मन राष्ट्रपति फैंक-वाल्टर स्टाइनमायर को संबोधित सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि किसी भी संप्रभु देश पर हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। बघाई ने कहा कि फरवरी के अंत में ईरान पर हुआ अमेरिका-इजरायल हमला और उसके बाद का युद्ध संयुक्त राष्ट्र चार्टर का खुला उल्लंघन है। उनके मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र चार्टर किसी भी देश को मनमाने तरीके से दूसरे संप्रभु राष्ट्र पर बल प्रयोग का अधिकार नहीं देता। उन्होंने कहा कि संयुक्त राष्ट्र चार्टर में 'आवश्यक युद्ध' जैसी किसी अवधारणा को मान्यता नहीं दी गई है और अमेरिका अपने 'मनमाने और आक्रामक फैसलों' के आधार पर किसी अन्य देश पर हमला करने का अधिकार नहीं ले सकता। ईरानी प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका-इजरायल हमले को केवल 'अनावश्यक युद्ध' कहकर कमतर नहीं आंका जा सकता। उन्होंने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुच्छेद 2(4) का स्पष्ट उल्लंघन और 'संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई' बताया। बघाई ने कहा कि जो देश कानून के शासन और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का सम्मान करते हैं, उन्हें इस हमले की स्पष्ट निंदा करनी चाहिए और जवाबदेही तय करने की मांग करनी चाहिए। ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स (आईआरजीसी) नौसेना ने दावा किया है कि पिछले 24 घंटों में 35 जहाज, जिनमें तेल टैंकर और कंटेनर पोत शामिल हैं, होर्मुज स्ट्रेट से गुजरे। आईआरजीसी ने कहा कि यह आवाजाही उसकी अनुमति और समन्वय से हुई।



■ दुनिया के करीब 20 प्रतिशत समुद्री तेल और प्राकृतिक गैस की सप्लाई होर्मुज स्ट्रेट से गुजरती है
■ ईरान सीधे टोल लगाने के बजाय सर्विस फीस मॉडल पर काम कर रहा है

## होर्मुज में शुल्क लगाने की व्यवस्था को स्वीकार न करे विश्व समुदायः अमेरिका

**हेल्सिंगबर्ग (स्वीडन)।** अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने शुक्रवार को कहा कि संघर्ष रोकने के लिए ईरान के साथ जारी बातचीत में थोड़ी प्रगति हुई है। हालांकि, उन्होंने एक बार फिर उत्तरी अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के सहयोगियों के रुख नारा. जगी जताई। रुबियो ने स्वीडन में नाटो के सदस्य देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान पत्रकारों से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने कहा, वार्ता में मामूली प्रगति हुई है। उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की नाटो सहयोगियों के रुख को लेकर निराश हैं। हेलसिंगबर्ग में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान रुबियो ने कुछ मामूली प्रगति हुई है। मैं इसे बढ़ा-चढ़ाकर नहीं बताना चाहता। थोड़ी हलचल जरूर हुई है और यह अच्छी बात है। अमेरिका की मुख्य रणनीतिक मांगों पर रुबियो ने कहा कि वाशिंगटन का रुख अब भी साफ है। अमेरिका चाहता है कि तेहरान अपनी परमाणु महत्वकांक्षाएं रोके और बिना बाधा के समुद्री मार्गों पर आवाजाही जारी रहे।



**वाराणसी। बकरीद (ईद-उल-अज़हा) के त्योहार से पहले पशु बाजार में बकरा खरीदने के बाद उसको गोद में उठाकर ले जाता एक बच्चा।**

# हमजा बुरहान की हत्या का आरोपी हथियार समेत गिरफ्तार

■ दो संदिग्ध फरार पुलवामा हमले में शामिल था बुरहान, इस्लामाबाद में दफनाया गया

**इस्लामाबाद।** पुलवामा हमले में शामिल आतंकी हमजा बुरहान की हत्या के मामले में मुजफ्फराबाद के काउंटर टेररिज्म डिपार्टमेंट (सीटीडी) ने अब्दुल्ला कमाल नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है।

अब्दुल्ला कमाल पाकिस्तान के वाह कैंट का रहने वाला है। कार्रवाई के दौरान आरोपी के पास से हथियार भी बरामद किया गया। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि हत्या में इसी हथियार का इस्तेमाल हुआ था या नहीं। दो अन्य संदिग्ध मौके से भाग निकले। आरोपी अब्दुल्ला कमाल की फोटो भी सामने आई है। हमजा बुरहान 2019 के पुलवामा आतंकी हमले में शामिल था। जिसमें सीआरपीएफ काफिले पर आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें 40 जवान शहीद हुए थे। हमजा बुरहान को इस्लामाबाद के फातिमा स्कूल में दफनाया गया। भारत ने 2022 में उसे यूएपीए के तहत आतंकी घोषित किया था। वह अबू दुजाना, अबू कासिम, बुरहान वानी और जाकिर मूसा का करीबी सहयोगी माना जाता था। उसके पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी करीबी संबंध थे। सरकार के मुताबिक, अर्जुमंद गुलजार डार उर्फ हमजा बुरहान उर्फ डाक्टर पुलवामा के रत्नीपोरा इलाके का रहने वाला था। 23 साल का हमजा, आतंकी संगठन अल बद्र से जुड़ा हुआ था। अल बद्र को सरकार ने आतंकवादी संगठन घोषित किया हुआ है। वह कानूनी तरीके से पाकिस्तान गया था। वहां जाकर वह अल बद्र में शामिल हो गया और बाद में संगठन का सक्रिय आतंकी और कमांडर बन गया।

# ईरान कर सकता है अचानक इजरायल पर हमला

■ अमेरिका-ईरान के बीच सीजफायर को लेकर चल रही बातचीत के बीच खौफ में नेतन्याहू


**तेल अवीव।** इजरायल को अंदेशा है कि ईरान उस पर और खाड़ी देशों पर अचानक मिसाइल और ड्रोन से हमला कर सकता है। यह डर ऐसे समय में जताया गया है जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर पर्दे के पीछे बातचीत चल रही है।

'जेरूसलम पोस्ट' की एक रिपोर्ट के अनुसार, खुफिया अधिका. रियों ने इस संभावित खतरे की जानकारी दी है। इस खतरे को देखते हुए इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज और वरिष्ठ सैन्य अधिका. रियों ने सुरक्षा हालात की समीक्षा की है। सुरक्षा अधिकारियों का मानना है कि ईरान कूटनीतिक कोशिशों के पूरी तरह नाकाम होने से पहले ही हमला करने की कोशिश कर सकता है। अधिकारियों ने इस संभावित हमले की तुलना 'ऑपरेशन एपिक फ्यूरी' और 'ऑपरेशन रोरिंग लायन' के शुरुआती चरणों से की है। वहीं रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के बीच कुछ मतभेदों की खबरें भी आई हैं। इसके बावजूद, दोनों देशों की सेनाएं किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। इजरायली वायुसेना और आईडीएफ के अधिकारी अमेरिकी सैन्य अधिका. रियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वे ईरान की संदिग्ध सैन्य गति. विधियों पर नजर रखने के लिए खुफिया जानकारी साझा कर रहे हैं। लेफ्टिनेंट जनरल ईयाल जमीर लगातार अमेरिकी अधिकारियों के संपर्क में हैं ताकि हमले की स्थिति में मिलकर जवाब दिया जा सके। पिछले एक महीने में अमेरिका से इजरायल आने वाले सैन्य सामान की सप्लाई में काफी तेजी आई है। दोनों देशों ने मिलकर मिसाइलों को रोकने वाले सिस्टम, तकनीक और साफ्टवेयर को और भी बेहतर बनाया है। श्वल्लाश की एक रिपोर्ट के अनुसार, खतरों की पहचान करने और उन्हें हवा में ही नष्ट करने की क्षमता को बढ़ाने के लिए एक व्यापक समीक्षा की गई है।

# होंडुरास में छह पुलिसकर्मियों समेत 25 लोगों की हत्या


**ट्रूजिलो नगर।** मध्य अमेरिकी देश होंडुरास से एक बेहद खौफनाक और दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। यहां हथियारबंद बदमाशों ने दो अलग-अलग जगहों पर अंधाधुंध गोलीबारी की है। इस भयानक हमले में कम से कम 25 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई है। मरने वालों में पुलिस के छह जवान भी शामिल हैं। इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। यह खूनी खेल गुरुवार को होंडुरास के तटीय इलाकों में खेला गया। अधिकारियों के मुताबिक, पहला हमला उत्तरी होंडुरास के ट्रूजिलो नगर पालिका क्षेत्र के एक बागान में हुआ। यहां काम कर रहे कम से कम 19 मजदूरों को गोलियों से भून दिया गया। इसके बाद दूसरा हमला ग्वाटेमाला सीमा के पास ओमोआ इलाके में हुआ, जहां बदमाशों ने पुलिस टीम पर घात लगाकर हमला कर दिया। इस हमले में एक वरिष्ठ अधिकारी समेत छह पुलिसकर्मियों की जान चली गई। ट्रूजिलो का इलाका प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर है और यहां दशकों से जमीन और खेती को लेकर खूनी संघर्ष चलता आ रहा है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ




पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

RADHA KRISHNA SR. SEC. PUBLIC SCHOOL, AMROHA
Affiliated to CBSE Delhi | Affiliation No. : 2130347
HIGHLIGHTS OF CBSE RESULT CLASS X & XII (2025-26)
Our Achievers
CLASS X



Raghav Rajput 98%, Arpit Mathur 97%, Hasnain Ali 94%, Priyanshi Chaudhary 93%, Lakshaya Kaushik 92%
Ramansh Tyagi 91%, Ahil Ali 91%, Ishmita Singh 90%, Prashant Kumar 90%

CLASS XII



Kanika Saini 96% Commerce, Daksh Kumar 96% Science, Mayank Chaudhary 93% Science, Jatin rana 93% Science, Shraiyanshi Trivedi 92% Science, Siiya Gera 92% Commerce
Tushar Sirohi 92% Science, Anishant 92% Science, Kartik Chauhan 92% Science, Shivi Agarwal 91% Commerce, Amrita 91% Humanities

CLASS XII ACHIEVERS
Student's Scored 90+ in English
Shreyanshi (99), Dhairya Agarwal (96)
Dhairya Chaudhary (96), Jatin Rana (95)
Kanika Saini (95), Mayank Chaudhary (94)
Siya Gera (94), Zaib Noor (94), Aryan Kumar (92)
Emira Hashmi (92), Fareha (92), Kartik Chauhan (92)
Anushka Verma (92), Amrita (92), Sabiha (91), Tushar (91)
Anshika Yadav (90), Parth Saxena (90), Daksh Kumar (90)
Student's Scored 90+ in Maths
Anishant (92), Kartik Chauhan (91)
Student's Scored 90+ in Accountancy
Kanika Saini (96), Shivi Agarwal (95)
Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in B. Studies
Kanika Saini (96), Siya Gera (94)
Student's Scored 90+ in IP
Jatin Rana (99), Kanika Saini (94)
Vedant Gupta (94)
Aryan Kumar (91)
Student's Scored 90+ in Chemistry
Jatin Rana (97), Kartik Chauhan (95)
Mayank Choudhary (95),
Tushar Sirohi (95), Daksh Kumar (93)
Student's Scored 90+ in Biology
Daksh Kumar (99),
Address : Kailsa Road Amroha - 244221 (U.P.) Call : 09837097452, 09837127111
E-Mail : rkpschool@gmail.com https://www.facebook.com/RkpsSchoolAmroha www.rkpschool.com